माघ कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

बरेली
शनिवार, 3 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 77, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

पूछ के समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज 14

देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है गाना दुआ 13




## भाजपा सांसद रीता बहुगुणा को छह माह की सजा

**लखनऊ।** वर्ष 2012 में कांग्रेस पार्टी की ओर से विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन कर मीटिंग करने की आरोपी मौजूदा भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी को एमपी-एमएलए कोर्ट ने छह माह के कारावास व 11 सौ रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से अदालत को बताया गया कि 17 फरवरी 2012 को शाम करीब 6:50 बजे (प्रचार का समय समाप्त होने के बाद) रीता बहुगुणा जोशी लखनऊ विधानसभा कैंट क्षेत्र की प्रत्याशी की हैसियत से कृष्णा नगर के बजरंग नगर क्षेत्र में आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए जनसभा कर रही थीं। स्टेटिक सर्विलांस मजिस्ट्रेट मुकेश चतुर्वेदी ने मौके पर जाकर देखा तो करीब 50 लोगों की भीड़ के साथ बजरंग नगर में सड़क पर रीता जोशी मीटिंग कर रही थीं। मुकेश चतुर्वेदी द्वारा कृष्णा नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

▸▸ **आचार संहिता उल्लंघन का मामला**

## खुदरा बाजार में 29 रुपये किलो चावल बेचेगी सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार आम आदमी को राहत देने के लिए अगले सप्ताह से खुदरा बाजार में 'भारत चावल' 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचेगी। साथ ही व्यापारियों को चावल के भंडारण का खुलासा करने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने कीमतों को नियंत्रित करने के अपने प्रयासों के तहत ये कदम उठाए हैं। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि विभिन्न किस्मों के निर्यात पर पाबंदियों के बावजूद पिछले एक साल में चावल की खुदरा और थोक कीमतों में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने दो सहकारी समितियों भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के साथ-साथ केंद्रीय भंडार के जरिए खुदरा बाजार में रियायत वाले 'भारत चावल' को 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचने का फैसला किया है।' ई-वाणिज्य मंच भी भारत चावल बेचेंगे।

▸▸ **कारोबारियों को पोर्टल पर भंडारण का खुलासा करने को कहा गया**




# ज्ञानवापी : हाईकोर्ट का व्यास जी के तहखाने में पूजा पर रोक से इनकार

### मुस्लिम पक्ष को फिलहाल राहत नहीं, 6 फरवरी को फिर होगी मामले में सुनवाई

### अदालत ने राज्य सरकार को दिया क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर तलगृह (व्यास जी का तहखाना) में पूजा की अनुमति देने के वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद प्रबंधन समिति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से शुक्रवार को फिलहाल कोई फौरी राहत नहीं मिली।

समिति ने गुरुवार को दायर अपने आवेदन में 31 जनवरी की स्थिति को बहाल करने का अनुरोध किया था। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख छह फरवरी तय की है। इस दौरान आवेदन पर नए सिरे से सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने समिति के वकील से कहा कि वे पहले निचली अदालत के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती दें जिसमें वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को रिसीवर नियुक्त किया गया था और उन्होंने 23 जनवरी को ज्ञानवापी परिसर का कब्जा ले लिया था। कोर्ट ने राज्य सरकार को इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता अजय कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है और वाराणसी के जिलाधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। कोर्ट ने कमेटी के वकील सैयद अहमद फैजान से पूछा कि 17 जनवरी के मूल आदेश को चुनौती क्यों नहीं दी गई। वकील ने कहा कि उन्होंने 31 जनवरी को पारित आदेश के कारण अदालत का दरवाजा खटखटाया क्योंकि डीएम ने उसी रात तैयारी की और नौ घंटे के भीतर पूजा शुरू कर दी गई। उन्होने कहा कि वे मूल आदेश को भी चुनौती देंगे। अदालत ने कहा कि वादी पक्ष की ओर से इस आधार पर अपील की पोषणीयता पर प्रारंभिक आपत्ति उठाई गई है कि मूल आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। गौरतलब है कि वाराणसी जिला कोर्ट ने वाराणसी डीएम को ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर स्थित तलगृह के अंदर विराजमान मूर्तियों की पूजा की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

### वाराणसी की अदालत ने जल्दबाजी में फैसला सुनाया

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने शुक्रवार को दावा किया कि वाराणसी जिला अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर में स्थित तहखाने में पूजा करने की अनुमति देने संबंधी फैसला जल्दबाजी में सुनाया है और कहा कि वह न्याय पाने के लिए इस मामले को उच्चतम न्यायालय तक ले जाएगा। मुस्लिम संगठनों ने यह भी कहा कि देश में उत्पन्न होने वाले विवादों को रोकने के लिए पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को अक्षरशः लागू किया जाना चाहिए। बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि मस्जिद में पूजा की अनुमति देने से न केवल मुसलमानों को बल्कि धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखने वाले अन्य धर्मों के लोगों को भी दुख हुआ है। कहा कि यह धारणा गलत है कि मस्जिद बनाने के लिए मंदिर को तोड़ा गया था। रहमानी ने कहा कि अदालत ने मुस्लिम पक्ष को विस्तार से दलीलें रखने का मौका नहीं दिया।



नई दिल्ली में प्रेसवार्ता करते मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारी।

### जुमे पर पहले की तुलना में दोगुना नमाजी पहुंचे

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार मिलने के बाद शुक्रवार (जुमा) को बड़ी संख्या में नमाजी ज्ञानवापी पहुंच गए। इतनी बड़ी संख्या में नमाजियों के पहुंचने पर पुलिस को उन्हें वापस भेजना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा लोग नमाज पढ़ने पहुंचे। कोर्ट के आदेश के मद्देनजर ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में पूजा शुरू होने के बाद, जुमे की नमाज के मौके पर जिले में हाई अलर्ट घोषित किया गया था।

**तहखाना देखने के लिए भी लग रही श्रद्धालुओं की लंबी कतार :** वाराणसी। काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालु ज्ञानवापी परिसर में स्थित तहखाने को देखने के लिए भी कतार में लग रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर के पीआरओ पीयूष तिवारी ने बताया कि श्रद्धालु तहखाने में पूजा करने के लिए उत्साहित हैं। फिलहाल, जिला प्रशासन के निर्देश पर हमने झांकी दर्शन कराने की व्यवस्था की है। तिवारी ने कहा कि व्यवस्था के तहत काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद बाहर निकलने वाले श्रद्धालु मस्जिद परिसर की सीमा पर लगाए गए अवरोधकों के पास से एक झरोखे से तहखाने को देख सकते हैं। पहले यह क्षेत्र टिन की चादरों से ढका हुआ था।

## चंपाई सोरेन ने झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

▸▸ **कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता बने मंत्री**

रांची, एजेंसी

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन ने उन्हें यहां राजभवन में पद की शपथ ग्रहण कराई।

चंपाई सोरेन के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। आदिवासी नेता चंपाई सोरेन (67) राज्य के 12वें मुख्यमंत्री हैं। वह झारखंड के कोल्हान क्षेत्र से छठे मुख्यमंत्री हैं। कोल्हान क्षेत्र में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले शामिल हैं। चंपाई सोरेन को राज्यपाल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री नियुक्त किया था। चंपाई सोरेन ने शपथ लेने के बाद कहा कि हम हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे। प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम आदिवासियों और अन्य लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए 'जल, जंगल, जमीन' की लड़ाई जारी रखेंगे।



### पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड की एक विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को पांच दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। अधिवक्ताओं ने यह जानकारी दी। ईडी ने गुरुवार को सोरेन को दस दिन की हिरासत में देने का अनुरोध किया था। तब अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सोरेन को धन शोधन मामले में ईडी ने सात घंटे तक पूछताछ के बाद 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था।

### गठबंधन के विधायक हैदराबाद पहुंचे

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपाई सोरेन के राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ देर बाद झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायक विमान से हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। सत्तारूढ़ गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विधायकों को कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में स्थानांतरित करने का निर्णय यह देखते हुए लिया गया कि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें लुभाने की कोशिश कर सकती है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि बहुमत साबित करने के लिए हमें 10 दिन का समय दिया गया है। हम इस दौरान कोई जोखिम नहीं उठा सकते। गठबंधन के मुख्य घटक कांग्रेस के विधायक बन्ना गुप्ता ने कहा कि गठबंधन के 38 विधायकों ने हैदराबाद के लिए उड़ान भरी।

### शीर्ष कोर्ट ने हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट जाने को कहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झटका देते हुए धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को लेकर हस्तक्षेप करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और उन्हें उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी से राहत के लिए उच्च न्यायालय जाने को कहा। सिब्बल ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में इस अदालत को एक संदेश भेजने की जरूरत होती है। यह एक मुख्यमंत्री से जुड़ा मामला है, जिसे गिरफ्तार किया गया है।

## एक नजर

### न्यायमूर्ति अरुण भंसाली बने हाईकोर्ट के सीजे



**प्रयागराज।** राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अरुण भंसाली को इलाहाबाद हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश (सीजे) नियुक्त किया गया है। इस संदर्भ में केंद्र सरकार ने 2 फरवरी को अधिसूचना जारी की है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 27 दिसंबर 2023 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति अरुण भंसाली के नाम की सिफारिश की थी।

### असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध को आएगा बिल

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि सरकार राज्य में बहुविवाह प्रथा को समाप्त करने के लिए विधानसभा के बजट सत्र में एक विधेयक लाएगी। जिसका मसौदे की अभी कानून विभाग जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए हम बजट सत्र में कानून लाने की तैयारी कर रहे हैं।

## हाईकमान पहुंचा कासगंज में भाजपा नेताओं के बीच फायरिंग का मामला

संवाददाता, कासगंज

▸▸ **अनीता लोधी ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिख आरोपियों पर कार्रवाई की मांग उठाई**

▸▸ **टिकट की रार को लेकर जिले में भाजपा नेताओं के बीच की गुटबाजी चर्चा में आई**

**अमृत विचार :** लोकसभा टिकट की रार को लेकर कासगंज में भाजपा नेताओं के दो गुटों के बीच फायरिंग का मामला हाईकमान तक पहुंच गया है। सांसद के समर्थक की तहरीर पर डिबाई की पूर्व विधायक अनीता लोधी और समर्थकों पर एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला और गरमा गया है।

पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। एटा जिले के एक विधायक और कासगंज से एक पूर्व विधायक अनीता के पक्ष में हैं। दोनों भाजपा नेता मामले में पैरवी कर रहे हैं। हालांकि ये नेता खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। अनीता लोधी का कहना है कि मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है और उनसे मुलाकात करने जा रही हूं।

कासगंज पुलिस ने भी पक्षपात किया है। एक तरफ मैंने शाम चार बजे ही पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और मेरी ओर दिए गए प्रार्थना पत्र पर एफआईआर नहीं हुई। दूसरे पक्ष की तहरीर पर मेरे और मेरे समर्थकों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई। यह न्याय संगत नहीं है। गुरुवार की दोपहर बुलंदशहर जिले के डिबाई की पूर्व विधायक अनीता लोधी अपने समर्थकों के साथ कासगंज आई थीं। आरोप है कि एपीएस लिखी एक स्कार्पियो कार आई। सफेद की रंग की इस कार से कुछ अराजक तत्व उतरे और अनीता लोधी के काफिले के आगे गाड़ी को आड़ा तिरछा करके लगा दिया और हवाई फायरिंग की। इससे डिबाई की पूर्व विधायक घबरा गईं। सरकारी सुरक्षा कर्मियों के अलावा निजी सुरक्षा कर्मियों ने मोर्चा संभाला, तब उनकी जान बची। वहीं, दूसरे पक्ष के भाजपा नेताओं ने भी अनीता लोधी एवं उनके समर्थकों पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। इस प्रकरण में पुलिस ने अनीता लोधी समेत उनके कई समर्थकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

### केजरीवाल, आतिशी के आवास पर पहुंची पुलिस

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के कुछ विधायकों की खरीद-फरोख्त करने का प्रयास करने संबंधी अरविंद केजरीवाल और मंत्रिमंडल में उनकी सहयोगी आतिशी के दावे की जांच के सिलसिले में उन्हें नोटिस तामील करने दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम शुक्रवार को दोनों नेताओं के आधिकारिक आवास पर गई। हालांकि दिल्ली पुलिस 'आप' के दोनों नेताओं को नोटिस नहीं सौंप सकी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, टीम उन्हें नोटिस देने के लिए शनिवार को फिर से उनके आवास पर जाएंगी। यह घटनाक्रम भाजपा की दिल्ली इकाई द्वारा इस मामले में दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को शिकायत सौंपने के कुछ दिनों बाद हुआ है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि केजरीवाल को नोटिस दिया गया, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया।

### जगदगुरु रामभद्राचार्य की तबीयत बिगड़ी

**आगरा।** जगदगुरु रामभद्राचार्य की शुक्रवार सुबह तबीयत बिगड़ने पर आगरा के पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात में एयर एंबुलेंस के जरिए देहरादून ले जाया गया। उन्हें वहां सिनर्जी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पूर्व में भी उनकी इसी हॉस्पिटल में देखभाल होती रही है। शिष्यों के जोर देने पर उन्हें यहां से देहरादून शिफ्ट किया गया। हाथरस में रामकथा कह रहे जगदगुरु रामभद्राचार्य की सुबह तबीयत बिगड़ गई थी। सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें आगरा के पुष्पांजलि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की टीम तुरंत उनके इलाज में जुट गई। कुछ देर के लिए उन्हें ऑक्सीजन भी दी गई। कई जांच की गईं, जिनमें उनके सीने में संक्रमण का पता चला। डॉक्टरों ने आईसीयू में पूरी तरह अपनी निगरानी में रखा और जांच के बाद उनकी हालत को खतरे से बाहर बताया। मेडिकल ऑफिसर डॉ. राकेश शर्मा और डॉ. नवनीत शर्मा अपने सहयोगियों के साथ उपचार में जुटे रहे।



▸▸ **एयर एंबुलेंस से ले जाया गया देहरादून**

▸▸ **चिकित्सकों ने हालत खतरे से बाहर बताई**

## कोटा में बीटेक कर रहे गोंडा जिले के छात्र ने फंदा लगाकर जान दी

कोटा, एजेंसी

राजस्थान के कोटा में बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र नूर मोहम्मद (27) ने अपने पीजी (पेइंग गेस्ट) के कमरे में छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। वह उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले का रहने वाला था।



पुलिस के अनुसार छात्र का शव गुरुवार की रात विज्ञान नगर इलाके में स्थित पीजी के उसके कमरे से बरामद किया गया। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। दो सप्ताह में कोटा में यह तीसरी आत्महत्या है। पुलिस के मुताबिक, नूर मोहम्मद चेन्नई की एसआरएम यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था और यहां पेइंग गेस्ट के तौर पर रहता था। विज्ञान नगर के पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि मोहम्मद ने 2016 से 2019 तक प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए कोटा के कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई की और एसआरएम विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के बाद वह अपने कोटा के पीजी से ऑनलाइन कक्षाएं लेता था। सिंह ने बताया कि उसने बुधवार को छत में लगे पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। धर्मवीर सिंह ने बताया कि मेस के एक लड़के ने गुरुवार की शाम को मोहम्मद के कमरे के बाहर एक टिफिन बॉक्स देखा और पीजी मालिक को सूचित किया।

**बीते साल 26 छात्रों ने की थी आत्महत्या :** बीते आठ दिनों में कोटा में तीन विद्यार्थी आत्महत्या कर चुके हैं। 29 जनवरी को जेईई परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय निहारिका सिंह ने, जबकि 23 जनवरी को, 19 वर्षीय मोहम्मद जैद ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। पिछले साल कोटा में 26 छात्रों ने आत्महत्या की थी। कोटा में देश भर से बच्चे शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं।

## पानी निकासी को खोदा गड्ढा उसी में डूबने से बेटे की मौत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ **पिता को दर्द कि उसी के खोदे गड्ढे में चली गई बेटे की जान**

▸▸ **दो बहनों में इकलौता था मानस परिजनों का रोने से बुरा हाल**

**अमृत विचार:** गुप्ता कालोनी क्षेत्र के गांव पुनर्भूग्रंट निवासी श्रवण कुमार ने पानी की निकासी के लिए अपने मकान के आगे करीब ढाई फिट गहरा गड्ढा खोदा था, ताकि घर से पानी की निकासी सही से होती रहे लेकिन शुक्रवार सुबह उसी गड्ढे में डूबने से श्रवण कुमार के डेढ़ वर्षीय बेटे मानस की मौत हो गई।

हृदय विदारक घटना ने श्रवण कुमार को झकझोर दिया है। श्रवण कुमार को सबसे ज्यादा यही बात कचोट रही है कि उसी के खोदे गड्ढे में उसके इकलौते पुत्र की जान चली गई। मां-बाप के साथ बड़ी दोनों बहनें भी रो-रोकर बेहाल हैं। डेढ़ वर्षीय मानस शुक्रवार की सुबह घर के बाहर खेल रहा था। तभी वह घर के बाहर पानी भरे गड्ढे में गिर गया और उसकी मौत हो गई। कुछ देर बाद अन्य बच्चों ने उसे गड्ढे के पानी में पड़े देखा तो शोर मचाया। परिवार के लोग दौड़कर पहुंचे और बच्चे को गड्ढे से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। बेटे की मौत के बाद श्रवण रोते हुए कह रहा था कि उसे नहीं मालूम था कि पानी निकासी के लिए वह जिस गड्ढे को खोद रहा है, वह एक दिन उसके बेटे की मौत का कारण बन जाएगा। गांव पुनर्भूग्रंट में पक्की नालियां नहीं हैं।

### विधि आयोग की सिफारिश

### कानून में बरकरार रहे आपराधिक मानहानि

**नई दिल्ली।** विधि आयोग ने सिफारिश की है कि आपराधिक मानहानि को भारत में एक अपराध के रूप में आपराधिक कानूनों में बरकरार रखा जाना चाहिए। आपराधिक मानहानि कानून पर अपनी रिपोर्ट में, आयोग ने कहा कि इस बात को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है कि प्रतिष्ठा का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आता है, और जीवन तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का एक पहलू होने के नाते, इसे मानहानिकारक भाषण और आरोपों के खिलाफ पर्याप्त रूप से संरक्षित करने की आवश्यकता है। आयोग ने कहा कि प्रतिष्ठा एक ऐसी चीज है, जिसे देखा नहीं जा सकता, केवल अर्जित किया जा सकता है। यह एक ऐसी संपत्ति है, जो पूरे जीवनकाल में बनती है।

## हंगामें के बीच शुरू हुआ विधानसभा का बजट सत्र

### विपक्ष की नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने पढ़ा अभिभाषण, रामनामी पटका धारण कर पहुंचे एनडीए के विधायकों ने किया जयश्रीराम का उद्घोष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विपक्षी विधायकों के हंगामें के बीच शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत हुई। मुख्यपमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रामनामी पटका धारण कर विधानसभा में प्रवेश करते ही एनडीए विधायकों ने जय श्रीराम का उद्घोष किया। इसके बाद जैसे ही संयुक्त सदन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का अभिभाषण शुरू हुआ, विपक्षी सदस्य राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगाने लगे। भारी शोर और नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने अपना अभिभाषण जारी रखा, उनका फोकस सरकार की उपलब्धियों समेत राम मंदिर पर था। कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर की स्थापना देश के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है। सत्र शुरू होने से पहले ही शुक्रवार सुबह सपा विधायकों ने सरकार विरोधी नारे लिखे बैनर और तख्तियां लेकर सदन के गेट पर प्रदर्शन किया। अभिभाषण देने आईं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को स्पीकर सतीश महाना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह सदन तक ले गए। इस दौरान सपा विधायक सरकार विरोधी नारे लिखे बैनर और तख्ती लहराते हुए लगातार राज्यपाल गो बैक के नारे लगाते हुए वेल में आ गए। मुख्यनमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायकों से चर्चा में सकारात्मक रूप से भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि सर्वदलीय बैठक और एडवाइजरी कमेटी की बैठक में तय कार्ययोजना के अनुसार सरकार ने तैयारी की है।



बजट सत्र के मौके पर विधानसभा परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी।

### आधी आबादी को विस - संसद पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा के शक्ति वंदन अभियान में कहा कि अब शक्ति वंदन अधिनियम के बाद कोई भी राजनीतिक दल महिलाओं को विधानसभा और देश की संसद में पहुंचने से नहीं रोक सकता है। प्रधानमंत्री जनधन खाता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, जीवन ज्योति बीमा योजना समेत तमाम योजनाएं आधी आबादी के सम्मान को दर्शाती हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 17 लाख बेटियां जुड़ी हैं जबकि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 3 लाख से अधिक बेटियों का दहेज मुक्त विवाह संपन्न हुआ है। बेटियों की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया गया, इससे महिला संबंधी अपराध को कम करने में सफलता मिली है।

**अखिलेश की ब्रेकिंग**

**मोदी को छोड़ सभी का टिकट काटेगी भाजपा :** विधानसभा भवन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अभी-अभी मुझे ब्रेकिंग मिली है कि भाजपा केवल एक सीट (नरेंद्र मोदी की वाराणसी) को छोड़कर अपने सांसदों के टिकट काटने जा रही है। कहा कि उम्मीद है कि पीडीए ही एनडीए को हराएगा। भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार, महंगाई कम नहीं हुई।

## एक नजर

### एल्बेंडाजॉल खिलाकर किया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आरंभ

बदायूं। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का गुरुवार को आरंभ मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार द्वारा ब्लूमिंड डेल स्कूल के बच्चों को एल्बेन्डाजॉल टेबलेट (पेट के कीड़े की दवाई) खिलाकर किया गया। उन्होंने कहा कि जो बच्चे छूट जाएं, उन्हें 5 फरवरी को मॉपअप दिवस पर गोली जरूर खिलवाएं। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि सभी बच्चों एवं किशोर, किशोरियों को कृमि नियंत्रण की गोली (चबाने वाली) सभी सरकारी व सहायता प्राप्त प्राइवेट विद्यालयों, मदरसों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में नि:शुल्क उपलब्ध है। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया कि यह दवा वर्ष में 2 बार 1-19 वर्ष की आयु के सभी बच्चों, किशोर किशोरियों को खानी चाहिए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने स्वच्छता का संदेश दिया।

### अशर्फी देवी कन्या विद्यालय में बांटे गए नि:शुल्क स्वेटर



उझानी। हाजी सरफराज आलम खान की प्रथम पुण्यतिथि पर स्पेड स्माइल्स फाउंडेशन के तत्वावधान में अशर्फी देवी कन्या विद्यालय में नि:शुल्क स्वेटर व जर्सी 50 छात्राओं को बांटी गई। इस अवसर पर फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष फरहत परवीन ने विद्यालय की प्रधानाचार्य वीरू का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके निर्देशन में विद्यालय दिन-प्रतिदिन प्रगति करता जा रहा है। उन्होंने कहा हम आगे भी विद्यालय के लिए कुछ न कुछ करने का प्रयास करते रहेंगे। इस मौके पर हाजी एजाज आलम, डॉक्टर शाह आलम खान, मोहम्मद मिनहाज आलम खान, मुशीर खान, देवेंद्र कुमार, डॉक्टर रजाली, राशिद अनस, शाहनवाज, कुसुम लता, मीनाक्षी, रंजू गौतम, मिताशी, इच्छा, रजनी कुमारी, और मुईद सैफी आदि मौजूद रहे।

### परस्पर टीमवर्क के साथ करें निर्वाचन संबंधित कार्य

बदायूं। लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मनोज कुमार ने अधिकारियों से कहा कि वह परस्पर टीमवर्क व बेहतर कम्युनिकेशन के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चुनाव को लेकर उन्होंने अपने अधीनस्थों के पेंच कसे ताकि व्यवस्था चाक चौबंद रहे।

# निकायों में एमआरएफ सेंटर तो बनाए अब तक संचालन पर नहीं किसी का ध्यान

## सभी निकायों में करीब 30 से 40 लाख की लागत से बनाए गए हैं एमआरएफ सेंटर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- वीरान पड़ा शेखूपुर रोड पर बना एमआरएफ सेंटर

अमृत विचार: कूड़ा निस्तारण के साथ ही आमदनी बढ़ाने लेकर जिले की निकायों में एमआरएफ सेंटरों का निर्माण किया गया है। तीस से 40 लाख तक की लागत से बने ये एमआरएफ सेंटर सफेद हाथी बन कर रह गए हैं। लेकिन इनका अभी तक संचालन शुरू नहीं हो सका है। ऐसे में न निकायों में निवास कर रही जनता को कूडों के ढेर से निजात मिल सकी है, और न ही इनकी आय में वृद्धि होने का रास्ता साफ हो सका है।

लापरवाही की वजह से सरकारी योजनाओं का पलीता लगाया जा रहा है। ऐसा होने से आम जनता को उसका लाभ नहीं मिल पाता। लापरवाही का आलम यह है कि अभी तक मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटीज (एमआरएफ) सेंटर लगभग सभी निकायों में बनाए गए हैं। इन्हें शासन के आदेश पर लाखों की लागत से बनाया गया है। शहर में शेखूपुर रोड पर एमआरएफ सेंटर बनाया गया है। इसी तरह दातागंज, ककराला, बिसौली, सहसवान बिल्सी और उझानी में करीब दो साल पूर्व सेंटर बनाए जा चुके हैं पर संचालन नहीं हो सका है तो वहीं नगर पंचायतों में अभी तक भवन के निर्माण की कवायद तक शुरू नहीं हो सकी है।

**कूड़े से बनाई जानी है कंपोस्ट खाद :** एमआरएफ सेंटरों पर आने वाले कूड़े को अलग करने के बाद उसकी कंपोस्ट खाद बनाई जानी थी। जिसका उपयोग खेतों में किया जाना है। जिसे किसानों में बिक्री की जाती। जिससे निकायों की आमदनी बढ़ती। लेकिन किसी भी निकाय में आज तक एमआरएफ सेंटर का संचालन शुरू नहीं हो सका।



वीरान पड़ा शेखूपुर रोड पर बना एमआरएफ सेंटर। ● अमृत विचार

### एमआरएफ सेंटर का यह है लाभ

प्रतिदिन बड़ी मात्रा में एकत्र होने वाले कचरे के निस्तारण के लिए स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत हर नगर पालिका व नगर पंचायत में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। यहां पहुंचने वाले कूड़े से सूखे और गीले कचरे को अलग कर सूखे कूड़े से प्लास्टिक, लोहा, रोड़ा तथा अन्य तरह के कबाड़ को अलग एकत्रित कर उसकी बिक्री कर दी जाएगी।

### डोर टू डोर किया जाना था कूड़ा कलेक्शन

एमआरएफ सेंटर के संचालन के बाद निकायों में निवास कर रही आबादी से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन किया जाना था। जिसके एवज में प्रति घर बीस से पचास रुपये भी प्रतिमाह एकत्रित किए जाते हैं। इन रुपयों से कर्मचारियों का मानदेय निकाला जाता लेकिन एमआरएफ सेंटरों के संचालन न होने की वजह से घर घर कूड़ा का कनेक्शन तक नहीं हो पा रहा है। और न ही बेरोजगार घूम रहे मजदूरों को रोजगार मिल पा रहा है।

### रोड और मैदान में पर डंप हो रहा कूड़ा

शहर से सटी ग्राम पंचायत मीरा सराय के नजदीक करीब एक एकड़ के आसपास जमीन पर करीब 40 लाख की लागत से एमआरएफ सेंटर को बनाया गया था। अभी तक सेंटर संचालित नहीं हो सका है। शहर से प्रतिदिन निकलने वाला करीब 11 से 12 मीट्रिक टन कूड़ा कचरा बदायूं बरेली मार्ग या फिर आंवला रोड के साथ ही रसूलपुर बिलहरी के पास पालिका की जमीन पर डाला जा रहा है। ऐसी स्थिति में इन स्थानों पर भीषण दुर्गन्ध उठती रहती है। जिसके कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

> शुक्रवार को मेरे द्वारा चार्ज ग्रहण किया गया है। निकायों की क्या स्थिति है। इसका अवलोकन किया जाएगा। एमआरएफ सेंटरों की स्थिति भी देखी जाएगी। जिससे उनका संचालन शुरू कराया जा सके।
> – रेनू सिंह, एडीएम प्रशासन।

### राजनीति विज्ञान परिषद की कार्यकारिणी का पुनर्गठन

बदायूं, अमृत विचार : आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान परिषद की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। महाविद्यालय की सभागार में संपन्न कार्यकारिणी गठन समारोह में विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार जायसवाल ने अध्यक्ष पद के लिए एमए तृतीय सेमेस्टर के छात्र आशीष कुमार तथा महामंत्री पद के लिए एमए प्रथम सेमेस्टर के इशराक अहमद के नाम का प्रस्ताव सर्वसम्मति से किया, जिसका समर्थन सभी ने किया।

गांव अधिकारी डॉ प्रेमचंद चौधरी एवं डॉक्टर संजय कुमार की देखरेख में संपन्न हुए कार्यकारिणी निर्वाचन में उपाध्यक्ष के तीन पदों पर सुमित सागर, सचिन यादव एवं सोनम ठाकुर निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं, संयुक्त मंत्री के तीन पदों पर अनूप सिंह यादव, आराध्या मिश्रा एवं पवन कुमार भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। संगठन मंत्री का दायित्व आर्यन गुप्ता एवं भगवान सिंह राजपूत को सौंपा गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कुमारी शगुन शर्मा, निखिल सिंह चौहान, लता यादव, मुस्कान सागर एवं शिवांगी कश्यप का चयन किया गया। प्राचार्य डॉ. श्रद्धा गुप्ता ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई। निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के साथ अनुशासन व शांति व्यवस्था बनाए रखने में डॉ. राजधारी यादव, डॉ. दिलीप कुमार वर्मा, डॉ. सतीश यादव आदि रहे।

# हिंदी में बिंदी, मात्रा व सुलेख का दें ध्यान, मिलेंगे अच्छे अंक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 22 से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा पहले दिन हिन्दी विषय का पेपर
- बोर्ड परीक्षार्थी किस तरह करें शिक्षक दे रहे सुझाव

अमृत विचार: 22 से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। तैयारी में विद्यार्थी जुटे हुए हैं। अक्सर होता है कि परीक्षा हिंदी विषय को छोड़कर अन्य विषयों की तैयारी में जुटे रहते हैं। जिसके चलते उनके नंबर कम रह जाते हैं। ऐसी स्थित से निपटने के लिए शिक्षकों द्वारा परीक्षार्थियों के लिए अच्छे अंक लाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए जा रहे हैं। चूंकि पहला पेपर हिंदी का विषय का है। जिसमें कैसे तैयारी करें इसके लिए राजाराम कन्या इंटर कॉलेज की शिक्षिका अनीता कुमारी ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं।



अनीता कुमारी।।

उन्होंने बताया कि विषय को लिखकर याद करें। ऐसा करने से बेहतर अंक पाने में आसानी होगी। तनाव मुक्त होकर आत्मविश्वास से परीक्षा की तैयारी करें। हिंदी में बिंदी, मात्रा और सुलेख का बड़ा महत्व है। अक्सर विद्यार्थी हिंदी की तैयारी के लिए अन्य विषयों के मुकाबले कम समय देते हैं, लेकिन ऐसा न करें। उनके द्वारा इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि इस विषय के अंक परीक्षा परिणाम की श्रेणी सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए हिंदी की तैयारी के लिए अन्य विषयों के बराबर समय दें। सटीक उत्तर अच्छे अंक प्राप्त करने की कुंजी माना जाता है। प्रश्नों को समझ कर ही सटीक उत्तर लिखें। लेखन स्पष्ट एवं त्रुटि रहित रहे। महत्वपूर्ण बिंदुओं पर शीर्षक डालकर ही लिखें। प्रश्नोत्तर खंड वार एवं क्रमानुसार लिखें। उत्तर पुस्तिका पर साफ लेखन बेहतर अंक दिलाएगा। उत्तर पुस्तिका को बिल्कुल भी गंदा न करें, काट पीट न करें।

### परीक्षार्थी इन बातों का रखें ध्यान

- – पिछले सालों के बोर्ड के प्रश्नपत्रों को हल करें। इससे परीक्षा के पैटर्न का पता चल सकेगा।
- महत्वपूर्ण लेखक, कवियों की रचनाएं, जीवन परिचय का विशेष अध्ययन करें।
- छोटे-छोटे प्रश्न और व्याकरण में संधि, समास, अलंकार आदि का लिखकर अभ्यास करें।
- आदिकाल, भक्ति काल, रीति काल और आधुनिक काल, यह चारों बहुत जरूरी हैं।
- व्याकरण पर विशेष फोकस रखें।, जिससे परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त होंगे।

# चिकित्सा अवकाश का बहाना नहीं बना सकेंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- छुट्टी के लिए शिक्षकों को मेडिकल रिपोर्ट जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में करनी होगी जमा

अमृत विचार: बोर्ड परीक्षा के दौरान शिक्षक बीमारी का बहाना नहीं बना सकेंगे। बीमारी का बहाना बनाकर बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी न करने वाले शिक्षकों और प्रधानाचार्यों पर माध्यमिक शिक्षा परिषद ने नकेल कसी है।

यूपी बोर्ड परीक्षा में कुछ शिक्षक और प्रधानाचार्य ड्यूटी करने से कतराते हैं। इससे डीआईओएस कार्यालय को परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक की नियुक्ति में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कक्ष निरीक्षक और केंद्र व्यवस्थापकों की संख्या कम होने पर परीक्षा का सफल संचालन नहीं हो पाता है। समस्याओं का संज्ञान लेने के बाद माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से डीआईओएस कार्यालय को पत्र जारी किया गया है। आदेश के अनुसार परीक्षा आरंभ होने से पूर्व जो प्रधानाचार्य और शिक्षक चिकित्सकीय अवकाश के लिए आवेदन करें। उनकी अस्वस्थता की पुष्टि मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कराई जाए। चिकित्सा आवेदन पत्र को प्रति हस्ताक्षरित कराने के लिए भेजा जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से जारी प्रमाण पत्र के आधार पर ही चिकित्सीय अवकाश दिया जाए। आवश्यकता न होने पर अवकाश को निरस्त कर दिया जाए। डीआईओएस डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद से जारी निर्देश के आधार पर ही अवकाश प्रदान किया जाएगा। मेडिकल बोर्ड द्वारा दिए गये प्रमाण पत्र के आधार ही अवकाश दिया जाएगा।

### समाज उत्थान के लिए स्वयं बने आत्मनिर्भर



एनएसएस शिविर में भाग लेतीं छात्राएं।

बदायूं, अमृत विचार: पार्वती आर्य कन्या संस्कृत इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सात दिवसीय शिविर के प्रथम दिवस का उद्घाटन मुख्य अतिथि अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक तृतीय मंडल बरेली डॉक्टर गजेंद्र सिंह ने किया।

गुरुवार को शुरू हुए कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या अमिता आलोक द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ के साथ किया गया। छात्राओं द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' लघु नाटिका की सराहनीय प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर गजेंद्र सिंह डीडीआर ने समाज के उत्थान के लिए स्वयं आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया।

# बोर्ड परीक्षा : जिले के 35 परीक्षा केंद्र संवेदनशील घोषित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- संवेदनशील घोषित किए गए परीक्षा केंद्रों पर रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था
- सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस का रहेगा कड़ा पहरा

अमृत विचार: यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर तेजी से तैयारी चल रही है। जिले में 99 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इनमें से 35 कॉलेजों को संवेदनशील घोषित किया गया है। इनमें अधिकतर वह स्कूल शामिल हैं, जो पहली बार केंद्र बने हैं। इन सभी पर एलआईयू की नजर रहेगी। साथ ही स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। पुलिस का भी कड़ा पहरा रहेगा। जिससे परीक्षा के दौरान कोई गड़बड़ी न हो सके।

यूपी बोर्ड हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू होंगी। शिक्षा अधिकारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाने में जुट गए हैं। परीक्षा में 64476 बच्चे पंजीकृत हैं। इसके लिए जिले में 99 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या वित्त विहीन स्कूलों की है। इन्हें राजकीय कॉलेजों में सुविधाओं का अभाव होने की वजह से शामिल किया है। इनमें से प्रशासन द्वारा 35 कॉलेजों को संवेदनशील घोषित किया है, जिसमें रामेश्वर प्रताप सिंह इंटर कॉलेज, भटपुरा, अमृता देवी इंटर कॉलेज धर्मपुर, हरिगंगा इंटर कॉलेज लश्करपुर ओईया, गौरी शंकर इंटर कॉलेज बगरैन, हजारीलाल बापू इंटर कॉलेज इस्लामनगर, शांति स्वरूप इंटर कॉलेज जरीफनगर सहित अन्य स्कूलों के नाम शामिल हैं। संवेदनशील घोषित किए गये परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा इन पर एलआईयू की नजर भी रहेगी। साथ ही भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। जिससे परीक्षा के दौरान कोई गड़बड़ी न हो सके।

### जिले में आईं उत्तर पुस्तिकाएं

बोर्ड परीक्षा नजदीक आने पर तैयारी में तेजी आ गई है। बोर्ड द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं को भेजा गया है। करीब तीन लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाएं जिले में पहुंची हैं। इनमें करीब एक लाख 84 हजार से अधिक उत्तर पुस्तिकाएं हाई स्कूल की हैं। इनका दो चार दिन में वितरण शुरू हो जाएगा।

> उत्तर पुस्तिकाएं आ चुकी हैं। इनका वितरण जल्द शुरू करा दिया जाएगा। 35 केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया है। इनमें अधिकतर वित्त विहीन कॉलेज शामिल हैं। यहां पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। जिसकी प्रक्रिया चल रही है।
> –डॉ प्रवेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक।

### अटल आवासीय परीक्षा में सेक्टर स्टेटिक मजिस्ट्रेट देखेंगे व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 8 फरवरी को श्री कृष्णा इंटर कॉलेज में होनी है परीक्षा
- परीक्षा कराने को लेकर श्रम विभाग ने की है तैयारी

अमृत विचार: अटल आवासीय स्कूल में कक्षा छह और नौ में प्रवेश लिए आठ फरवरी को परीक्षा होगी। 117 बच्चों के द्वारा आवेदन किया गया है। परीक्षा कराने की जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक विभाग को दी है। सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित कर दिए गए हैं।

अटल आवासीय परीक्षा के लिए श्री कृष्णा इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। केंद्र पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। डिप्टी कलेक्टर नम्रता सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट और बीईओ उझानी शशांक शुक्ला को स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। वहीं, प्रश्नपत्रों और उत्तर पुस्तिकाओं को कोषागार तक लाने व ले जाने की जिम्मेदारी खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार व श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र कुमार मिश्रा को दी गई है। इसके अलावा जिला राजस्व अधिकारी जीत सिंह राय को अतिरिक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट और बीईओ रमेश चंद जौहर को अतिरिक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

अटल आवासीय स्कूल में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों एवं कोविड काल में निराश्रित हुए बच्चों (महिला कल्याण विभाग से प्राप्त सूची के आधार पर) मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए पात्र बच्चों का प्रवेश लिया जाएगा। परीक्षा के लिए 117 बच्चों के द्वारा आवेदन किया गया है।




मनमर्जी | लापरवाही पर भी जिम्मेदार बने रहते हैं अंजान, नहीं करते कोई कार्रवाई

# अव्यवस्था : बगैर इलाज अस्पताल से लौट रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं में सुधार नहीं हो रहा है। आए दिन महिला मरीजों को परेशानियों को सामना करना पड़ता है। डॉक्टर ओपीडी में नहीं बैठते हैं जिससे बगैर इलाज कराए मरीज लौट जाते हैं। लचर व्यवस्था के कारण एडी हेल्थ की फटकार भी लग चुकी है। बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार नहीं दिख रहा है।

महिला चिकित्सक डा. राविया तो ओपीडी में बैठते हैं मगर अन्य चिकित्सक ओपीडी में नहीं बैठते हैं। यहां पर जिले भर से महिला मरीज आते हैं, जो सुबह आठ बजे से लाइन में लग कर डॉक्टरों का इंतजार करते हैं। कई बार तो महिलाओं को सुबह से दोपहर हो जाता है, उन्हें कोई महिला चिकित्सक नही देखता है। डा. राविया इमरजेंसी भी देखती हैं इसलिए ओपीडी में कम समय दे पाती हैं। उसके बाद अन्य डॉक्टरों को खोजना ही पड़ता है। शुक्रवार को महिला अस्पताल में महिला मरीजों की लाइन लगी रही। डॉक्टर देखने को नही मिले। हर रोज की तरह शुक्रवार को भी मरीज इंतजार करने के बाद लौट गए। मरीजों का कहना था कि ऐसी स्थिति अक्सर यहां देखने को मिलती है। जिस कारण उन्हें लौटना पड़ता है। पिछले दिनों यहां पर अचानक पहुंची एडी हेल्थ पुष्पा पंत ने निरीक्षण किया था। निरीक्षण के समय भी कई डॉक्टर गायब मिले, जिस पर उन्होंने सीएमएस डा. इंदु कांत वर्मा को फटकार लगाई थी, फिर भी महिला अस्पताल में किसी तरह का सुधार नहीं हुआ है। दोपहर दो बजे से पहले ही डॉक्टर ओपीडी से निकल जाते हैं, जिससे मरीजों को परेशानी होती है।



ओपीडी के बाहर लगी लाइन।

- ओपीडी में अक्सर नहीं रहते हैं चिकित्सक, महिला व बच्चों को नही मिलता इलाज

> डॉक्टरों को हिदायत दी गयी है कि समय पर ओपीडी में बैठें फिर भी कुछ डॉक्टर मनमानी करते हैं। यहां पर भीड़ अधिक होती है। मरीजों को वह स्वयं देखते हैं। लापरवाह महिला चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई करने को एडी हेल्थ को लिखा जाएगा।
> – डा. इंदुकांत वर्मा – सीएमएस।



जिला महिला अस्पताल में डॉक्टरों के बैठने का कोई समय नहीं है। यहां पर महिलाएं बैठी रहती हैं। महिला डॉक्टर कुछ समय रहती हैं और चली जाती हैं जिससे महिलाओं को दवा नहीं मिल पाती है।
– नीतू शर्मा।



सुबह नौ बजे से यहां बैठे हैं। डॉक्टर का इंतजार कर रहे हैं। अब दोपहर हो गया। अभी तक डॉक्टर नहीं बैठे हैं जिससे दवा भी नहीं मिल पा रही है। दूर से आना होता है। अब कल फिर आएंगे।
– विमलेश – बिसौली।



सरकारी अस्पताल में कोई सुनने वाला ही नहीं है। सब अपनी अपनी मनमानी पर उतारू हैं। जिला प्रशासन को इनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। मरीज परेशान हो रहे हैं।
–रेशमा देवी।



जिला महिला अस्पताल में निर्धन लोग ही आते हैं लेकिन यहां की स्थित इतनी बदतर है कि कोई सुनने वाला ही नहीं है। घंटों बैठने के बाद भी डॉक्टर नहीं मिलते हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।
– उर्मिलेश कुमारी।

### डीएम ने गांधी नेत्र चिकित्सालय का किया निरीक्षण

बदायूं। शुक्रवार को जिलाधिकारी मनोज कुमार ने गांधी नेत्र चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण समय अस्पताल की ओपीडी संचालित मिले। चिकित्सक डॉ अरविंद कुमार तिवारी बताया कि डार्क रूम में फेको मशीन खराब होने पर उसे सही करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल की बिल्डिंग की पेंटिंग और मरम्मत कराने को कहा। अस्पताल की मशीनें, ए-स्कैन और स्लिट लैंप खरीदा जाए। चिकित्सालय में आवश्यकता अनुसार और शौचालय बनवाया जाए।

### भदोही में संगीता शर्मा को मिला पर्यावरण मित्र सम्मान



प्रधानाध्यापक संगीता शर्मा को सम्मानित करते भदोही के जिलाधिकारी गौरांग राठी।

बदायूं, अमृत विचार : राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त विकास क्षेत्र जगत के कंपोजिट विद्यालय आमगांव की प्रधानाध्यापक संगीता शर्मा को एक और उपलब्धि हासिल हुई है। उन्हें पर्यावरण के क्षेत्र में विशिष्ठ योगदान देने पर जिला भदोही में आयोजित समारोह में पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया। वह अपने कार्यों को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी हैं। जिला भदोही में पर्यावरण हमारी आवश्यकता या मजबूरी विषय पर संगोष्ठी और सम्मान समारोह के कार्यक्रम में बरेली मंडल से बदायूं की राष्ट्रपति पुरस्कार शिक्षिका संगीता शर्मा और जिला पीलीभीत की राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका ममता गंगवार को आमंत्रित किया गया था। मुख्य अतिथि भदोही के जिलाधिकारी गौरांग राठी व अन्य अधिकारियों ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# अवैध स्कूल पर कार्रवाई न करने पर बीईओ निलंबित

## थाना उसावां क्षेत्र मे नवीगंज के पास हुए हादसों में चार बच्चों सहित चालक की हुई थी मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बीते वर्ष नवंबर माह के दौरान उसावां में हुए सड़क हादसे के प्रकरण में शासन की ओर से लापरवाही के आरोप में खंड शिक्षा अधिकारी वीरेश तोमर को निलंबित कर दिया है। उन्हें बरेली एडी के कार्यालय में संबद्ध किया गया है। मामला शासन में पहुंचने पर मंडलायुक्त से रिपोर्ट मांगी थी। उनके द्वारा भेजी गई जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की गई है।

नवंबर माह के दौरान एक सड़क हादसे में चार बच्चों सहित कार चालक की मौत हुई थी। सभी बच्चे उसावां क्षेत्र में संचालित एक अवैध स्कूल में पंजीकृत थे। सुबह के समय चालक वैन के माध्यम से बच्चों को स्कूल लेकर जा रहा था। रास्ते में एक स्कूल बस के चालक ने टूटी सड़क को बचाते हुए कट मारा था। सामने से आ रही बैन बस से टकरा गई थी। हादसा होने के बाद बीएसए ने कार्रवाई करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी वीरेश तोमर से उस क्षेत्र का चार्ज हटाते हुए मुख्यालय से संबद्ध कर दिया था। वहीं, दूसरी


उसावां हादसे का फाइल फोटो।

- अवैध स्कूल संचालन में कार्रवाई न किए जाने पर पाए गए थे जांच में दोषी
- जांच के बाद मंडलायुक्त ने शासन को भेजी थी रिपोर्ट, जिसके आधार पर हुई कार्रवाई

> उसावां में हुए सड़क हादसे वाले प्रकरण में शासन की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी वीरेश तोमर को निलंबित कर दिया है। उन्हें बरेली संबद्ध किया गया है।
> – स्वाती भारती, बीएसए।

ओर इस हादसे की जांच डीएम द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट से कराई गई थी। कई स्तर पर की गई जांच में बीईओ को दोषी माना गया था। उनके द्वारा जानकारी होने के बाद भी अवैध स्कूल संचालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी दी गई। जिसे एडीएम प्रशासन के समक्ष अवलोकन के लिए भेज दिया गया। इसी दौरान जिले में एक और हादसा घटित हो गया। उझानी में इको चालक के साथ ही तीन बच्चों की भी मौत हो गई।

कुछ माह के अंदर दो दर्दनाक हादसे होने पर शासन ने मामले में संज्ञान ले लिया। मंडलायुक्त से दोनों हादसों के संबंध में जानकारी मांग ली गई। मंडलायुक्त ने डीएम से जांच रिपोर्ट मंगा कर शासन को भेज दी। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद शासन ने खंड शिक्षा अधिकारी वीरेश तोमर को निलंबित करते हुए बरेली एडी कार्यालय संबंद्ध कर दिया।

## बच्चों को ले जाने वाले छह वाहन सीज

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में तीन बच्चे समेत चार लोगों की मौत के बाद शुक्रवार को अभियान चलाया गया। एआरटीओ प्रवर्तन ने उझानी क्षेत्र में बिना पंजीकरण कराए बच्चों को स्कूल ले जाने वाले छह वाहनों को सीज किया। स्कूल प्रबंधन को भी नोटिस जारी किया है। अभियान लगातार जारी रहेगा।

बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कोतवाली उझानी क्षेत्र फूलपुर गांव के मोड़ पर बच्चों को स्कूल ले जाने वाली ईको कार, डीसीएम और रोडवेज बस की भिड़ंत हो गई थी। हादसे में ईको कार चालक उमेश, उनके डेढ़ साल के बेटे दुष्यंत, छात्र आलेख व छात्रा स्वाती की मौत हो गई थी। बच्चों को स्कूल ले जाने वाली कार स्कूल वाहन के रूप में पंजीकृत नहीं थी। विभागीय कर्मचारियों ने इसे हादसा माना लेकिन सबसे बड़ी लापरवाही स्कूल वाहन में पंजीकरण के बिना बच्चों को स्कूल ले जाने की सामने आई है। शुक्रवार को एआरटीओ प्रवर्तन अंबरीश कुमार ने स्कूल वाहनों की चेकिंग की। कस्बा उझानी के कुछ स्कूलों पर पहुंचे। जहां 10 वाहन बिना पंजीकरण वाले खड़े मिले। मौजूद लोगों ने बताया कि वह वाहन स्कूल प्रबंधन ने लगवाए हैं, जिसमें बच्चों को स्कूल लाया और ले जाया जाता है। एआरटीओ ने छह वाहनों को सीज कराकर कोतवाली उझानी में खड़ा करा दिया। स्कूल प्रबंधन को भी नोटिस जारी किए गए हैं।

एआरटीओ अंबरीश कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ स्कूल बिना पंजीकरण के वाहन संचालित करा रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।


कोतवाली उझानी में खड़े सीज किए गए वाहन।

- शुक्रवार को एआरटीओ प्रवर्तन ने उझानी क्षेत्र में चलाया अभियान

## मेडिकल कॉलेज के एक खंड का निर्माण जल्द होगा पूरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- राजकीय मेडिकल कॉलेज में यूपी निर्माण निगम कर रहा है निर्माण
- सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगभग तैयार, दस दिन में हो जाएगा पूरा

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराया जा रहा है। यूपी निर्माण निगम सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य बीस दिन में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद एक खंड का काम पूरा किया जाएगा।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में हजारों मरीज और तीमारदार इलाज कराने का पहुचते हैं। साथ ही मेडिकल कॉलेज का स्टाफ और पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राएं भी यहीं पर रहते हैं। इस समय सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट नही है। सादा शौचालय कक्ष हैं जिनसे कॉलेज प्रशासन व अन्य लोगों को कभी कभी दिक्कत होती है। इस दिक्कत को खत्म करने के लिए अब कॉलेज प्रशासन ने यहां पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का निर्णय लिया है। इस पर यूपी निर्माण निगम ने काम भी शुरू कर दिया है।

पी निर्माण निगम का कहना है कि बीस दिन में प्लांट पूरा कर दिया जाएगा। उसके बाद एक खंड का निर्माण पूरा कराया जाएगा। हालांकि यहां पर दो खंडों का निर्माण पूरा होना है। एक खंड का निर्माण पूरा होने के बाद मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त वार्ड हो जाएंगे। उसके बाद भी एक और खंड का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव है।

नवंबर महीने में राजकीय मेडिकल कॉलेज की मान्यता पर खतरा मंडराने लगा था। उसके बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने जिला प्रशासन की मदद से यूपी निर्माण निगम से बात की और निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने का निर्णय लिया।

> अब मेडिकल कॉलेज में काम शुरू कर दिया गया है। फिलहाल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है जो बीस दिन में पूरा कर लिया जाएगा। उसके बाद एक खंड का निर्माण शुरू कराया जाना है। खंड में निर्माण तो लगभग पूरा है कुछ काम बाकी है जिसको पन्द्रह जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। मार्च महीने के अंत तक दोनों खंड बन कर तैयार हो जाएंगे। दोनों खंड बन जाने से करीब डेढ़ सौ बेड तैयार हो जाएंगे उसके बाद पर्याप्त वार्ड होंगे।
> – डॉ. एनसी प्रजापति – प्राचार्य।

### एक नजर

#### शराब बेचते युवक को पकड़ा

उझानी। आबकारी विभाग और पुलिस ने बुधवार की रात शराब का धंधा करने वाले एक व्यक्ति को शराब सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जिरौलिया निवासी सुगंध पुत्र प्रेम शंकर 33 वर्ष, बुधवार की रात एक ढाबा के निकट बिना लाइसेंस के शराब बेच रहा था। बताते हैं पुलिस को किसी तरह भनक लग गयी जिस पर अब्दुल्लागंज चौकी पुलिस ने व आबकारी विभाग के अधिकारियों ने सुगंध को पकड़ लिया। उसके पास से शराब भी बरामद हुई है। पुलिस की माने तो उक्त युवक काफी दिनों से शराब का धंधा करता था।

## कोर्ट ने हत्या मामले में दो भाई समेत 3 आरोपियों को सुनाई उम्र कैद की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शुक्रवार को कोर्ट ने सुनाया फैसला, तीनों दोषियों पर 20-20 हजार रुपये लगाया जुर्माना

**अमृत विचार :** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिव कुमारी ने हत्या के मामले में दो सगे भाई समेत तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20-20 हजार रुपये जुर्माना डाला है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना उसावां क्षेत्र के गांव उदैय्या नगला निवासी वादी मुकदमा शिवदत्त पुत्र बाबूराम ने तहरीर देकर बताया था कि उनकी बहन जवानश्री और भतीजी मीरा देवी की शादी जिला कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के गांव जयकिशन नगला हुई है। वह बहन और भतीजी के घर आते-जाते रहते हैं। गांव जयकिशन नगला निवासी भूरे शराब पीकर अपनी पत्नी आशा देवी को मारता-पीटता है। जिसकी वजह से आशा देवी उनके भतीजे घनश्याम के साथ चली आई थी। हंसी खुशी से उसके साथ में रहने लगीं।

भूरे व राजकुमार पुत्र राम सिंह, श्यामपाल पुत्र बांके, जबर सिंह पुत्र शेर सिंह 24 जुलाई 2013 रात 11 बजे असलाह से लैस होकर उनके घर पर आए। भतीजे घनश्याम के बारे में पूछते हुए फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली उनके भाई रामपाल को लगी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गांव में शोर मच गया। आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

तत्कालीन थानाध्यक्ष दिनेश चंद्र यादव ने विवेचना की। आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। पुलिस महानिदेशक की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन कंविक्शन के अंतर्गत इस मामले को चिह्नित किया गया। कोर्ट चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाया गया। कोर्ट ने शुक्रवार को आरोपी राजकुमार, भूरे और श्याम सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और तीनों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना डाला है। जुर्माना की धनराशि जमा न करने पर तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। चौथे आरोपी जबर सिंह पुत्र शेर सिंह की मुकदमा चलने के दौरान मौत हो गई।

## नदियों पर दबंगों का कब्जा

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की मासिक पंचायत तहसील प्रांगण में हुई। इसमें किसानों की समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाया गया। साथ ही चेतावनी दी गयी कि समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने सभा करने के बाद आठ सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। जिस पर उन्हें आश्वासन मिला।

गुरुवार को तहसील प्रांगण में भाकियू चढ़ूनी गुट की मासिक पंचायत आयोजित की गयी। पंचायत में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह यादव ने कहा बिल्सी तहसील क्षेत्र में बहने वाली भैंसोर नदी, सोत नदी व अरिल नदी सूख चुकी हैं। दबंगों ने नदी पर कब्जा कर लिया है। जिनको पुनर्जीवित कराने की मांग की।

तहसील अध्यक्ष नन्नू सैफी, जिला महासचिव कृष्ण अवतार शाक्य व बदायूं नगर अध्यक्ष आरिफ़ रज़ा ने कोटेदारों की मनमानी, ब्लाक अम्बियापुर के ग्राम बादशाहपुर में जलभराव और गहरे गड्ढे, तहसील की खस्ताहाल मार्गों सहित अनेक मुद्दे उठाएं। जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने छुट्टा गोवंश सहित अनेक मुद्दे उठाए। पंचायत के बाद जिलाध्यक्ष सतीश साहू के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर भाकियू चढ़ूनी के जिला कोषाध्यक्ष रहीस अहमद, बिल्सी युवा नगर अध्यक्ष इस्तखार नन्नू सैफी, तहसील अध्यक्ष जफर, नगर अध्यक्ष बिल्सी रईस अहमद आदि रहे।


एसडीएम को ज्ञापन देते जिलाध्यक्ष सतीश साहू व अन्य किसान।

## 12 से अधिक दुकानों का चालान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कर्मचारियों ने चेकिंग करते समय दुकानों पर पकड़ी घटतौली
- सीएनजी पंप भी किए चेक, यहां सब कुछ मिला ठीक

**अमृत विचार:** बांट माप विभाग द्वारा घटतौली रोकने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को सहसवान क्षेत्र में अभियान के दौरान दर्जनभर से अधिक दुकानों पर विभागीय अधिकारियों द्वारा घटतौली पकड़ी। दुकानदार सौ से लेकर दो सौ ग्राम सामग्री ग्राहकों को कम दे रहे थे। इन सभी का चालान काटा गया है। इसके अलावा अधिकारियों द्वारा सीएनजी पंपों को भी चेक किया। वहां उन्हें सब कुछ ठीक मिला।

मिष्ठान भंडार से लेकर किराना दुकानदार ग्राहकों की जेब पर डाका डाल रहे हैं। उनके द्वारा ग्राहकों को सौ से लेकर दो सौ ग्राम कम तौला जा रहा है। यह स्थिति तब है जब विभाग द्वारा ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को बांट माप अधिकारी अंकित अग्रवाल ने विभागीय कर्मचारी के साथ कस्बा सहसवान बाजार में चेकिंग अभियान चलाया। उनके द्वारा दुकानदारों के कांटे चेक किए गए।

**एक किलो में से 200 ग्राम दे रहे थे कम :** इसमें मुन्ना लाल हलवाई, रजत स्वीट्स हाउस, दिवाकर मिष्ठान भंडार पर घटतौली पकड़ी गई। यह दुकानदार मिठाई को डिब्बे के साथ तौल कर दे रहे थे। वहीं, मिठाई का वजन भी सौ से दो सौ ग्राम तक कम था। जिस पर उनके द्वारा इन सभी दुकानों के चालान काट दिए। इसी तरह आधा दर्जन से अधिक दुकानों पर भी अधिकारियों द्वारा घटतौली पकड़ी गई। इनके भी चालान काटे गए हैं। विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

इसके अलावा बांट माप विभाग के अधिकारियों ने दातागंज रोड स्थित निशा फीलिंग स्टेशन तथा आगरा मार्ग स्थित भगवत फिलिंग स्टेशन सीएनजी पंपों की जांच की। वहां सब कुछ ठीक मिला।


सहसवान बाजार में घटतौली पर मिठाई की दुकान का चालान काटते अधिकारी।

## रिपोर्ट दर्ज होने पर एसएसपी से ग्रामीणों ने की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सड़क हादसे में दो युवकों की हुई थी मौत, जाम लगाने के आरोप में दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में अपने बेटों को खोने वाले दो पिता और ग्रामीणों पर जाम लगाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसके विरोध में शुक्रवार को सैकड़ों ग्रामीण एसएसपी कार्यालय पहुंचे। उसावां थानाध्यक्ष की शिकायत की। जिसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी को अपनी समस्या बताई।

थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव टकसेना निवासी निवासी तीन बाइक सवार कपड़े खरीदने के लिए कस्बा म्याऊं जा रहे थे। दातागंज-म्याऊं मार्ग पर गांव सांड़ी के पास उनकी बाइक ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई थी। हादसे में रामवरन की मौके पर मौत हो गई थी जबकि बाकी दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान घायल मुकेश की मौत हो गई थी। परिजन घटनास्थल पर शव से लिपटकर विलाप करने लगे। मौके पर जाम लग गया। दातागंज सीओ केके तिवारी पहुंचे और जैसे-तैसे जाम खुलवाया गया। उसावां पुलिस ने गांव टकसेना निवासी अरुण, महेश, निर्भान सिंह, जितेंद्र, रामवीर, सुखपाल, सर्वेंद्र, भूप सिंह, जोरावर, श्रीपाल, बबलू शाक्य, राजीव कुमार और एक अज्ञात के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। जिसकी जानकारी होने पर सैकड़ों ग्रामीण एसएसपी कार्यालय पहुंच गए। अपनी बातें रखकर मुकदमा खत्म कराने की मांग की। जिस पर आश्वासन मिला।

## बारिश बाद खिली धूप, ठंड से मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- माघ मास में हुई बारिश फसलों के लिए मानी जा रही वरदान
- लोगों ने परिवार के साथ घरों की छतों पर लिया धूप का आनंद

**अमृत विचार:** बीते बुधवार को शुरू हुई बारिश गुरुवार की शाम तक जारी रही। इससे मौसम का मिजाज पूरी तरह से ठंडा रहा। शुक्रवार को सुबह से ही धूप खिली, जिससे लोगों को ठंड से राहत मिली। माघ मास में हुई यह बरसात फसलों के लिए वरदान मानी जा रही है। वहीं, ठंड का असर कम होते ही लोग काम पर लौटने लगे हैं। हालांकि अब भी शाम होते ही ठंड का एहसास होने लग रहा है।

जिले में फरवरी माह के प्रथम सप्ताह ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। गुरुवार को हुई रिमझिम बारिश रुक-रुक कर सुबह तक जारी रही। इससे खेतों में लगी गेहूं, अलसी, मसूर, राई, सरसों, अरहर, चना, मटर सहित अन्य फसलों को फायदा होगा। विगत कई दिनों से छाया कोहरा व धुंध के बीच पाला पड़ने से ठिठुरन बढ़ गई थी। इस बरसात से जहां फसलों पर जमी पाले की परत धुल गई। वहीं, जिन दलहनी फसलों के खेतों में नमी कम हो रही थी। उसमें पर्याप्त नमी आ जाने से किसान प्रफुल्लित नजर आ रहे हैं। वहीं, शुक्रवार को सुबह से खिली धूप का घर के छतों पर लोगों ने परिवार के साथ बखूबी आनंद लिया। क्योंकि जनवरी में पहली बार इस तरह से धूप खिली है। दिसंबर महीने के आखिरी से 28 जनवरी तक हाड़ कपाऊ ठंड का असर बना रहा। बीते मंगलवार से हुए हवा में बदलाव के कारण इन दिनों मौसम साफ हुआ है। दिनभर अच्छी धूप खिली रही। मौसम साफ होते ही ठंड से राहत मिली है, लेकिन सुबह शाम गलन की स्थिति बनी है। रात आठ बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। दिन भर धूप खिलने से तापमान में भी वृद्धि हुई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### गेहूं की फसल के लिए बारिश लाभदायक

कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि निरंतर बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने आगे बारिश होने की संभावना जताई है। यह बारिश गेहूं की फसल के लिए लाभदायक होगी। उन्होंने कहा कि इस बार गेहूं की पैदावार पिछले साल की तुलना में ज्यादा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस बार गेहूं की फसल के लिए जनवरी माह में अच्छी ठंड पड़ी है। ठंड गेहूं के लिए खाद का काम कर रही है।

## सुमित कुमार बने छह सड़का के चौकी इंचार्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने गुरुवार रात 14 उपनिरीक्षकों को थाने और कोतवाली भेजा और कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। पुलिस लाइन के योगराज सिंह को पुलिस लाइन से थाना उसहैत की पुलिस चौकी कटरा सहादतगंज का चौकी प्रभारी, सुमित कुमार को शहर के छह सड़का का चौकी प्रभारी बनाया है। पुलिस लाइन के टेकचंद को कोतवाली बिल्सी, राकेश बाबू को उझानी, तिरकराग को उसहैत, विवेक कुमार सिंह को चुनाव सेल, नासिर हुसैन को न्यायालय सुरक्षा, अशोक कुमार को बिसौली, राजेंद्र सिंह व राममहेश को मुजरिया, अजय सिंह को बिसौली भेजा गया है। बृजपाल सिंह को बिसौली की पुलिस चौकी दबतोरी, चमन गिरी को जरीफनगर की पुलिस चौकी दहगवां, अवधेश मिश्रा को उझानी की कछला चौकी का इंचार्ज बनाया गया है।

## पेड़ काट कर चकरोड दिखा दिया, जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करके एडीएम को ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करके एडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गयी कि अवैध रूप से किसान के काटे गए पेड़ों का मुआवजा दिलाए जाए।

शुक्रवार को एडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में भाकियू नेताओं ने कहा है कि तहसील सहसवान के गांव रदनौल के किसान ऋषिपाल सिंह के 40 साल पुराने नीम-जामुन के वृक्षों को काट कर उस जगह को चकरोड में दिखा दिया गया। 20 लाख के पेड़ों की मात्र 5 लाख में नीलामी की गई। पेड़ों की संख्या भी कम दिखाई गई। इसको लेकर एक फरवरी के लिए एसडीएम सहसवान को ज्ञापन दे चुके हैं। सहसवान तहसील प्रशासन भ्रष्टाचार में लिप्त है। इसी तरह कई अन्य तहसीलों में भी किसानों के साथ अन्याय किया गया है। भाकियू अब इसको लेकर जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी।

जिला अध्यक्ष रमाशंकर शंखधार, मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना, जिला प्रमुख महासचिव नरेंद्र कुमार सक्सेना, सुरेश गुप्ता, जिला प्रचार मंत्री राशिद अब्बासी, युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष सहादत अंसारी आदि ने कार्रवाई की मांग की है।

वार्षिक चुनाव

### सचिव पद पर सुमित शर्मा तो रामनिवास यादव बने उपाध्यक्ष

## नौ वोटों से बार अध्यक्ष घोषित हुए राजेश सक्सेना

संवाददाता, बिसौली

- कड़े मुकाबले में प्रेमपाल सिंह को दी शिकस्त

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अधिवक्ता राजेश सक्सेना अध्यक्ष बन गए हैं। उन्होंने अपने एकमात्र प्रतिद्वंदी प्रेमपाल सिंह को नजदीकी मुकाबले में नौ वोटों से पराजित कर दिया। वहीं, सचिव पद पर सुमित शर्मा, उपाध्यक्ष रामनिवास यादव, सहसचिव अजीत यादव, कोषाध्यक्ष नवल शर्मा व ऑडिटर पद पर भविष्य कुमार सिंह निर्वाचित हुए हैं। पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर नितिन पाठक पहले ही निर्विरोध निर्वाचित किए जा चुके हैं।

तहसील परिसर स्थित बार हाल में शुक्रवार को सुबह 11 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई, जो शाम चार बजे तक चली। इसके तत्काल बाद मतगणना के दौरान अधिवक्ताओं में अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए उत्सुकता देखी गई। सहायक चुनाव अधिकारी अभिक्ष पाठक, गजेन्द्र यादव, नवनीत कुमार सिंह व सचिन सक्सेना ने विजयी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। सचिव पद पर सुमित शर्मा ने राकेश को 29 वोट से, उपाध्यक्ष पद पर रामनिवास यादव ने राजीव सक्सेना को 9 मतों से, कोषाध्यक्ष पद पर नवलकिशोर शर्मा ने सत्यपाल यादव को 18 वोट से, सहसचिव पद पर अजीत कुमार यादव ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी योगेश मौर्य को 17 मतों से तथा ऑडिटर पद पर भविष्य कुमार सिंह ने राहुल शर्मा को 21 वोटों से शिकस्त दी। अध्यक्ष पद पर दो व कोषाध्यक्ष पद पर एक मत निरस्त किया गया। विजयी पदाधिकारियों को उनके समर्थकों ने फूल मालाओं से लाद दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश सक्सेना ने कहा कि अधिवक्ता हितों के लिए उनके द्वारा हर संभव प्रयास किए जाएंगे।


अपने साथी वकीलों के साथ नए अध्यक्ष राजेश सक्सेना व अन्य पदाधिकारी।

## बिल्सी में साप्ताहिक बंदी बेअसर रही

**बिल्सी, अमृत विचार :** डीएम मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में साप्ताहिक बंदी दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बिल्सी नगर में गुरुवार को साप्ताहिक बंदी दिवस निर्धारित किया गया। मगर यहां इस दिवस का बिल्कुल भी असर देखने को नहीं मिल रहा है। यहां विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण दुकानदारों द्वारा डीएम के आदेश की अवहेलना की जा रही है। नगर में अधिकांश दुकानें खोले रखते हैं। नगर के कमलेश शर्मा, पुरुषोत्तम शाक्य, योगेश शर्मा, अरविंद कुमार, वसीम अकरम, मोहित कुमार, संजीव कुमार, रोहित कुमार आदि ने डीएम से साप्ताहिक बंदी दिवस का पूर्ण रूप से पालन कराए जाने की मांग की है।

## आयुर्वेद के प्रति लोगों को किया जाएगा जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले में संचालित वेलनेस सेंटर, आयुर्वेदिक के संचालन को खरीदे जाएंगे उपकरण

**अमृत विचार:** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में आयुष समिति की बैठक हुई। इसमें डीएम मनोज कुमार ने आयुर्वेद विद्या के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आयुर्वेद, होम्योपैथिक और यूनानी वेलनेस सेंटर पर उपकरण की खरीदारी को निर्देश दिए।

जनपद में 21 हेल्थ वेलनेस सेंटर संचालित हैं। इनमें 17 आयुर्वेदिक, तीन यूनानी एवं एक होम्योपैथिक का सेंटर चल रहा है। इनमें विद्युत संयोजन, इंटरनेट की उपलब्धता आदि की व्यवस्था के लिए विभिन्न मदों में निर्धारित लिमिट के सापेक्ष उपकरण खरीदने को कहा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, उपजिलाधिकारी सदर सुख लाल प्रसाद वर्मा, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राघवेन्द्र मोहन सहित आदि रहे।

### तहसील सदर में होगा संपूर्ण समाधान दिवस

बदायूं। डीएम कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार शनिवार को तहसील सदर में जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

## कुष्ठ रोग की दी जानकारी

**बदायूं, अमृत विचार :** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के क्रम में पीएम केंद्रीय विद्यालय शेखुपुर के छात्र-छात्राओं और स्टाफ को कुष्ठ रोग के विषय में जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉक्टर सुधीर कुमार गुप्ता ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि शरीर में कहीं भी सुन्नपन आता है तो डॉक्टर को दिखाएं। कुष्ठ रोग का उपचार करने के बाद ठीक हो जाता है। इस बीमारी से घबराना नही चाहिए। नियमित दवा लेने से कुष्ठ रोग खत्म हो जाता है। शासन स्तर से इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को मुख्य रूप से स्कूली बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। एनएमए मानवीर सिंह, पीएमडब्ल्यू मनोज कुमार एवं गौरव यादव ने भी जागरूक किया।



# दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!

## ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

**डॉ० एम.बी. गौतम** (डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर

**डॉ० अतुल कुमार**
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडेन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

**डॉ० संजय मजूमदार**
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

**उपलब्ध सुविधायें**

1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

एशिया की नं. 1 लैब द्वारा दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।



5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/ स्वतंत्रता सेनान

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720

निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली


# रेड रोग से 25 प्रतिशत कम हुआ गन्ना
# समय से पहले बंद हो जाएंगी चीनी मिलें

## गन्ना कम होने की वजह से फरवरी महीने में ही बंद हो जाएंगी जिले की दोनों चीनी मिलें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गन्ने की फसल में लगा रेड रोग किसानों को भारी घाटा दे गया, जिस कारण चीनी मिलों को भी नुकसान हो रहा है। बीमारी के चलते गन्ना कम होने से फरवरी में ही चीनी मिलों के बंद होने का अनुमान लगाया जा रहा है। गन्ना विभाग ने चीनी मिल प्रशासन के साथ बैठक कर गन्ने की फसल को बीमारी से बचाने के लिए दवाएं मुहैया कराने की बात की है।

इस साल गन्ने की फसल में रेड रोग बीमारी लगने से गन्ना लाल पड़ने के बाद सूख गया। सूख कर गन्ने का पौधा नष्ट हो गया। किसानों ने जब गन्ने में बीमारी लगने की जानकारी गन्ना विभाग को दी तो विभाग ने किसानों को दवा लगाने का सुझाव दिया। साथ ही गन्ना विभाग ने किसानों को सुझाव दिया कि जो गन्ने का पेड़ सूख रहा है उसे खेत से निकाल दें। किसानों ने कुछ हद तक दवा लगा कर गन्ने को बचाने का प्रयास भी किया फिर भी जिले में करीब 25 प्रतिशत गन्ना खत्म हो गया। गन्ना सूखने का असर चीनी मिलों पर पड़ा। चीनी मिल मार्च और अप्रैल तक चलती थीं फिर भी किसानों का गन्ना खेतों में खड़ा रह जाता था। लेकिन इस साल गन्ना बीमारी की चपेट में आ गया और कम पैदावार होने के कारण चीनी मिलों पर गन्ना खत्म होने लगा है।



कर्मियों के साथ बैठक लेते जिला गन्ना अधिकारी हेमराज सिंह।

**गन्ना विभाग ने जताई चिंता, मिल प्रशासन से होगी बात, किसानों को वितरित करेंगे दवाएं**

### बैठक में कम गन्ना होने पर जताई चिंता

जिला गन्ना अधिकारी हेमराज सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को कार्यालय में बैठक की गयी। इसमें चिंता व्यक्त की गयी कि चीनी मिलों पर इस बार गन्ना नहीं पहुंच रहा है जिससे चीनी मिलें फरवरी महीने में ही बंद हो जाएंगी। जिला गन्ना अधिकारी ने अपने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि अब इस सीजन में गन्ने की फसल को बीमारी से बचाने के लिए किसानों के बीच गोष्ठियां की जाएं। इसके लिए समय पर दवाएं दी जाएं। उन्होंने कहा कि इस साल गन्ना किसानों को भारी घाटा होने के साथ ही चीनी मिलों पर भी पर्याप्त चीनी उत्पादन नहीं हो पा रहा है। इसलिए चीनी मिलों को भी पारदर्शी व्यवस्था अपनानी होगी। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार ने कहा कि मार्च में नया गन्ना लगाया जाता है। गन्ना लगाते समय भी किसानों को दवाएं दी जाए।

### 28 हजार हेक्टेयर रकबे में गन्ने की खेती

गन्ना विभाग के अनुसार इस साल 28 हजार हेक्टेयर रकबे में गन्ना की फसल थी फिर भी गन्ना आशा के अनुरूप नहीं निकला। बीमारी लगने से 25 प्रतिशत गन्ना कम हो गया, जिससे चीनी मिलों को समय से पहले बंद करना पड़ेगा। विभाग का मानना है कि किसान गन्ने की फसल साल दर साल कम करते जा रहे हैं। गन्ने का रकबा इस साल भी कुछ कम होने की संभावना है।

गन्ना विभाग के अनुसार इस बार बिसौली की यदु शुगर मिल ने अब तक 23,60 लाख क्विंटल गन्ना खरीदा है जबकि शेखूपुर चीनी मिल ने अब 7, 46 लाख क्विंटल गन्ने की खरीद की है। चीनी मिलों द्वारा लगातार पेराई की गयी है जिससे अब इतना गन्ना खरीदा जा चुका है। चीनी मिलों पर अभी भी पेराई जारी है। संभवतः फरवरी के अंत तक पेराई की जाएगी। उसके बाद गन्ना खत्म होने पर मिलों को बंद करना पड़ेगा।

# ईंधन के दाम कम न होने से लोगों में निराशा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा जारी किया गया अंतिम बजट में पेट्रोल डीजल और रसोई गैस के दाम कम नहीं करने पर लोगों को एक बार फिर झटका लगा है। बजट आशा के अनुरूप नही होने पर मध्यम वर्गीय परिवारों ने सरकार पर अनदेखी करने की बात कही है।

केंद्र सरकार ने 1 फरवरी को अंतरिम बजट जारी किया है। मात्र दो महीने बाद लोक सभा के चुनाव हैं ऐसे में मध्यम वर्गीय परिवारों को सरकार से उम्मीद थी। लोगों का कहना है कि आने वाले समय में महंगाई का कुछ और बोझ ऊपर डाला जा सकता है। इसके लिए अब तैयार रहना होगा।



सरकार को रसोई गैस और पेट्रोल डीजल के दाम कम करने चाहिए थे, अब पेट्रोल सौ रुपये पार है। इससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। सरकार ने मध्यम वर्गीय परिवारों की अनदेखी की है। **- आनंद शर्मा।**



सरकार मनमानी कर रही है। गरीबों का गला घोंटा जा रहा है। कोई वस्तु सस्ती नहीं की गयी है। पेट्रोल डीजल के दाम कम होने चाहिए जो नहीं किए गए हैं। रसोई गैस के दाम भी कम नहीं हुए हैं। **- जहीर।**



सरकार ने बजट जारी कर साफ कर दिया है कि अब महंगाई कम नहीं होगी। सभी को उम्मीद थी कि पेट्रोल के दाम कम होंगे, जो नहीं हुए हैं। अब दाम कम होने की उम्मीद भी नही है।- **राजू।**



सरकार ने किसी वर्ग को राहत नहीं दी है। गरीबों को अब और महंगाई का झटका लगने वाला है। बजट में गैस और पेट्रोल की कीमतें कम नहीं की गयी हैं। अब और परेशानी होने वाली है। **-प्रभास।**

## युवक समेत तीन को पीटा, पत्नी से छेड़छाड़

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 30 जनवरी की रात लगभग एक बजे वह अपने गांव के राजपाल यादव के साथ कार से बरेली से आए थे। राजपाल काफी नशे में थे। कार में ही उनके साथ गाली-गलौज कर रहे थे। जिसको लेकर उनकी राजपाल यादव से कहासुनी हो गई। इसके बाद वह अपने घर पहुंचे तभी राजपाल यादव, उनका भाई नरेश यादव, धर्मेंद्र, सर्वेश, धर्मवीर पुत्र ओमपाल, राजवीर, मनोज, श्यामवीर पुत्र मोहर सिंह, लव कुमार, सुशील और कुछ और लोग लाठी-डंडे और फर्शा लेकर उनके घर में घुस आए। गाली देने लगे। उनको, उनके बेटा और बेटी को भी पीटा। पत्नी के साथ अश्लील हरकतें की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## समधी ने किया दुष्कर्म का प्रयास, रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का निकाह गांव खेड़ा निवासी युवक के साथ किया था। महिला का आरोप है कि दामाद के पिता की नीयत उनके लिए खराब थी। आए दिन छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करता था। समधी होने की वजह से महिला कुछ नहीं कह पाती थी। समधी ने महिला से उसके साथ रहने को बोला वर्ना उसकी बेटी को घर से निकालने की धमकी दी। कुछ दिनों के बाद उसने महिला की बेटी को अपने घर से निकाल दिया। महिला ने कोतवाली जाकर शिकायत की। आरोप है कि 31 अक्टूबर 2023 शाम लगभग सात बजे समधी महिला के घर आया। दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर उसकी बेटी आ गई। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली सदर पुलिस ने आरोपी छुट्टन शाह के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# किराया मांगने पर महिला को घर में घुसकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ कोतवाली दातागंज में दर्ज हुई रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** दुकान का किराया मांगने पर किराएदार अपने परिचितों के साथ मकान मालकिन के घर में घुस गया। महिला के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की। पीड़ित महिला ने पुलिस से शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। महिला कोर्ट की शरण में गई। कोर्ट के आदेश पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव गलोथी निवासी रामश्री ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि वह अनुसूचित जाति से हैं। मुख्य मार्ग पर उनकी दुकानें हैं। इसमें उनके गांव निवासी अमित कुमार किराएदार है। उन्होंने कई महीनों से दुकान का किराया नहीं दिया है। रामश्री और उनके बेटे ने कई बार अमित कुमार से किराया मांगा लेकिन वह टालमटोल करते रहे। 23 फरवरी 2023 को किराया मांगने पर उन्होंने गाली-गलौज की। रामश्री अपने घर आ गईं। दोपहर लगभग दो बजे अमित कुमार, नन्हें, हरिओम उर्फ बसंत कुमार, सिपट्टर उनके घर पर लाठी-डंडे, दराती लेकर घुस आए। रामश्री को जातिसूचक शब्द बोले। उन्होंने महिला से मारपीट की और घर का सामान तोड़ने लगे। महिला चिल्लाई तो उनका बेटा विवेक कुमार और गांव के अन्य लोग पहुंच गए। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली दातागंज पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप

### 15 फरवरी तक मिलेगा नि:शुल्क सिलेंडर

**बदायूं।** जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 15 फरवरी तक नि :शुल्क सिलेंडर का लाभ दिया जाएगा। बताया कि प्रथम चरण के दौरान जिन लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जाएगा। वहीं, द्वितीय चरण में उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मार्च माह तक लाभ दिया जाएगा। योजना के तहत इन सभी के सिलेंडर को नि :शुल्क रिफिल किया जाएगा।

### निरीक्षण कर सफाई के लिए किया निर्देशित

**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने महिला थाने में चल रहे मरम्मत और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक से बारी-बारी से सभी निर्माण के बारे में जानकारी की। उन्होंने महिला थाना परिसर का भ्रमण करके जायजा लिया। साफ-सफाई रखने को निर्देशित किया। इस दौरान एसपी देहात राम मोहन सिंह, जन संपर्क अधिकारी संजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

### उपकेंद्र पर लगा परिवर्तक गिराया, रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** विद्युत विभाग के अवर अभियंता पंकज कुमार ने थाना फैजगंज बेहटा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 जनवरी की रात गांव मुड़िया में प्राइमरी स्कूल के पास स्थित विद्युत उपकेंद्र पर लगे 250 केवीए के परिवर्तक को कुछ लोगों ने नीचे गिरा दिया। जिसकी वजह से परिवर्तक क्षतिग्रस्त हो गया और उसका पूरा तेल निकल गया। उन्होंने अज्ञात लोगों पर जानबूझकर नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ नुकसान पहुंचाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

### शवों की नहीं हुई शिनाख्त, पुलिस ने कराया अंतिम संस्कार

**बदायूं।** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव दिसौलीगंज के मैदान में 27 जनवरी को कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। उनकी गेंद पास के गड्ढे में चली गई थी। बच्चे गेंद ढूंढने के लिए गड्ढे में घुसे। जहां एक व्यक्ति का शव नग्न अवस्था में मिला था। शव के ऊपर पन्नी पड़ी थी। बच्चों ने शोर मचाया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस व्यक्ति के शव के शिनाख्त का प्रयास कर रही थी लेकिन उसका पता नहीं चल सका। जिसके चलते पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। पुलिस ने अंतिम संस्कार कर दिया है। वहीं, 30 जनवरी को थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में कस्बा आसफपुर के पास रेलवे लाइन पर महिला का शव मिला था। उसकी भी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शुक्रवार को उसके भी शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार कर दिया।

### रिटायर्ड बैंककर्मी की हार्ट अटैक से मौत



**बिसौली।** नगर की नई तहसील कालोनी निवासी सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी केडी शर्मा का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। स्व. शर्मा शुक्रवार को नगला मंदिर बदायूं में वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र पाठक के दसवां संस्कार में शामिल हुए थे। इसी दौरान उन्हें सीने में दर्द की शिकायत हुई। कुछ दूर चलते ही वे जमीन पर गिर गए और दम तोड़ दिया। सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र सोनू व मोनू शर्मा आनन फानन में मौके पर पहुंच गए। शाम लगभग साढ़े पांच बजे उनके पार्थिव शरीर को घर लाया गया। स्व. शर्मा अपने पीछे दो पुत्र, पुत्रवधुओं व चार पौत्र पौत्री छोड़ गए हैं। शनिवार सुबह सोत नदी घाट पर उनकी अंत्येष्टि की जाएगी।

### 26 जनवरी की परेड में शामिल छात्रा का किया सम्मान




**उझानी।** भदवार गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा दिल्ली से गणतंत्र दिवस में शामिल होकर वापस लौटी तो स्कूल प्रशासन ने उसके सम्मान में एक समारोह आयोजित कर उसे पुरस्कृत किया और उसकी शान में कसीदे पढ़े गए। सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि भाजपा की क्षेत्रीय मंत्री रेनू सिंह ने भदवार गर्ल्स इंटर कॉलेज की पूर्व छात्रा प्रिया रानी पुत्री विजय कुमार को सम्मानित किया। दिल्ली से लौटी छात्रा ने बड़े उत्साह के साथ अपने साथी छात्र-छात्राओं को जनवरी माह की सारी कहानी विस्तार पूर्वक सुनाई। इस अवसर पर क्रय विक्रय सहकारिता विभाग के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र शर्मा और विद्यालय के अध्यक्ष राजन मेहंदी रत्ता, विद्यालय की प्रधानाचार्य सुजाता सक्सेना सहित आदि रहे।

### दो शिक्षकों का आईसीटी स्पर्धा के लिए हुआ चयन



**बदायूं।** जिले के दो शिक्षक आईसीटी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता लखनऊ में फरवरी माह में संपन्न कराई जाएगी। इसमें शिक्षकों द्वारा जिले का प्रतिनिधित्व किया जाएग। हाल के दिनों में डाइट में हुई प्रतियोगिता के दौरान इनका चयन किया गया है। जिला प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में जनवरी माह के अंतिम दिनों में शासन के निर्देश पर आईसीटी प्रतियोगिता कराई गई थी। इसमें सभी ब्लॉकों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया था। डायट प्रवक्ता डॉ अमित कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता संपन्न कराने के बाद सहसवान ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक अनुपम चौधरी और सालारपुर ब्लॉक के संविलियन स्कूल लाही फरीदपुर की शिक्षिका आयुषी पाराशरी का चयन कर इनके नाम शासन स्तर पर भेजे गये हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता लखनऊ में फरवरी माह में आयोजित होगी, जिसमें इन शिक्षकों के द्वारा बदायूं जिले का प्रतिनिधित्व किया जाएगा।

### 150 किग्रा. वजन उठाकर मानसी ने झटका रजत पदक



बदायूं। आसिम सिद्दीकी मेमोरियल (पीजी) डिग्री कॉलेज की छात्रा मानसी चामुंडा तथा संतोषी कुमारी ने रोहिलखंड विश्वविद्यालय की ओर से 30 जनवरी को इंटर जोनल यूनिवर्सिटी पावरलिफ्टिंग वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में इनके द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले व कॉलेज का नाम रोशन किया। इसमें मानसी चामुंडा ने 49 किलोग्राम भार श्रेणी में कुल 150 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक प्राप्त किया, जबकि संतोषी कुमारी ने 45 किलोग्राम भार श्रेणी में चौथा स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं का चयन ऑल इंडिया स्टेट यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दोनों छात्राएं अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा करेंगी। इस मौके पर कॉलेज के अध्यक्ष नवेद सय्यद, मैनेजर जोहेब अली सय्यद, निदेशक जोया अली सय्यद व प्राचार्य डॉ नजीबुल हसन खान ने दोनों छात्राओं को बधाई दी।

# औपचारिकताएं पूरी कर चुके अग्निवीरों को दी जाए ज्वाइनिंग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय आह्वान पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह एवं युवा कांग्रेस कोर्डिनेटर शफी अहमद द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि अग्निपथ योजना में चयनित किए गए सभी डेढ़ लाख युवाओं को ज्वाइनिंग दी जाए और अग्निपथ योजना को स्थाई किया जाए।

जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए पहले से चयनित डेढ़ लाख उम्मीदवारों ने 2019 और 2022 के बीच सभी औपचारिकताएं पूरी की हैं, अभी भी वह नियुक्तियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस योजना में चयनित युवाओं को अनेक लाभों से वंचित रखा गया है। इस मामले में आरटीआई की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022-23 में 34 लाख युवाओं ने आवेदन किए थे उससे घटकर अब मात्र 10 लाख युवा ही इसमें ज्वाइन करना चाहते हैं।

युवा अन्य क्षेत्रों में रोजगार की खोज कर रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष विरेश तोमर गौरव सिंह राठौर ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमारे रक्षा बलों के भविष्य के लिए एक गंभीर संकट भी पैदा किया है। जिला महासचिव इगलास हुसैन ने कहा पूर्व सेना प्रमुख एमएम. नरवणे ने इस योजना को नाकाफी बताया था। इस योजना से दुखी होकर अकेले बिहार में ही 64 हजार युवाओं ने आत्महत्या की है। वक्ताओं ने मांग की है कि सेना में चयनित सभी डेढ़ लाख अभ्यर्थियों की तत्काल ज्वाइनिंग कराई जाए। स्थाई भर्ती की प्रक्रिया को बहाल किया जाए।



पत्रकारों के साथ बातचीत करते जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह व शफी अहमद।

**अग्निपथ योजना को किया जाए स्थायी, कांग्रेस ने सरकार को घेरा**

## कई युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष असरार अहमद के संयुक्त नेतृत्व में गुरुवार को सोथा मोहल्ला में जन संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। जन संवाद कार्यशाला सैकड़ों युवाओं ने राहुल गांधी के संघर्षों एवं उनकी जनभावना को प्रेरणा मानते हुए कई युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। एससी एसटी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुनेंद्र कनौजिया, शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफत अली खान, महासचिव शहर कांग्रेस कमेटी अकील अहमद सचिव शहर कांग्रेस कमेटी, जीत सिंह ने भी कांग्रेस में शामिल होने वाले साथियों का आभार व्यक्त किया।

जन संवाद कार्यशाला में कांग्रेस का दामन थामने वालों में मुख्य रूप से आलम खान कमाल अहमद खान, जसीम मियां आदि रहे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव

डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## शहर में आज

- जिले में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पखवाड़े के तहत गांव-गांव जन पंचायत कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह रिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।
- समाजवादी पार्टी एटा लोकसभा प्रत्याशी का रोड शो एवं स्वागत कार्यक्रम गांव नदरई से सुबह 11 बजे।

## कल्याण सिंह का घर माने जानी वाली एटा लोकसभा में पूर्व विधायक के आने से बढ़ीं राजनीतिक सरगर्मियां

# संगठन की सहमति से ही एटा लोकसभा में प्रयास करने आयी थी: अनीता लोधी

गजेंद्र चौहान, कासगंज


पूर्व विधायक अनीता लोधी।

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुलंदशहर से भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव का बिगुल बजाते ही वरिष्ठ नेताओं के साथ मौजूदा सांसदों ने भी चुनाव लड़ने के लिए टिकट को लेकर अंदरखाने पैरवी शुरू कर दी है। कुछ लोकसभा की ऐसी भी सीटें हैं, जहां भाजपा के धुरंधर सांसद हैं। ऐसी ही लोकसभा सीट एटा है। यहां पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया पिछले दो बार से भाजपा से सांसद हैं। कल्याण सिंह का घर माने जानी वाले एटा लोकसभा क्षेत्र में अनीता लोधी के सामने आने के बाद राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। बाबू जी कल्याण सिंह की विरासत को संभाल रहे उनके बेटे राजू भैया की दावेदारी को बुलंदशहर की डिबाई सीट से 2017 से 22 तक भाजपा से विधायक रहीं अनीता लोधी ने अपनी दावेदारी करते हुए चुनौती दी है। दो बार से सांसद राजू भैया की सीट पर अनीता की दावेदारी से एक तरह से वर्चस्व की जंग छिड़ती नजर आ रही है। दावेदारी के बाद से दोनों के समर्थकों में टकराव बढ़ गया है। गुरुवार दोपहर बाद ऐसा विवाद हुआ कि सांसद के समर्थक और अनीता सिंह ने एक दूसरे पर फायरिंग करने का आरोप लगाया। पुलिस ने अनीता लोधी के खिलाफ कासगंज के रहने वाले अखिलेश वर्मा की तहरीर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसे अनीता लोधी चेतावनी के रूप में देख रही हैं। घटनाक्रम और दर्ज हुए मुकदमे को लेकर पूर्व विधायक अनीता लोधी से अमृत विचार के संवाददाता ने शुक्रवार को बातचीत की। पेश है बातचीत के प्रमुख अंश...

**सवाल:** आप एटा लोकसभा से तैयारी कर रही हैं, ऊपर केंद्रीय कमेटी के नॉलेज में है कि आप यहां पर तैयारी कर रहे हैं आवेदन किया आपने?

**जवाब :** हां केंद्रीय कमेटी के नॉलेज में है लेकिन मामले में अभी मेरी बातचीत नहीं हुई है, मैं इस पूरी घटना की जानकारी आलाकमान को दे रही हूं।

**सवाल:** आपने चुनाव लड़ने के लिए एटा लोकसभा सीट को क्यों चुना?

**जवाब :** एक कार्यकर्ता के नाते मैंने यहां आवेदन किया है, यह एक कार्यकर्ता का अधिकार है। निश्चित तौर पर बाबूजी का रसूख है, बाबूजी हम सब के आदरणीय हैं सम्माननीय हैं, बात रही सांसद जी की तो मेरे पास सूचना थी कि पार्टी यहां से प्रत्याशी बदलना चाहती है, चीजें ठीक नहीं है। उनके विरोध के स्वर की रिपोर्ट है।

**सवाल :** आपने एटा लोकसभा पर दावेदारी की है, क्या इसके लिए आपने कोई आवेदन केंद्रीय कमेटी, प्रदेश कमेटी को दिया है?

**जवाब :** मैंने अपना आवेदन केंद्रीय कमेटी प्रदेश कमेटी और जिला कमेटी को दिया है, सबको पता है कि मैं यहां से आवेदन कर रही हूं। प्रॉपर चैनल के जरिए मैं यहां दावेदारी करने आई हूं, संगठन की सहमति के बाद ही यहां प्रयास करने पहुंची हूं। हमारी पार्टी में स्वतंत्रता है, आप मेहनत करिए प्रयास करिए तो मैं यहां प्रयास कर रही हूं।

**सवाल:** आपके राजनीतिक जीवन की शुरुआत कहां से हुई ?

**जवाब :** मेरे पिता गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय में प्रोफेसर थे और आरएसएस के खंड कार्यवाह रहे हैं तो मेरी राजनीतिक पृष्ठभूमि संघ और भाजपा की रही है। मैं 10 साल से राजनीतिक तौर पर सक्रिय हूं। इससे पहले मैं अपने पति के साथ बिजनेस कर रही थी।

**सवाल:** आपकी शिक्षा कहां से हुई ?

**जवाब :** मैं डॉक्टरेट हूं एग्रीकल्चरल साइंस में। मैंने एग्रीकल्चर से बीएससी किया है, एमएससी प्लांट पैथोलॉजी में है। गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय उत्तराखंड की थ्रू आउट फर्स्ट क्लास पास हूं।

## एक नजर

### दिव्यांग अपना यूडीआईडी कार्ड अवश्य बनवा लें

**कासगंज।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरेश चंद्र ने बताया कि जिन दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड नहीं बना है वो तुरंत बनवा लें। दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड बनवाने को किसी भी जनसुविधा केंद्र के माध्यम से वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। हार्डकापी सीएमओ कार्यालय व विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगता सशक्तिकरण कार्यालय में जमा कर दें। जिन दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड नहीं बने होंगे उनकी पेंशन लखनऊ से रोक दी जाएगी। यदि किसी को कोई संमस्या हो तो संबंधित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### आज डीएम सहावर में सुनेंगे शिकायतें

**कासगंज :** जनता की समस्याओं व शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण करने के उद्देश्य से शनिवार को डीएम सुधा वर्मा की अध्यक्षता में तहसील सहावर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। तहसील कासगंज एवं पटियाली में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में सभी क्षेत्रीय अधिकारी मौजूद रह कर जनता की समस्याओं व शिकायतों के निस्तारण में सहयोग करेंगे। बगैर किसी कारण अनुपस्थित रहने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पॉक्सो एक्ट के दोषी को सात वर्ष की सजा

**कासगंज।** थाना ढोलना से संबंधित पॉक्सो एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपी नीरज निवासी गांव अथैया थाना ढोलना को दोषी करार दिया है। दोषी को सात वर्ष का कारावास और 50 हजार रूपये के जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पीड़ित पक्ष की ओर पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम वर्मा ने की।

# महासचिव की बिजली काटी उपकेंद्र घेरकर हंगामा काटा

## किसान यूनियन स्वराज कार्यकर्ताओं ने की जमकर नारेबाजी


किसान यूनियन स्वराज कार्यकर्ताओं से बात करते एसडीओ महावीर सिंह।

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिला महासचिव के घर की बिजली काटे जाने पर भड़के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने शुक्रवार को सुजावलपुर विद्युत उपकेंद्र में जमकर हंगामा किया। भाकियू कार्यकर्ता अधिकारियों व कर्मचारियों पर मनमानी का आरोप लगा रहे थे। इस दौरान एसडीओ को ज्ञापन देकर समस्याओं का निराकरण करने की मांग की।

शुक्रवार को भाकियू स्वराज के नेता व कार्यकर्ता इकट्ठे होकर सुजावलपुर विद्युत उपकेंद्र पहुंचे।

**एसडीओ और कर्मचारियों के खिलाफ किया जमकर हंगामा**

उन्होंने वहां पहुंचते ही उपकेंद्र का मुख्य गेट बंद कर दिया और नारेबाजी करने लगे। भाकियू कार्यकर्ता कस्बे के वनखंडी निवासी जिला महासचिव शिव उपाध्याय के घर की बिजली काटे जाने से खफा थे। प्रदर्शन के दौरान भाकियू नेता अवैध वसूली फर्जी बिलिंग व मनमाने ढंग से कनेक्शन काटने का आरोप लगा रहे थे। उन्होंने जिला महासचिव शिव उपाध्याय के घर की बिजली जोड़ने हेतु ज्ञापन एसडीओ महावीर सिंह को सौंपा। इस दौरान निर्दोष तिवारी शिव उपाध्याय अजीत कुमार कर्मवीर सिंह अबरार हुसैन नन्हे आदि रहे।

> कस्बा में लाइट के लट्ठे व लाइन डालने का कार्य ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। जिसके चलते कई घरों की विद्युत लाइनें ठेकेदार या उसके कर्मियों द्वारा काट दी होगी। मगर शाम तक सभी की लाइनों को जोड़कर विद्युत आपूर्ति सुचारू करा दी गई थी।
>
> – **महावीर सिंह**, उपखंड अधिकारी सुजावलपुर

# अनियंत्रित डंपर पलटने से चालक की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


मृतक संजय।


हादसे के बाद मौके पर मौजूद पुलिस व एकत्रित भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अमापुर कोतवाली क्षेत्र के सहावर रोड पर बजरफुट उतारते समय डंपर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में डंपर चालक की केबिन में दबकर मौत हो गई। अमापुर पुलिस ने केबिन तोड़कर चालक का शव के बाहर निकाला। यह हादसा शुक्रवार सुबह कोतवाली अमांपुर क्षेत्र के सहावर-अमांपुर मार्ग पर हुआ। जहां अनवर खान इंटरप्राइजेज नाम की दुकान पर डंपर से बजरफुट उतारा जा रहा था। तभी डंपर अनियंत्रित होने पर पलट गया। इससे संजय की केबिन के नीचे दबकर मौत हो गई। चालक संजय पुत्र पूरन सिंह जिला धौलपुर के गांव सेथी का रहने वाला था। वह मध्यप्रदेश से बजरफुट लाया था। पुलिस ने जेसीबी की मदद से डंपर उठाकर संजय को बाहर निकाला।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल

**कासगंज, अमृत विचार :** अलग अलग स्थानों पर हुए सुड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। कैनाल बाईपास पर सदर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर रात सड़क पर घूम रहे गोवंश से बाइक टकराने पर 28 वर्षीय युवक घायल हो गया। घायल को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। परिजन भी पहुंच गए। परिजन घायल को निजी अस्पताल ले गए। कोई तहरीर नहीं दी है। हादसे का शिकार राधेश्याम निवासी सिकंदरराऊ हुए हैं। वहीं, थाना ढोलना के गांव कस्बा बिलराम निवासी वीरेंद्र पुत्र राम प्रसाद किसी कार्य से सहावर गए थे। वहां से देर शाम वह बाइक पर अपने घर बिलराम लौट रहे थे। रास्ते में सहावर-चाडी मार्ग पर किसी वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वीरेंद्र घायल हो गए।

# जुमे की नमाज के दौरान धार्मिक स्थलों पर तैनात रहा पुलिस बल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


जुमे की नमाज के दौरान शहर की जामा मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस।

**अमृत विचार :** अदालत की ओर से ज्ञानवापी में पूजा अर्चना की अनुमति संबंधी आदेश पारित किया जा चुका है। इसके बाद से कानून व्यवस्था को लेकर शासन-प्रशासन चिंतित है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान जिले में पुलिस-प्रशासन अलर्ट रहा। नमाज के दौरान धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस तैनात रही। शहर और कस्बों में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया।

न्यायालय द्वारा ज्ञानवापी को लेकर दिए गए फैसले के मद्देनजर जिले में शुक्रवार को विशेष सतर्कता बरती गई। डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जिले भर में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने पैदल मार्च किया।

**अधिकारियों ने कई जगह पुलिस के साथ किया पैदल मार्च**

मुख्य बाजारों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया। जुमे की नमाज के दौरान शहर और कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिदों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया। जुमे की नमाज शांति पूर्ण संपन्न हुई। शहर में सीओ अजीत चौहान, इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने पैदल मार्च किया। वहीं कस्बा अमांपुर एवं सहावर में सीओ शाहिदा नसरीन, तहसीलदार संदीप चौधरी, नायब तहसीलदार गरिमा गौतम, इंस्पेक्टर अमांपुर यतींद्र प्रताप सिंह ने पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी। गंजडुंडवारा, पटियाली, नदरई, सोरों, भरगैन में पुलिस की गाड़ियां रहीं।

केशलता अस्पताल
KESHLATA CANCER HOSPITAL LTD BAREILLY
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE!
"विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर"
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
• नि:शुल्क परामर्श
• बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
• खून की जांचों पर भारी छूट
• एक्स-रे पर भारी छूट
• सभी दवाइयों पर भारी छूट
• आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
• कैंप मैं रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

## खिली धूप, सर्दी से मिली राहत, सुहाना हुआ मौसम

**कासगंज, अमृत विचार :** पिछले करीब एक पखवाड़े के बाद शुक्रवार को चटक धूप खिली, जिससे लोगों को ठंड से राहत मिली। मौसम साफ रहने से बाजारों में रौनक दिखाई दी। हाईवे पर वाहनों का दबाव बढ़ा तो कई स्थानों पर जाम के हालात बन गए।

पिछले लगभग एक पखवाड़े से कड़ाके की सर्दी हो रही थी। इस दौरान बीच-बीच में धूम खिली, लेकिन बेअसर रही। ठंड की वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। गुरुवार को दिनभर बादल छाने के साथ रिमझिम बारिश हुई। मगर शुक्रवार को सुबह से ही मौसम साफ रहा। दिन भर चटक धूप रही। इससे लोग छतों और पार्कों में बैठकर धूप सेंकते देखे गए। मौसम साफ रहने से शुक्रवार को अधिक संख्या में लोग घरों से बाहर निकले, जिससे बाजारों में रौनक रही। जिले में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहा है।

**लापरवाही न करें, कपड़े पहनकर रहें :** बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश शर्मा ने बताया कि यह मौसम स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है, लेकिन फिर भी एहतियात रखना जरूरी है। सर्दी का अहसास कम होने पर एक साथ कपड़े पहनना कम न करें। ऊनी वस्त्रों को पहने रहें। किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी शिकायत होने पर चिकित्सक की राय से ही दवा लें। विशेषकर छोटे बच्चों को लेकर सावधानी बरतें।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

**कासगंज।** सोरों कोतवाली से संबंधित चोरी के एक मामले में गांव तकुआवर निवासी सोनू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 65 सौ रूपये नगद व चोरी का मोबाइल बरामद किया है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि कार्रवाई उपनिरीक्षक थान सिंह द्वारा की गई है। आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से अग्रिम कार्रवाई की गई है।

### पुलिस ने देसी शराब सहित एक दबोचा

**कासगंज।** सिढ़पुरा थाने के उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने मिली सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 30 पौवा अवैध देसी शराब के बरामद किए। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि आरोपी सुखवासी निवासी गांव कैलठा थाना अलीगंज जिला एटा को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई हुई है।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL RMCH BAREILLY Excellence towards profession
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे*
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

# खून के आंसू



हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की
गलतियों से अपनी
जवानी बर्बाद
कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693



अम्बा हैल्थ क्लीनिक




डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज




विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रूकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल
व आकर्षक बनायें
एवं वैवाहिक जीवन
को सफल बनायें



सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 11 फरवरी 2024, रविवार
25 फरवरी 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# डेथ क्लेम की रकम 10 दिन में जमा करें

## शहीद सैनिक की विधवा के पक्ष में स्थाई लोक अदालत ने सुनाया अपना फैसला

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** शहीद सैनिक राघवेंद्र की पत्नी ने स्थाई लोक अदालत में दी अर्जी दी। शहीद की पत्नी का कहना था कि राघवेंद्र के बैंक खाते में उनके जेठ नॉमिनी है। शहीद की डेथ क्लेम के 50 लाख रुपये बैंक में आए, जो नॉमिनी होने से जेठ कभी भी निकाल सकते हैं। रुपये निकालकर उन्हें नहीं दे रहे। बैंक भी फरियाद नहीं सुन रही। स्थाई लोक अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर विधवा के पक्ष में निर्णय सुनाया। बैंक को आदेशित किया कि 10 दिन के अंदर शहीद के खाते में आई 50 लाख रुपये की धनराशि ब्याज सहित जमा कर दें। अन्यथा वादी को विधिक तरीके से धनराशि वसूलने का अधिकार होगा। मामला कासगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहनपुरा से जुड़ा हुआ है।

उत्तराखंड में तैनात मोहनपुरा के राघवेंद्र पिछले साल 5 अक्टूबर को शहीद हो गए। लगभग एक पखवाड़े बाद उनका शव मिला। रामेंद्र ने शादी से पहले बैंक खाता खुलवाया था, जिससे बैंक खाते में बड़े भाई को नॉमिनी बना दिया था। राघवेंद्र के शहीद होने के बाद तीन नवंबर को उनके बैंक खाते में 50 लाख रुपये डेथ क्लेम के पहुंचे। उनके बैंक खाते में जेठ नॉमिनी हैं, जो शहीद की विधवा को धनराशि निकालकर नहीं दे रहे थे। विधवा ने बैंक का सहारा लिया। खाते से भुगतान पर रोक लगाए जाने का अनुरोध किया और स्वयं के हित में भुगतान करने का दावा किया, लेकिन बैंक ने नियमों का हवाला दे दिया। इसको लेकर विधवा ने स्थाई लोक अदालत ने पूरा पक्ष सुना और शहीद की विधवा का पक्ष दमदार माना। लोक अदालत के अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद, सदस्य बसंत कुमार एवं डॉ. सपना अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फैसला सुनाया। शहीद की विधवा और बच्चों के हित को देखते हुए एक पक्षीय आदेश दिया है। बैंक के प्रबंधक को स्पष्ट आदेश दिए हैं कि 50 लाख रुपये की डेथ क्लेम की धनराशि ब्याज सहित स्थाई लोक अदालत के खाते में जमा करें, जिससे शहीद की धनराशि का भुगतान विधवा को दिया जा सके। यदि भुगतान न किया तो पीड़िता को विधिक तरीके से अधिकार होगा।

स्थाई लोक अदालत में बैंक के अधिकारियों ने भी अपना पक्ष रखा। कहा कि खाते से भुगतान पर रोक लगा दी है। अदालत के निर्णय का हर हाल में पालन करेंगे।

**▸▸ शहीद के बैंक खाते में बड़े भाई हैं नॉमनी, नहीं दे रहे थे रकम**

> शहीद का भाई बैंक खाते में आश्रित है, लेकिन शहीद की पत्नी को धनराशि नहीं दे रहे थे स्थाई लोक अदालत ने दोनों पक्षों को सुना। विधवा का पक्ष सही था। इसलिए निर्णय सुनाया गया है। **-बसंत शर्मा, सदस्य सस्थाई लोक अदालत**

### कलेक्शन विच्छेद होने के बाद भी विभाग बनाता रहा बिल

**कासगंज।** पॉवर कार्पोरेशन की ओर से कनेक्शन विकसित कर दिया गया। इसके बाद न नोटिस दिया और ना बिल दिया गया। सीधे रिकवरी के लिए कामर्शियल कनेक्शन की आरसी जारी कर दी। पीड़ित ने स्थाई लोक अदालत का सहारा लिया। स्थाई लोक अदालत ने 3 लाख 13 हजार रुपये की रिकवरी को शून्य करने का आदेश जारी कर दिया। साथ ही 30 दिन के अंदर पीड़ित को जमा की गई प्रतिभूति धनराशि एवं उस पर ब्याज का भुगतान करें। स्थाई लोक अदालत का सहारा विपिन कुमार अग्रवाल निवासी करारी वाली गली ने लिया। उन्होंने अपने अधिवक्ता सुधांशु शर्मा के माध्यम से अदालत में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें लिखा कि वर्ष 2012 तक कनेक्शन की संपूर्ण बिल की धनराशि जमा कर दी गई। उसके बाद व्यापारिक प्रतिष्ठान से विद्युत कनेक्शन समाप्त कर दिया गया, लेकिन बिजली विभाग ने कोई भी अभिलेख मांगने पर भी नहीं दिया। वर्ष 2021 में अमीन द्वारा बताया गया कि विद्युत बिल के 13 लाख 13 हजार रुपया बकाया है। इसके अलावा ब्याज भी है। 21 नवंबर 2020 को आरसी जारी हो चुकी है। इस पर पीड़ित ने अवैध रूप से जारी की गई आरसी की धनराशि को शून्य करने का अनुरोध न्यायालय से किया। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद, सदस्य बसंत शर्मा एवं डॉ. सपना अग्रवाल ने पीड़ित के पक्ष के साथ ही विद्युत विभाग का भी पक्ष जाना और पीड़ित के पक्ष को तथ्यपूर्ण पाया। फिर निर्णय सुना दिया है।

# बंद नाला खुलवाने के लिए एसडीएम से मिले सपा नेता



एसडीएम कुलदीप सिंह को ज्ञापन देते सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को नगला भुजपुरा के ग्रामीणों की समस्या को लेकर एसडीएम को मांग पत्र दिया है। कार्यकर्ताओं ने समय रहते समस्या के निराकरण की मांग की है।

एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि भुजपुरा गांव से जो तीन किलोमीटर का नाला निकलता है उसको बीच-बीच में लोगों ने बंद कर दिया है, जिसकी वजह से खेतों में पानी भर जाता है। ग्रामीणों और किसानों के हित में नाले की सफाई कराई जाए। वहीं पटियाली ब्लॉक के वहोरा से राजेपुर कुर्रा तक जाने वाली सड़क पर गंगा कटान की वजह से पांच महीना पहले एक पुलिया टूट गई थी जिसका निर्माण कार्य अभी तक नहीं कराया गया है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो सपा ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी। इनमें सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी, पटियाली विधानसभा के अध्यक्ष मुनेंद्र शाक्य के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**▸▸ नगला भुजपुरा गांव से संपर्क मार्ग बेहतर बनाने की मांग**

## सार-संक्षेप

### पेंशन लाभार्थियों के खाते में पहुंची तीसरी किश्त

**कासगंज।** समाज कल्याण विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के पेंशन लाभार्थियों की तृतीय किश्त गुरुवार को लाभार्थियों के खाते में भेज दी। इसमें जिले के 12884 लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार पांडेय ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय समाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय वृद्धा योजना पेंशन संचालित है। वित्तीय वर्ष 2023-24 का पेंशन का भुगतान आधार बेस्ड से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में 12884 लाभार्थियों को प्रत्येक लाभार्थी को तीन हजार रूपये पेंशन की तृतीय किश्त धनराशि लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित की गई है। उन्होंने बताया कि 40300500 रूपये का भुगतान उनके आधार लिंक बैंक खाते में किया गया है। वृद्धा अवस्था के ऐसे लाभार्थी जिन्हें बीते वित्तीय वर्ष में पेंशन प्राप्त होती थी, परंतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में पेंशन से वंचित रहे हैं ऐसे लाभार्थी वृद्धावस्था पेंशन की विभागीय वेबसाइट पर अपना आधार प्रमाणीकरण एवं संबंधित बैंक में आधार सीडिंग करा लें, जिससे उन्हें भी पेंशन की धनराशि का हस्तांतरित की जा सके।

### पेंशनर आयकर संबंधी कागजात शीघ्र जमा करें

**कासगंज।** वरिष्ठ कोषाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि जो पेंशनर अपनी पेंशन जिला कोषागार कासगंज से प्राप्त कर रहे हैं और आयकर की परिधि के अन्तर्गत आते हैं, वे अपने बचत विनियोग संबंधी प्रपत्र पेन कार्ड एवं बैंक पासबुक की सत्यापित छायाप्रति कोषागार में शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे उनके आयकर की गणना कर फरवरी माह की पेंशन का भुगतान समय से किया जा सके। यदि पेंशनर द्वारा अपनी बचत विनियोग निर्धारित अवधि तक उपलब्ध नही कराए जाते हैं, तो कोषागार द्वारा अपने स्तर से आयकर की कटौती कर पेंशन का भुगतान कर दिया जाएगा। पेंशन स्टेटमेंट के लिए कोषवानी की बेबसाइट पर अपनी पेंशन का स्टेटमेंट चैक कर सकते हैं।

### पटियाली पुलिस ने वारंटी गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कासगंज।** पटियाली कोतवाली के संबंधित एक मामले में न्यायालय से फरार चल रहे वारंटी को उपनिरीक्षक चंद्रेश गौतम ने मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि आरोपी मनवीर निवासी गांव बल्लिया कोतवाली पटियाली को पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से अग्रिम कार्यवाही की गई है।

### उद्योग विभाग की योजनाओं का लाभ उठाएं

**कासगंज।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र कासगंज द्वारा वित्तीय वर्ष में जिले के शिक्षित बेरोजगारों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में इकाई स्थापना के लिए बैंकों के माध्यम से अनुदानयुक्त ऋण उपलब्ध कराए जाने के लिए योजना संचालित है। योजनांतर्गत लाभार्थियों को कुल परियोजना का 25 फीसद अनुदान अनुमन्य है। आवेदन के लिए 18 से 40 वर्ष के मध्य आयु एवं शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल पास होना अनिवार्य है। आवेदक किसी बैंक एवं वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो। योजनांतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए वेव साइट पर ऑनलाइन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

# जनता की समस्याओं से बेखबर है सरकार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने पीडीए पखवाड़े तहत अमांपुर के शंकर गेस्ट हाउस में पंचायत लगाई गई। सपा नेताओं ने समाजवादी पार्टी की नीतियों और सत्ता में रहते कराए गए विकास कार्यों को गिनाया। वहीं भाजपा सरकारों की विफलताओं पर चर्चा की।

जन पंचायत में वरिष्ठ जिला सचिव लक्ष्मन सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासन में जनता को सस्ती खाद, बीज, दवा, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली दी गई। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिया गया और 65 लाख महिलाओं को पेंशन दी गई थी । सभी प्रदेश वासियों के लिए 100 नंबर, 102 नंबर एंबुलेंस, 108 नंबर एंबुलेंस की सुविधा दी गई । भाजपा सरकार ने इतनी महंगाई बढ़ा दी है कि आम आदमी को दो वक्त की रोटी मुश्किल खा पा रहा है और किसान आत्म हत्या कर रहा है। व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष रिंकू महाजन ने कहा कि भाजपा सरकार का जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। नगर अध्यक्ष बॉबी गुप्ता, विशाल कश्यप, मथुरा सिंह मुखिया, राजकुमार यादव, विकास यादव प्रधान, सुधीर कुमार यादव, वीरेश यादव प्रधान, शकील अहमद, अखंड प्रताप सिंह यादव आदि रहे।



अमांपुर में आयोजित जन पंचायत में मौजूद सपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी।

**▸▸ संविधान के साथ किया जा रहा है खिलवाड़, निशाना बनाए जा रहे विपक्षी**

**▸▸ सपाइयों ने पीडीए पखवाड़े के तहत अमांपुर में लगाई गई जन पंचायत**

# कार्यकर्ता चौपाल लगाकर बताएंगे सरकारी योजनाएं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** भाजपा नगरिया मंडल की कार्यशाला गांव चलो अभियान के तहत मिर्जापुर के एक पब्लिक स्कूल में हुई। इसमें प्रवासी कार्यकर्ताओं को चौपाल लगाकर गांव गांव सरकार की योजनाएं व उपलब्धियां गिनाने को कहा गया।

कार्यशाला मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान व मुख्य अतिथि डा. योगेंद्र चौहान ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मल्यार्पण का आरंभ की। डा. योगेंद्र चौहान ने कहा कि मंडल में जितने गांव हैं उन सब पर प्रवासी कार्यकर्ता लगाए गए हैं, जिनको गांव में 24 घंटे का प्रवास करके केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को बताना है। समाज की अंतिम सीढ़ी पर खड़े व्यक्ति को भी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में भाजपा कार्यकर्ता मददगार बनें। भाजपा नेता ब्रह्मानंद सोलंकी, मण्डल उपाध्यक्ष अभय प्रताप सोलंकी, धीर सिंह राठौर, मण्डल मंत्री विजय सोलंकी, जितेंद्र मौर्य, शक्ति केंद्र संयोजक हिम्मत सिंह, कर्मवीर सोलंकी, सत्यपाल सिंह, अनुज चौहान, सुशील दिवाकर, हरिओम मौर्य, जयविंदर यादव, दिनेश सोलंकी, नेतराम बघेल, मनोज ठाकुर, विशाल सोलंकी, आदि मौजूद रहे।



कार्यशाला में संबोधित करते मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान।

**▸▸ गांव चलो अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को किया गया जागरूक**

उधर, गंजडुंडवारा के एक शादी हॉल में गांव चलो अभियान की बैठक हुई। इसमें मंडल प्रभारी प्रवेंद्र राना ने कहा कि कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाए। अभियान के जरिए गांव-गांव प्रवास कर सरकारी योजनाओं को सभी गांवों तक पहुंचाया जाएगा। यह अभियान चार शुरू होकर 11 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान जिला महामंत्री हीरालाल कश्यप, मण्डल अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल, राम प्रताप सिंह, पुष्कर पुण्डीर, पकंज सोलंकी, शोएब हुसैन, अजय गुप्ता, केके उपाध्याय, विनय द्विवेदी, मंजू शाक्य आदि रहे।

## एक नजर

### विश्व कल्याण को सनातन धर्म ने दिखाया रास्ता

एटा। अखिल भारतीय सनातन परिषद के नवनियुक्त प्रदेश संगठन महामंत्री रंजीत कुमार उर्फ राजू के शुक्रवार को मारहरा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। बबलू चौधरी के आवास पर हुआ। इस मौके पर राजू आर्य ने कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे पुराना धर्म है, जिसमें सबके कल्याण की कामना की गई है। वहीं, अखिल भारतीय सनातन परिषद विश्व स्तर पर सनातन के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य कर रहा है। बड़ी संख्या में लोग सनातन को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर राजू आर्य ने जिला केशरी बने शिवा पहलवान को सम्मानित किया। डॉ. राबिन यादव को बबलू चौधरी ने शॉल ओढ़ाकर व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान प्रधान सुमित कुमार, प्रवेश यादव, दिनेश यादव, सतेन्द्र यादव, ओमकार, सतेन्द्र, प्रदीप कुमार, किशू यादव, राहुल भारद्वाजआदि रहे।

### डीएम आज अलीगंज में

एटा। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम प्रेम रंजन सिंह तहसील अलीगंज शिकायतें सुनेंगे। एडीएम एफआर सदर व एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश जलेसर तहसील में रहेंगे।

# युवती से दोस्ती के चलते की गई थी सोहिल खान की हत्या

## पुलिस ने युवती के हत्यारोपी पिता व उसके साथी को किया गिरफ्तार

संवाददाता, एटा/ जलेसर

**अमृत विचार :** जलेसर कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती हथौड़ा करवा निवासी सोहिल की हत्या एक युवती से दोस्ती के चलते की गई थी। पुलिस ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

जलेसर कस्बे के नई बस्ती हथौड़ा करवा निवासी असलम खान का बेटा सोहिल खान 26 जनवरी को लापता हो गया था। परिजनों के तलाशने पर अगले दिन सोहिल की बाइक अकराबाद बंबा में पड़ी मिली थी। दो दिन बाद 28 जनवरी को असलम खान ने अपने बेटे सोहिल का अपहरण कर हत्या का आरोप लगाते हुए प्रवीन शर्मा उर्फ पम्मी पंडित व उसकी पत्नी और दो अज्ञात



एटा पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

**26 जनवरी को लापता हुआ था सोहिल, 28 को आगरा इलाके में मिली थी लाश**

लोगों के खिलाफ जलेसर थाने में तहरीर दी थी, जिसके आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। दो दिन बाद 28 जनवरी को सोहिल का शव आगरा जिले के थाना एत्मादपुर क्षेत्र में रेलवे लाइन किनारे लावारिस पड़ा मिला था। मगर परिजनों को इसकी जानकारी 31 जनवरी को मिली थी, जिसके बाद उन्होंने जाकर शिनाख्त की थी। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे जलेसर पुलिस ने आरोपी प्रवीन शर्मा उर्फ पम्मी पंडित व उसके साथी धर्मपाल उर्फ टुल्लन को ग्राम रेजुआ बंबा की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास घटना में प्रयुक्त अल्टो कार भी बरामद हुई। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया।

एएसपी धनंजय कुशवाहा ने बताया कि आरोपी प्रवीन शर्मा उर्फ पम्मी पंडित की पुत्री से सोहिल की दोस्ती थी। सोहिल विवाह दूसरी जगह हो चुका था। बावजूद इसके वह लगातार युवती से संपर्क बनाए रहा। इसी को लेकर आरोपी पम्मी पंडित ने सोहिल को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। इसके बाद अपने साथियों की मदद से सोहिल की हत्या कर दी।

## महिला लेखपाल ने लगाया नियम विरुद्ध निलंबन का आरोप

**संवाददाता, एटा, अमृत विचार** : लेखपाल शिवांगी भारद्वाज ने सदर तहसील के अधिकारियों पर शुक्रवार को गंभीर आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की है। शिवांगी का कहना है कि 26 अप्रैल 2022 को लेखपाल राधेश्याम राजपूत पर समय प्रभारी रजिस्टर कानूनगो कार्यालय का अतिरिक्त चार्ज था। उनकी नियम विरुद्ध आख्या पर तत्कालीन तहसीलदार चंद्र प्रकाश सिंह ने पद का दुरुपयोग कर शिवांगी को निलंबित कर दिया।

महिला लेखपाल शिवांगी का कहना है कि समान पद वाला सामान पद वाले कर्मचारी को किसी के विरुद्ध आख्या प्रेषित करने का अधिकार नहीं होता है। बावजूद इसके राधेश्याम राजपूत ने आख्या प्रेषित की थी, जिस पर तत्कालीन तहसीलदार चंद्र प्रकाश सिंह ने नियम विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई कर दी। लेखपाल शिवांगी ने बताया कि दोषी न होते हुए भी उनके खिलाफ नियम विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई कर दी गई।

# खेतों पर तार लगाकर झटका मशीन से करंट छोड़ रहे किसान

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** खेतों पर खतरनाक तार लगाने पर शासन ने रोक लगा रखी है। बावजूद इसके किसान खेतों की मेढ़ पर तार लगाकर उनमें झटका मशीन से करंट छोड़ देते हैं। करंट की चपेट में आने से पशु जख्मी हो रहे हैं। बावजूद इसके प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

जिले में अधिकतर किसानों के खेत में सरसों, गेहूं व मटर की फसल खड़ी है। निराश्रित गोवंश इन फसलों को उजाड़ देते हैं, जिसकी वजह से किसान परेशान हैं। फसल को बचाने के लिए किसानों को रात में जागना पड़ता है। फसलों को बचने के लिए किसान अपने खेत के चारों ओर झटका मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। झटका मशीन से खेत की मेढ़ों पर लगे ताकर में करंट छोड़ दिया जाता है। झटका तारों से कई हादसे हो चुके हैं। गुरुवार को मटर की फसल देखने खेत पर गए बालक की झटका मशीन के तारों से करंट लगे पर मौत हो गई थी।



शहर के बाईपास स्थित एक खेत में लगे झटका मशीन के तार। ● अमृत विचार

**शासन ने खेतों पर खतरनाक तार लगाने पर लगा रखी है रोक**

**करंट की चपेट में आकर जख्मी हो रहे पशु, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान**

"किसानों ने खेतों में तार लगाकर झटका मशीन से जो करंट दिया जा रहा है, वो गैरकानूनी है। यदि किसी के खेत में तार लगे मिलते हैं तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
**-अवधेश कुमार बाजपई**, सीडीओ एटा

"शासन ने इन तारों को लगाने पर रोक लगा रखी है। जल्द ही अभियान चलाकर खेतों में लगे तारों को हटवाया जाएगा। पंचायतों को भी सूचित किया जाएगा। फिर भी अगर किसी के खेत में ये तार व झटका मशीन लगी मिलती है तो उस किसान के खिलाफ कार्रवाई होगी।
**- भावना विमल**, एसडीएम सदर

## गड्ढों में तब्दील हुईं शहर की सड़कें, लोग परेशान

**एटा, अमृत विचार :** शहर की कई सड़कों में गड्ढे होने से लोगों को निकलने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। शहर से होकर गुजरने वाले गंजडुंडवारा व आगरा मार्ग समेत कई सड़कें जर्जर हो चुकी हैं।

शहर की सड़कों का बुरा हाल हो चुका है। जगह जगह गहरे गड्ढे हो चुके हैं जिसकी वजह से वाहन चालक इन गड्ढों में हिचकोले खा रहे हैं। सबसे अधिक दोपहिया वाहन चालकों को निकलने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। शहर से गुजरने वाले गंजडुंडवारा मार्ग की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। पिछले पांच सालों से इस मार्ग की मरम्मत नहीं कराई गई है। वहीं शहर से गुजरने वाले टूंडला मार्ग की भी हालात सबसे ज्यादा खराब हो रही है। जगह जगह गहरे गड्ढे हो चुके हैं, वहीं लोक निर्माण विभाग द्वारा जगह जगह पेचवर्क कराया था वह भी पूरी तरह से उखड़ चुके है। जिसकी वजह से लोगों को निकलने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# साप्ताहिक बंदी के दिन खुला बाजार, श्रम विभाग की टीम ने किए 7 दुकानों के चालान

संवाददाता, अवागढ़

**अमृत विचार :** श्रम विभाग की टीम ने शुक्रवार को कस्बे में छापा मारा। जहां साप्ताहिक बंदी के दिन बाजार खुला पाया गया। छापामार टीम ने आधा दर्जन से अधिक दुकानों के चालान किए। के खिलाफ कार्रवाई की है।

जिला प्रशासन ने अबागढ़ में साप्ताहिक बंदी का दिन शुक्रवार तय किया है। बावजूद इसके आधे से ज्यादा दुकानदार साप्ताहिक बंदी के दिन दुकानें खोलते हैं। इसका पता लगने पर शुक्रवार दोपहर श्रम विभाग के निरीक्षक राज बाबू व लिपिक मुनेश कुमार कुशवाह पुलिस के साथ अबागढ़ बाजार जा पहुंचे। इस दौरान कोतवाली से लेकर बारहद्वारी, अखाड़ा चौराहा, लोहामंडी, गारमेंट्स बाजार, रोडवेज तिराहा, आगरा-एटा मार्ग के आधा दर्जन से अधिक प्रतिष्ठानों के चालान किए गए। श्रम विभाग की टीम के पहुंचते ही दुकानदार धड़ाधड़ दुकानों के शटर गिराने लगे।



अबागढ़ बाजार में पूछताछ करते श्रम विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

**प्रशासन ने तय किया है साप्ताहिक बंदी का दिन शुक्रवार, व्यापारी आदेश का उल्लंघन कर रोज खोल रहे दुकानें**

श्रम प्रवर्तन अधिकारी यादवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि बंदी का पालन न करने वाले सात प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आगामी शुक्रवार से बंदी का पालन करने के लिए थाना कोतवाली को आदेशित किया गया है। वहीं श्रम विभाग की टीम भी नजर बनाए रहेगी।

## सार-संक्षेप

### भाकियू नेताओं ने कलेक्ट्रेट में की महापंचायत



एटा। भारतीय किसान यूनियन के किसान गुट कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को किसानों की समस्यायों को लेकर कलेक्ट्रेट में महापंचायत की। इस दौरान कई थानों की पुलिस तैनात रही। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे भाकियू किसान गुट के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुए। जहां किसान संदेश महापंचायत का आयोजन किया गया है। इसमें अध्यक्ष पवन ठाकुर सहित तमाम पदाधिकारियों ने संबोधित किया। राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव शिव प्रताप सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों में सरकार द्वारा सस्ता घरेलू रसोई गैस सिलेंडर व अन्य सुविधा प्रदान की जा रही है वैसे ही यूपी में भी किया जाए। वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने अभी तक एमएसपी को वापिस नहीं लिया। किसानों के कर्ज माफी को लेकर भी कोई कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि अगर किसानों की मांग नहीं होती तो भारतीय जनता पार्टी ज्यादा दिन तक नहीं चलेगी।

### भाजपा को हराने के लिए मुस्लिम व दलित काफी



एटा। कांग्रेस शहर अध्यक्ष लाला बाबू के साथ कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव व एटा प्रभारी डॉ. अबरार अली ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत की। उन्होंने ने कहा प्रदेश में मुस्लिम 20 और दलित 21 फीसदी हैं। दोनों मिलाकर 41 फीसदी होते हैं, जो एक होने पर बीजेपी को हराने के लिए काफी हैं। बाकी सारा समाज कांग्रेस के साथ है। यूथ कांग्रेस के पूर्व महासचिव इमरान अली ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम पूरे प्रदेश में अभियान चलाकर दलित-मुस्लिम को साथ लेकर कांग्रेस को राज्य में सत्ता में लाने की मेहनत कर रहे हैं। इस दौरान जिला ध्यक्ष गंगासहाय लोधी, यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद हसीन, यूथ कांग्रेस के एटा विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद रियाज अब्बास, कांग्रेस सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष मोहम्मद तसव्वूर, कांग्रेस युवा नेता मोहम्मद फैसल, कांग्रेस शहर उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।





# अलीगढ़ व एटा की टीमों को मिली विजयश्री, सेमीफाइनल में पहुंचीं

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी में जिला फुटबाल संघ के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रथम मैच लखनऊ व अलीगढ़ के मध्य खेला गया। मैच से पहले अतिथि डॉ. ललित द्विवेदी, देवेंद्र चौधरी, अजय नारायण कुलश्रेष्ठ ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

मैच की शुरूआत में लखनऊ की टीम के यश चोपड़ा ने पहले हाफ में गोल कर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला ली। दूसरे हाफ में अलीगढ़ की टीम ने अंतिम समय में अलेक्स व शुभम के गोल की मदद से मैच में दो एक से विजय प्राप्त की। लखनऊ टीम की ओर से मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राजू कश्यप को देवेंद्र चौधरी ( बंटी), राजीव यादव, अनूप दुबे ने स्मृति चिह्न व सेवाराम कश्यप ने 500 रुपये का नगद पुरस्कार दिया।



स्टेडियम में खेलते लखनऊ व अलीगढ़ की फुटबॉल टीम के खिलाड़ी।

**पंडित गोविंद वल्लभ पंत स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन**

प्रतियोगिता का दूसरा मैच एटा डीएफए एवं शिकोहाबाद क्लब के बीच खेला गया। एटा की टीम शुरुआत से शिकोहाबाद पर हावी रही और प्रथम हाफ में सुमित ने किए 3 व अर्जुन के 1 गोल की मदद से 4-0 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में शिकोहाबाद की टीम के चन्द्र प्रकाश ने गोल करके टीम को 4-1 के स्कोर पर ला दिया। मैच के अंतिम समय में एटा के खिलाड़ियों ने अपने खेल का कौशल का दबदबा दिखाते हुए गोलू, मनीष दुबे, अर्जुन ने किए गोल की मदद से अंत में मैच 7-1 से विजय प्राप्त कर ली। इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिकोहाबाद टीम के अंकुश को मैन ऑफ द मैच का स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।

निर्णायक की भूमिका अविनाश, यश, मनोज कोच एवं सुभाष चौहान ने निभाई।

### गैंगस्टर एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

एटा। जिले में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एसएसपी राजेश कुमार सिंह के निर्देशन व एएसपी धनंजय सिंह कुशवाहा के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित आरोपी फुरकान पुत्र खैराती निवासी ग्राम ठीकरी थाना भोजपुर मुरादाबाद को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

# हाईवे पर लगे साइन बोर्ड पर लगा दिए अवैध होर्डिंग

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** शहर के जीटी रोड समेत कई मार्गों पर लगे साइन बोर्ड पर अवैध होर्डिंग्स लगा रखे हैं। इसकी वजह से यात्रियों को साइन बोर्ड नजर नहीं आते है। मगर लोक निर्माण विभाग की ओर से अवैध होर्डिंग लगाने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**सीन 1** शहर के जीटी रोड पर स्थित गोपाल गोशाला के सामने लोक निर्माण विभाग ने लगाए साइन बोर्ड पर दूसरे जिलों की दूरी लिखी है। इस साइन बोर्ड पर अवैध तरीके से होर्डिंग्स लगा दिया गया है, जिस कारण इधर से गुजरने वाले वाहन चालकों को साइन बोर्ड दिखाई नहीं देता। इससे कई बार वाहन चालक भ्रमित हो जाते हैं।



जीटी रोड पर लगे साइन बोर्ड पर लगा होर्डिंग।

**सीन 2** शहर से गुजरने वाले शिकोहाबाद मार्ग पर लगे साइन बोर्ड पर पुराना होने की वजह से धूल जमने के साथ घास उग आई है। जिस कारण इधर से जाने आने वाले यात्रियों को अन्य जिलों के नाम और दूरी साफ नजर नहीं आती है। इसकी वजह से यात्री भ्रमित हो जाते हैं।





शिकोहाबाद मार्ग पर लगे साइन बोर्ड पर खड़ी घास।

"शहर के प्रमुख मार्गों पर लगे साइन बोर्डों पर जिन लोगों ने अवैध रूप से होर्डिंग्स लगा रखे हैं उन्हें नोटिस दिया जाएगा। साथ ही अवैध होर्डिंग हटवाएं जाएंगे। जिन होर्डिंग पर घास या गंदगी है। उन्हें विभागीय कर्मचारियों से जल्द साफ कराया जाएगा।
**-मुनेशवीर सिंह**, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

**साइन बोर्ड ढके होने से भ्रमित हो रहे दूसरे जिलों को जाने वाले वाहन चालक, पीडब्ल्यूडी विभाग नहीं दे रहा ध्यान**



लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्गों पर लगाए गए साइन बोर्ड पर अवैध होर्डिंग्स लगा दिए गए हैं, जिसकी वजह से वाहन चालकों को अन्य जिलों के नाम और दूरी का पता नहीं चल पाता है। **-हनुमंत सिंह**



शहर के प्रमुख मार्गों पर लगे साइन बोर्ड की सफाई नहीं कराई गई, जिससे उस पर अन्य जिलों के नाम और दूरी यात्री स्पष्ट रूप से नहीं पढ़ पाते हैं। इससे यात्रियों को खासी दिक्कत होती है। **-अमन गुप्ता**, शिकोहाबाद रोड

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1138249 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला। **कपीस कुमार पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम व पो. निझौटा तह. पलिया खीरी।**

सूचना
मैंने अपने दोनों बच्चों के नाम में संशोधन किया है। मो. अयान की जगह मो. अरहान एवं फिजा खान की जगह आफिया पुत्र/पुत्री फुरकान हुसैन, निवासी बूँची, पोस्ट शीशगढ़, तह. मीरगंज, जिला बरेली पढ़ा व लिखा जाये।

सूचना
सर्वविदित हो कि मेरा नाम बैंक खाते में आधार कार्ड के अनुसार नन्हेंलाल पुत्र रामकुमार अंकित है कृषि अभिलेखों में नन्हूलाल पुत्र राज कुमार अंकित है। नन्हेंलाल, नन्हू लाल व ननहूलाल तीनों नाम से मैं जाना जाता हूँ। अब मैं नन्हू लाल पुत्र राजकुमार के नाम से जाना जाऊँगा। **राजकुमार व रामकुमार मेरे पिता के नाम है पिता को भी उक्त नाम से जाना जाए। नन्हू लाल पुत्र राजकुमार नि.ग्रा.खेड़ा मझखेड़ा, परगना जलालपुर तहसील-तिलहर, शाहजहाँपुर**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# इंडस्ट्री लगाने वालों को प्राथमिकता पीछे हटने वाले निवेशकों से किनारा

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में उद्योग बंधु व ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिति की बैठक

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों से वार्ता करतीं मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल।

**अमृत विचार :** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन में निवेशक बनकर एमओयू साइन करने वाले उद्यमियों की हकीकत सामने आने पर मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने नाराजगी जाहिर की। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए उत्साह दिखाने वाले उद्यमियों का प्राथमिकता से ध्यान रखने को कहा। वहीं एमओयू साइन करने के बाद भूमि उपलब्ध न होने समेत कई समस्याएं बताकर पीछे हटने वालों को किनारे करने के निर्देश दिए।

आयुक्त सभागार में मंडल स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में मंडलायुक्त का सबसे अधिक फोकस कुछ ही दिन में होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए निवेशकों को तैयार करने पर रहा। समीक्षा में मंडल के सैकड़ों निवेशकों से संपर्क नहीं होने पर बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर जिले के अफसरों को चेतावनी दी। अटल मिशन योजना में 980 करोड़ रुपये यूपीसीडा को औद्योगिक क्षेत्रों के उच्चीकरण के लिए आवंटित किए जाने पर मंडलायुक्त ने कहा कि चारों जिलों के उद्यमी औद्योगिक क्षेत्रों के उच्चीकरण का प्रस्ताव क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा को उपलब्ध कराएं। उद्यमियों ने खाद्य एवं प्रसंस्करण नीति-2022 में कैपिटल सब्सिडी के आवेदन लंबित होने की जानकारी दी।

इस दौरान नगर विकास विभाग की ओर से पर्यटन इकाइयों को उद्योग का दर्जा देने संबंधी अधिसूचना जारी होने पर उद्यमियों ने मंडलायुक्त का आभार प्रकट किया। कहा कि होटल इंडस्ट्री को पर्यटन उद्योग का दर्जा देने से नए उद्यमियों को फायदा पहुंचेगा। मिनी ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित कराने के अनुरोध पर मंडलायुक्त ने बीडीए के अफसरों से उद्यमियों के

▸▸ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए निवेशकों को तैयार करने पर रहा पूरा फोकस

साथ मिलकर भूमि का चिन्हांकन कर जानकारी देने के निर्देश दिए।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 की अद्यतन प्रगति की समीक्षा में संयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला ने बताया कि बरेली मंडल में 1254 एमओयू हुए जिनमें 72698.523 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावित हैं। इनमें कुल 504 प्रस्तावों के तहत 34680.02 करोड़ रुपये का निवेश ग्राउन्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त 359 इकाइयां पाइप लाइन में है, जिनमें 16942.930 करोड़ रुपये का निवेश होना है। समीक्षा में इन इकाइयों के स्टेटस में कई विसंगतियां मिलने पर असंतोष जाहिर किया।

### एमएसई इकाइयों को परिवर्तन शुल्क से रखा जाएगा मुक्त

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने उद्यमियों की समस्याएं सुनकर बताया कि विकास प्राधिकरणों के क्षेत्र में आने वाली कृषि भूमि के भू उपयोग औद्योगिक कराने में अब सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों एवं प्लेज पार्कों को परिवर्तन शुल्क से मुक्त रखा जाएगा। खाद्य एवं प्रसंस्करण नीति के 34 प्रकरणों में छह प्रकरणों में लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किए गए।

### ये रहे बैठक में मौजूद

बैठक में उप निदेशक पर्यटन बृजपाल सिंह, उप निदेशक कृषि राजेश कुमार, उपायुक्त बरेली/शाहजहांपुर अनुराग यादव, उपायुक्त पीलीभीत आत्मदेव शर्मा, सहायक आयुक्त उद्योग कामिनी यादव, एसई पीडब्ल्यूडी अभिनेश कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रोहित सिंह, पवन अरोड़ा, राजेश मौजूद रहे।

## हाईवे पर सफर होगा महंगा, 10 फीसदी बढ़ेगा टोल

**बरेली, अमृत विचार :** हाईवे का सफर जल्द महंगा होने जा रहा है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की ओर से टोल टैक्स में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की तैयारी की है। इसका असर रोडवेज बसों के किराए में भी देखने को मिलेगा। नई दरें एक अप्रैल से लागू कर दी जाएंगी।

जिले की सीमा में एनएचएआई के तीन टोल हैं। इनमें दिल्ली रोड पर फतेहगंज पश्चिमी, लखनऊ रोड पर फरीदपुर और पीलीभीत रोड पर रिठौरा के पास लभेड़ा में एक टोल प्लाजा पड़ता है। जबकि नैनीताल पर रोड यूपी स्टेट हाईवे अथारिटी का टोल प्लाजा है। एनएचएआई के लभेड़ा टोल पर टू लेन होने की वजह से वाहन चालकों को अन्य के मुकाबले 60 फीसदी कम टोल देना पड़ता है। एक अप्रैल से टोल टैक्स में 10 फीसदी वृद्धि होने से नेशनल हाईवे पर वाहन लेकर चलने वालों को अधिक खर्च करना होगा। रोडवेज बसें भी टोल बढ़ने के बाद किराया बढ़ा सकती हैं। पिछले साल भी टोल टैक्स में बढ़ोतरी होने के बाद बसों का किराया बढ़ाया गया था। नेशनल हाईवे के अफसर बताते हैं कि टोल टैक्स में हर साल चार से दस प्रतिशत तक की वृद्धि की जाती है। इसका मकसद टोल बढ़ाने के साथ ही लोगों को सुविधाएं बढ़ाना भी है।

## जेसीबी चालक नईम दबोचा अब जमशेद की तलाश तेज

संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** छजलैट गोकशी प्रकरण में विश्व हिंदू परिषद के (धर्म प्रसार विभाग) जिला प्रमुख मोनू विश्नोई उर्फ सुमित समेत चार लोगों के जेल भेजे जाने के बाद फरार दो अभियुक्त में नईम पुत्र छोटे को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नईम जेसीबी चालक है। वह खनन में काम करता है। अब पुलिस शेष बचे एक और अभियुक्त जमशेद की तलाश में लगी है। जमशेद का भाई शाहबुद्दीन शुरूआत में ही मोनू विश्नोई के साथ ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस दौरान पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि 28 जनवरी को शाहबुद्दीन और इसके भाई जमशेद ने जिस गाय को काटा था, वह गर्भवती थी। यह गाय चेतरामपुर की विमला देवी पत्नी सुरेश की थी, इसी गांव के दोनों भाई शाहबुददीन व जमशेद उसी रात में चोरी कर उसे गांव के जंगल में जाकर काट दिया था। जबकि, इससे पहले 16 जनवरी को नईम गोवंशीय पशु को काटकर उसका सिर व खाल समदपुर चौराहा के पास कांवड़ पथ पर डाल आया था। समाज में आपसी भाईचारे को बिगाड़ने एवं थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने के मकसद से गोकशी जैसी घिनौने कार्य के लिए विश्व हिंदू परिषद के तहसील कांठ के प्रखंड अध्यक्ष राजीव चौधरी ने नईम को 2,000 रुपये दिए थे। वरिष्ठ उप निरीक्षक जितेंद्र वर्मा ने बताया कि उन्होंने नईम को सराय खजूर चौराहे से गिरफ्तार किया है।

▸▸ 16 जनवरी को कांवड़ पथ पर गाय के अवशेष डालने को नईम को मिले थे 2,000 रुपये

यह आरोपी सीकरी गांव का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि पुलिस को पता चला है कि गिरफ्तार अभियुक्त नईम जेसीबी से बालू-मिट्टी के खनन का काम करता है। दूसरी तरफ, छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि इस पूरे मामले की विवेचना एसएसआई जितेंद्र वर्मा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गोकशी प्रकरण में जांच के बाद प्रकाश में आए कुल छह अभियुक्तों में अब गिरफ्तारी के लिए केवल शाहबुद्दीन का भाई जमशेद शेष बचा है। इसकी गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस टीमें संदिग्ध स्थलों पर दबिश दे रही हैं।

यह लोग भेजे जा चुके हैं जेल : मोनू विश्नोई उर्फ सुमित, राजीव चौधरी, रमन चौधरी, शाहबुद्दीन, नईम।

## अभिनेत्री अमीषा पटेल को कोर्ट से मिली बड़ी राहत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अभिनेत्री अमीषा पटेल (47) की अर्जी पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार ने सुनवाई करते हुए जमानत की मंजूरी दे दी है। अमीषा पर मुरादाबाद में एक पार्टी से 11 लाख रुपये एडवांस लेकर भी डांस न करने और रुपये न लौटने का आरोप है। इस मामले में अभी 23 जनवरी को ही अमीषा पटेल मुरादाबाद आई थी और जमानती प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर कर लौट गई थी।

अभिनेत्री के अधिवक्ता अभिषेक कुमार शर्मा ने बताया कि जिला जज ने सुनवाई के बाद प्रथम जमानत प्रार्थना पत्र पर मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि अब इस मामले में ट्रायल चलेगा, साक्ष्य प्रस्तुतीकरण की कार्रवाई होगी। उसके बाद गवाह एवं बहस का काम शुरू होगा। फिलहाल, अभिनेत्री को जमानत मिलने से बड़ी राहत मिली है। अधिवक्ता ने बताया कि अभिनेत्री के विरुद्ध परिवादी पवन कुमार वर्मा हैं। इनका आरोप है कि अभिनेत्री ने उनके रुपये भी नहीं लौटाए हैं। इस मामले में पवन कुमार वर्मा ने अभिनेत्री के विरुद्ध न्यायालय में मुकदमा कर रखा है। अधिवक्ता ने बताया कि इसी मुकदमे में अभिनेत्री के विरुद्ध पूर्व में समन जारी हुए थे।

## हेलीकाप्टर नहीं आने पर बरात को बंधक बनाया

संवाददाता, नहटौर( बिजनौर )

**अमृत विचार :** दुल्हन की विदाई के लिए हेलीकाप्टर नहीं आने पर दुल्हन पक्ष ने बरात को बंधक बना लिया। बाद में दोनों पक्षों में सहमति बनने पर गाड़ी से दुल्हन विदा हुई। हेलीकॉप्टर से दुल्हन की विदाई को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी का माहौल बना रहा। दो प्रदेशों से हेलीकॉप्टर की अनुमति का पेंच फंसने पर हेलीकॉप्टर नहीं आ सका।

▸▸ पंचायत में सहमति के बाद कार से विदा हुई दुल्हन

▸▸ देहरादून से आई थी बरात, डीएम की अनुमति नहीं मिली थी

नगर के मोहल्ला छापेग्रान निवासी पूर्व सभासद स्वर्गीय रविंद्र सैनी की पुत्री स्नेहा की शादी चांदपुर क्षेत्र के गांव अंकौधा निवासी मोहित से तय हुई थी। वर पक्ष ने दुल्हन को हेलीकॉप्टर से ले जाने का वादा किया था। इसके लिए कन्या पक्ष की ओर से हेलीपैड बनवाया गया। गुरुवार की रात को बरात नहटौर पहुंची। शुक्रवार की सुबह नौ बजे हेलीकॉप्टर से दुल्हन की विदाई होनी थी। लेकिन हेलीकॉप्टर नहीं आ सका। इसका पता चलने पर कन्या पक्ष नाराज हो गया। उन्होंने हेलीकॉप्टर से दुल्हन की विदाई करने के लिए कहा। वर पक्ष द्वारा अपना वायदा पूरा नहीं करने को लेकर बरात को बंधक बना लिया गया। इसके बाद एक बार फिर से हेलीकॉप्टर लाने के लिए प्रक्रिया शुरू की गई। बिजनौर से हेलीकॉप्टर की अनुमति मिल गई। इसके बाद हेलीपैड पर फायर ब्रिगेड व पुलिस भी पहुंची लेकिन हेलीकॉप्टर शाम पांच बजे तक भी नहीं पहुंच सका।

बताया जाता है कि हेलीकॉप्टर देहरादून से आना था। देहरादून के डीएम की ओर से हेलीकॉप्टर उड़ाने की अनुमति नहीं मिल सकी। इसके कारण हेलीकॉप्टर नहीं आया और एक बार फिर हेलीकॉप्टर से दुल्हन की विदाई का सपना धरा का धरा रह गया। इसके लेकर दोनों पक्षों में एक बार फिर तनातनी का माहौल पैदा हो गया। दोनों पक्षों की पंचायत हुई। इसमें दुल्हन को गाड़ी से ही विदा करने पर सहमति बनी।

**सम्मन मुद्दालय**

**व अदालत उपजिलाधिकारी न्यायिक आँवला जिला बरेली।**

मुकदमा नं.-867 सन्-2019

**मद्दई**

**सत्यपाल आदि बनाम मुनीश गुप्ता आदि**

**धारा 116 उ.प्र. रा. संहिता**

ग्राम कैमुआ, परगना बल्लिया, तहसील आंवला, जिला बरेली।

बनाम सत्यपाल पुत्र उमराय व सुरेन्द्र शर्मा पुत्र रामऔतार व आशीष पुत्र रामऔतार व अनुज नावालिग पुत्र रामऔतार संरक्षक सुरेन्द्र शर्मा पुत्र रामऔतार सगा भाई समस्त निवासीगण ग्राम कैमुआ पोस्ट चाढ़पुर तहसील आंवला जिला बरेली।

**मुद्दालय**

चूँकि मुसम्मी मुनीश गुप्ता पुत्र ब्रजपाल गुप्ता द्वारा आपके नाम एक नालिश वास्ते पुर्नस्थापन प्रार्थना पत्र के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 14.02.2024 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी बाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैरहाजरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा आज बतारीख 31-01-24 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी न्यायिक**
**आंवला (बरेली)**

## मरम्मत कार्य होने से नौ ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**बरेली, अमृत विचार :** लक्सर यार्ड में पांच और 12 फरवरी को मरम्मत कार्य के चलते ब्लाक लिया जाएगा।इस वजह से मुरादाबाद रेल मंडल में नौ ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

इसमें 14113 सूबेदारगंज देहरादून एक्सप्रेस चार फरवरी को 150 मिनट, 19031 अहमदाबाद योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस चार फरवरी को 120 मिनट, 14815 श्री गंगा नगर ऋषिकेश एक्सप्रेस पांच फरवरी को 45 मिनट, 04359 चंदौसी-ऋषिकेश पांच फरवरी को 60 मिनट, 04359 योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस 12 फरवरी को 120 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी, जबकि 19032 योगनगरी ऋषिकेश-अहमदाबाद एक्सप्रेस 120 मिनट, 12017 नई दिल्ली देहरादून 5 फरवरी को 120 मिनट, 12018 देहरादून-नई दिल्ली एक्सप्रेस 5 फरवरी को 120 मिनट रिशेड्यूल कर चलाई जाएगी।

**कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**

**विकास ज्योति, प्रियदर्शिनी नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.)**

Website : www.bdainfo.org, Email : bdabareilly@yahoo.com, blyda@up.nic.in

पत्रांक : 3237/का.ब.वि.प्रा./2023-24 दिनांक 02.02.2024

**लॉटरी-ड्रॉ सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बरेली विकास प्राधिकरण की ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के सेक्टर-1बी में स्थित विभिन्न क्षेत्रफलों के आवासीय भूखण्डों हेतु ऑनलाइन व ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन-पत्र दिनांक 06.11.2023 से 05.12.2023 तक आमंत्रित किये गये थे। उक्त पंजीकरण अवधि में प्राप्त पात्र आवेदकों की सूची प्राधिकरण की बेबसाइट www.bdainfo.org पर अपलोड कर दी गयी है। यदि किसी आवेदक को उक्त सूची में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति दिनांक 09.02.2024 सायं 5:00 बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में या प्राधिकरण की ई-मेल आई.डी. bdaproperty19@gmail.com पर दर्ज करा सकता है। पंजीकरण अवधि में प्राप्त पात्र आवेदनों के मध्य भूखण्डों का आवंटन लॉटरी ड्रॉ के माध्यम से दिनांक 16.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से रामगंगानगर आवासीय योजना के सेक्टर-2 में प्राधिकरण के निर्माणाधीन नवीन कार्यालय में किया जायेगा। इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि वह लॉटरी ड्रॉ में प्रतिभाग कर सकते हैं।

**उपाध्यक्ष**

## कार्यालय प्रभारी निरीक्षक थाना उसहैत, बदायूँ

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.02.2024 को थाना उसहैत पर दो पहिया व चार पहिया एवं तीन पहिया वाहनों की नीलामी की जायेगी। सुबह 10 बजे निर्धारित प्रपत्रों के साथ उपस्थित होने का कष्ट करें। एक लाख रूपये का डी.डी. श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ के नाम दिनांक 06.02.2024 तक ही जमा किया जायेगा।

**प्रभारी निरीक्षक**
**थाना उसहैत, बदायूँ**

## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद-बदायूँ

पत्रांक : समग्र शिक्षा/फर्नीचर एण्ड इक्यूपमेंट/10319-25/2022-23 दिनांक : 2 फरवरी 2024

**फर्नीचर एण्ड इक्यूपमेंट क्रय हेतु निविदा/विज्ञप्ति सूचना**

वर्ष 2023-24 हेतु जनपद बदायूँ में संचालित उच्चीकृत 06 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में फर्नीचर एण्ड इक्यूपमेंट क्रय हेतु जेम पोर्टल पर बिड-GEM/2024/B/4462699 दिनांक 20 जनवरी 2024 द्वारा निविदाएं दिनांक 30 जनवरी 2024 तक आमंत्रित की गयी थी। किन्तु किसी भी फर्म द्वारा निविदाएं प्राप्त न होने की स्थिति में निविदा आमंत्रण हेतु समय अवधि दिनांक 07 फरवरी 2024 तक बढ़ाई जाती है।

**(स्वाती भारती)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**बदायूँ**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, जलालाबाद, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 1621(5)/न.पा.परि.ज./नि.सू./2023-24 दिनांक : 01 फरवरी 2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद जलालाबाद, शाहजहाँपुर में 15वां वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से जिलाधिकारी, महोदय, शाहजहाँपुर के कार्यवृत्त दिनांक 26.12.2023 के द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अनुपालन में निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 23.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक निम्नलिखित शर्तो एवं नियमों के अधीन मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.02.2024 को प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक निर्धारित मूल्य अदा कर क्रय किए जा सकते हैं। निविदायें अपरान्ह 2 बजकर 15 मिनट पर खोली जायेंगी। निविदा के साथ 100/- रू. का जनरल स्टाम्प स्वघोषणा पत्र लगा होना आवश्यक है। आगणन, नियम व शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखे का सकते हैं।

| क्र.सं. | विवरण | आगणन धनराशि | धरोहर राशि | निविदा मूल्य+ G.S.T. | कार्य आपूर्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिका सीमान्तर्गत ईदगाह से सूरज पाल की दुकान तक नाला मरम्मत कार्य। | 497755.00 | 49776.00 | 588.00 | 02 माह |
| 2. | नगर पालिका सीमान्तर्गत मण्डी गेट से ईदगाह तक नाला निर्माण कार्य। | 483842.00 | 48384.00 | 571.00 | 02 माह |
| 3. | वार्ड राम नगर होली चौक में श्री प्रदीप मिश्रा के मकान तक पास इण्टरलॉगिग कार्य। | 160627.00 | 16063.00 | 190.00 | 02 माह |
| 4. | वार्ड निजाम नगर में श्री करीम उल्ला कुरैशी के मकान से श्री जाहिद कुरैशी के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क एवं एल टाईप नाली निर्माण कार्य। | 307409.00 | 30741.00 | 126.00 | 02 माह |
| 5. | वार्ड रमजान नगर में श्री नंदराम के मकान से श्री पंकज के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 499102.00 | 49910.00 | 590.00 | 02 माह |
| 6. | वार्ड अंगद नगर में श्री पंजाबी अवस्थी के मकान से स्व. मुन्ना अग्निहोत्री के मकान तक नाली निर्माण एवं इंटरलॉकिंग का उच्चीकरण का कार्य। | 499102.00 | 49910.00 | 590.00 | 02 माह |
| 7. | वार्ड नवीन नगर में श्री राकेश शर्मा के मकान से दरगाह रोड तक इण्टरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 499102.00 | 49910.00 | 590.00 | 02 माह |
| 8. | वार्ड परशुरामपुरी से श्री मंगल शेर कश्यप के मकान से श्री गोधन के मकान तक सी.सी मार्ग एवं नाली निर्माण। | 499102.00 | 49910.00 | 590.00 | 02 माह |
| 9. | वार्ड रमजान नगर में मिनी ट्यूब वैल स्थापना | 499102.00 | 49910.00 | 590.00 | 02 माह |
| 10. | वार्ड अशफाक नगर में मिनी टयूब वैल स्थापना | 499102.00 | 49910.00 | 590.00 | 02 माह |
| 11. | वार्ड इसरार नगर में मिनी ट्यूब वैल स्थापना | 499102.00 | 49910.00 | 590.00 | 02 माह |
| 12. | वार्ड निजाम नगर में मिनी टयूब वैल स्थापना | 499102.00 | 49910.00 | 590.00 | 02 माह |
| 13. | वार्ड परशुरामपुरी में मिनी टयूब वैल स्थापना | 499102.00 | 49910.00 | 590.00 | 02 माह |
| 14. | वार्ड मुशताक नगर में मिनी ट्यूब वैल स्थापना | 499102.00 | 49910.00 | 590.00 | 02 माह |
| 15. | वार्ड राम नगर में मिनी टयूब वैल स्थापना | 499102.00 | 49910.00 | 590.00 | 02 माह |

**नियम व शर्तें :-**

1. निविदादाता/ठेकेदार का पंजीयन श्रम विभाग, शाहजहाँपुर में होना अनिवार्य है।
2. निविदादाता को निविदा के साथ 10 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा। बिना जमानत धनराशि के प्राप्त किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। जमानत की यह धनराशि एफ.डी.आर./नकद/एन.एस.सी. अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, जलालाबाद, शाहजहाँपुर के पक्ष में बंधक होना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण करना अनिवार्य होगा अन्यथा विलम्ब होने की दशा में दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है। जिसके अन्तर्गत जमा जमानत की जब्ती एवं लेखा/अनुबन्ध भी निरस्त किया जाना एवं जुर्माना भी लगाया जा सकता है।
4. निविदादाता/ठेकेदार के बिल से नियमानुसार आय कर/जी.एस.टी./सेस कर/ई.पी.एफ. की कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।
5. निविदादाता को अपनी निविदा की दर ओवरआल प्रतिशत में देना होगा।
6. प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत तथा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
7. कार्य प्रारम्भ से पूर्व, कार्य के दौरान, कार्य समाप्ति के पश्चात ठेकेदार को कार्य स्थल के फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य है।
8. प्रत्येक कार्य हेतु प्रथक-प्रथक लिफाफे में निविदा बॉक्स में डाली जायेंगी।
9. निविदा स्वीकृत/कार्यादेश निर्गत उपरान्त निविदा से सम्बन्धित कार्य का पंजीयन सहायक श्रमायुक्त कार्यालय शाहजहाँपुर में काय्र स्थल वार प्रत्येक कार्य स्थल का अलग-अलग कराना होगा। अन्यथा भुगतान स्थगित रखा जायेगा।
10. निविदादाता का ई.पी.एफ. में पंजीयन होना अनिवार्य है तथा श्रमिकों का ई.पी.एफ. जमा कर ई.सी.आर. कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जिसके लिए ई.पी.एफ. एक्ट 1952 के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था का स्वयं उत्तरदायित्व होगा।
11. सभी निविदादाताओं को निविदि के साथ T-4, T-5, GST, EPF पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. निविदादाता/ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की परीक्षण रिपोर्ट अपने व्यय पर कराकर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
13. निविदा के साथ कार्यालय नगर पालिका परिपद जलालाबाद द्वारा निर्गत अदेय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी** **(शकील अहमद खाँ)**
**अध्यक्ष**

## कार्यालय नगर पंचायत बण्डा जनपद शाहजहाँपुर

पत्रांक : 247/न.पं.ब./निविदा सूचना/2023-24 दिनांक : 01 फरवरी 2024

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | जमानत की धनराशि 10% | निविदा प्रपत्र का मूल्य मय GST | कार्य पूर्ण करने कीअवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मो. मुरादपुर तृतीय में महबूब के मकान से आजाद मन्सूरी के मकान तक नाली व इण्टर लॉक सड़क निर्माण कार्य। | 288964.00 | 24488.00 | 341.00 | दो माह |
| 2. | मो. गुरूनानक कालोनी में अरोड़ा जी के मकान से मेंहदी हसन के मकान तक नाली व इटण्लॉक सड़क निर्माण कार्य। | 378764.00 | 32099.00 | 447.00 | दो माह |
| 3. | मो. गुरूनानक कालोनी में राधेश्याम के मकान से फखरूद्दीन के मकान तक पूर्व निर्मित क्षतिग्रस्त सी.सी. सड़क पर नाली व इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 303715.00 | 25739.00 | 358.00 | दो माह |
| 4. | मो. चरनदास कालोनी में सुरेश वर्मा के मकान से प्रमोद के मकान तक नाली व इण्टरलॉक सड़क निर्माण कार्य। | 431325.00 | 36553.00 | 509.00 | दो माह |
| 5. | मो. रामनगर कालोनी में डॉ. ओमकार सक्सेना के मकान से कृष्णानंद स्कूल के पीछे गेट तक नाली व इन्टरलॉक सड़क निर्माण कार्य। | 481856.00 | 40835.00 | 569.00 | दो माह |
| 6. | मो. धर्मापुर में नन्हें त्रिवेदी के मकान से मुख्य मार्ग पर कल्लू के मकान तक नाली व इंटरलॉक सड़क निर्माण कार्य। | 439897.00 | 37110.00 | 517.00 | दो माह |
| 7. | मो. बालाजी नगर में प्राथमिक विद्यालय-2 से खाद गोदाम तक इन्टरलॉक सड़क निर्माण कार्य। | 310695.00 | 26330.00 | 367.00 | दो माह |
| 8. | मो. ब्रजपाल नगर में तिरमल के प्लाट से मूंगलाल के मकान तक नाली व इण्टरलॉक सड़क निर्माण कार्य। | 418466.00 | 35463.00 | 494.00 | दो माह |
| 9. | मो. रामनगर कालोनी में टोड़ी के मकान से कल्लू के मकान तक नाली व इण्टरलॉक सड़क निर्माण कार्य। | 339907.00 | 28806.00 | 401.00 | दो माह |

2. कार्यालय में निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता की तिथि 13.02.2024 को 2:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि, समय व स्थान 15.02.2024 समय 4:00 बजे अपरान्ह तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 16.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे से स्थान-कार्यालय नगर पंचायत बण्डा, शाहजहाँपुर।

**नियम एवं शर्तें :-**

1. निविदा मूल्य की धनराशि नगर पंचायत बण्डा के खाता संख्या 39387943424 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा बण्डा (IFSC-SBIN0011186) में जमा पर्ची के द्वारा सीधे कैश डिपॉजिट करके अथ्वा नेट बैंकिंग/आर.टी.जी.एस./ई.ई.एफ.टी. के माध्यम से आनलाइन ट्रांसफर करके जमा रसीद की फोटोकॉपी संलग्न करनी होगी अथवा कार्यालय में नकद धनराशि जमा करके रसीद की फोटोकापी संलग्न की जा सकती है।
2. निविदा के साथ 10 प्रतिशत जमानत धनराशि, जिसका उल्लेख उपरोक्त सूची के कालम सं.-4 में है, के रूप में एन.एस.सी./एफ.डी.आर./टी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बण्डा के पक्ष में बन्धक हो, की मूल प्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
3. उपरोक्त कार्यो से सम्बन्धित अन्य विस्तृत शर्तें व जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**(सत्येन्द्र प्रकाश)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, बण्डा, शाहजहाँपुर**

**(मो. इसहाक)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बण्डा, शाहजहाँपुर**

## पिता के साथ चलाया हल, अब बने मुख्यमंत्री, माने जाते हैं शीबू सोरेन के करीबी

# चंपई सोरेन: आंदोलन में योगदान से बने झारखंड टाइगर

रांची, एजेंसी

झारखंड में सरायकेला-खरसांवा जिले के जिलिंगगोड़ा गांव में कभी अपने पिता के साथ खेतों में हल चलाने वाले चंपई सोरेन राजनीति में एक लंबा सफर तय कर राज्य के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे हैं। अलग राज्य के लिए 1990 के दशक में चले लंबे आंदोलन में अपने योगदान को लेकर चंपई (67) झारखंड टाइगर के नाम से भी जाने जाते हैं। बिहार के दक्षिणी हिस्से को विभाजित कर वर्ष 2000 में झारखंड का गठन किया गया था।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रमुख शिबू सोरेन के वफादार माने जाने वाले चंपई, धन शोधन के एक मामले में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने और फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उन्हें गिरफ्तार किए जाने के बाद झामुमो विधायक दल के नेता चुने गए। मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की बागडोर संभालने वाले चंपई सातवें व्यक्ति हैं। उनसे पहले बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, शिबू सोरेन, मधु कोड़ा, रघुवर दास और हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री रहे।

शिबू सोरेन और उनके बेटे हेमंत के बाद झामुमो से मुख्यमंत्री बनने वाले वह तीसरे नेता हैं। चंपई ने झामुमो विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद कहा, मैं अपने पिता (सिमल सोरेन) के साथ खेतों में काम किया करता था... अब किस्मत ने मुझे एक अलग भूमिका निभाने का मौका दिया है। सरकारी स्कूल से मैट्रिक तक की पढ़ाई करने वाले चंपई की शादी काफी कम उम्र में ही हो गई थी। उनके चार बेटे और तीन बेटियां हैं।



### 1991 में की राजनीति की शुरुआत

चंपई सोरेन ने 1991 में सरायकेला सीट से उपचुनाव में निर्दलीय विधायक चुने जाने के साथ अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत की। इसके चार साल बाद उन्होंने झामुमो के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा और भाजपा उम्मीदवार पंचू टुडू को हराया था। वहीं, 2000 के विधानसभा चुनाव में इसी सीट पर वह भाजपा के अनंत राम टुडू से हार गए। उन्होंने 2005 में, भाजपा उम्मीदवार को 880 मतों के अंतर से शिकस्त देकर इस सीट पर फिर से अपना कब्जा जमा लिया। चंपई ने 2009, 2014 और 2019 के चुनावों में भी जीत हासिल की। वह सितंबर 2010 से जनवरी 2013 के बीच अर्जुन मुंडा नीत भाजपा–झामुमो गठबंधन सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे।

## त्रिपुरा: भाजपा की 73 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति घोषित

**अगरतला।** त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा ने लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले 73 सदस्यीय राज्य कार्यकारिणी समिति की घोषणा की। मुख्यमंत्री माणिक साहा, राज्यसभा सदस्य बिप्लब कुमार देब, केंद्रीय सामाजिक अधिकारिता एवं सामाजिक न्याय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक और पूर्व उपमुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा सहित राज्य में पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को गुरुवार रात घोषित समिति में शामिल किया गया है। समिति में 14 आमंत्रित सदस्य हैं। पार्टी की राज्य इकाई के 18 पदाधिकारियों के नाम की घोषणा तीस दिसंबर को की गई थी। चुनाव को ध्यान में रखते हुए, भाजपा की राज्य इकाई ने महिला मोर्चा और युवा मोर्चा सहित अपने सभी अग्रिम संगठनों के पदाधिकारियों की समितियों का पुनर्गठन किया है।

## सूरजकुंड शिल्प मेले में संस्कृति की झलक...



हरियाणा के फ़रीदाबाद जिले में 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के उद्घाटन के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार। ● एजेंसी

## एक नजर

### सीरियल ब्लास्ट की धमकी भरे संदेश के बाद अलर्ट

**मुंबई।** मुंबई महानगर में शुक्रवार को सिलसिलेवार बम विस्फोट की धमकी भरे संदेश मिलने के बाद अलर्ट मुंबई पुलिस ने तलाश अभियान शुरू किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष को आज सुबह एक अज्ञात व्यक्ति से धमकी भरा संदेश मिला, जिसमें कहा गया कि शहर में छह स्थानों पर विस्फोटक रखे गये हैं। इसके बाद पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि इस बीच मुंबई पुलिस की साइबर सेल और अपराध शाखा संयुक्त रूप से संदेश भेजने वाले व्यक्ति का पता लगाने का प्रयास कर रही है। वहीं संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### राजद नेता रंजीत राय की संदिग्ध हालात में मौत

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के हरपुर एलोथ गांव के पास युवा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व जिला पार्षद रंजीत राय की गुरुवार रात संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। इसके विरोध में उनके समर्थकों ने शुक्रवार को मुसरीघरारी चौक पर शव के साथ राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 28 को जाम कर यातायात बाधित कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार पाण्डेय ने यहां बताया कि गुरुवार की रात जिले के हरपुर एलोथ गांव के पास राजद नेता रंजीत राय एवं उनके मित्र सुनील कुमार सड़क के किनारे बेहोशी हालत में पाये गए थे। दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने रंजीत राय को मृत घोषित कर दिया, जबकि सुनील कुमार का इलाज एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है।

### विस्फोटक उपकरण को कुत्ते ने चबाया, धमाके के बाद मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में खुले में फेंके गए विस्फोटक उपकरण को एक कुत्ते ने चबा लिया। इसके बाद उसमें विस्फोट हो गया और उसकी मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार की रात शाहपुर के एक फार्महाउस में हुई। फार्महाउस के चौकीदार बालू दामू महालुंगे (50) ने पुलिस को बताया कि परिसर में रहने वाला एक कुत्ता बाहर से मुंह में एक वस्तु लेकर लौटा था। अधिकारी ने बताया कि कुत्ते ने उस वस्तु को चबाया जिससे विस्फोट हो गया और जानवर की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि शाहपुर पुलिस ने गुरुवार को केस दर्ज किया है।

### असम के शिवसागर में मृत मिले दो तेंदुए

**जोरहाट।** असम के शिवसागर के खोरोंगा लोनपोटिया इलाके में दो तेंदुए क शव बरामद किए गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खोरोंगा लोनपोटिया इलाके में स्थानीय लोगों ने मृत जानवरों को देखा और उन्होंने वन विभाग को इसकी सूचना दी। मृत तेंदुओं में एक नर तथा दूसरी मादा है और दोनों जानवर वयस्क है। इन जानवरों की चार दिन पहले मौत होने की आशंका है।

### बच्चियों से छेड़छाड़ के आरोप में व्याख्याता गिरफ्तार

**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के एक सरकारी स्कूल में बच्चियों से छेड़छाड़ तथा अश्लील हरकत करने के आरोप में व्याख्याता आरके अम्बस्थ को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कुनकुरी उप पुलिस अधीक्षक विनोद मंडावी ने बताया कि इस मामले में जिला प्रशासन की तीन सदस्यीय जांच टीम की रिपोर्ट के बाद कुनकुरी थाने में आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। वहीं सूत्रों के अनुसार जशपुर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आरोपी को बर्खास्त करने की कार्यवाही भी शुरू कर दी है।

# इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए विधानसभा के लिए नहीं : जयराम रमेश

## कांग्रेस महासचिव ने कहा-27 दलों का गठबंधन बरकरार, मिलकर लड़ेंगे चुनाव

रामपुरहाट (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि इंडिया गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए है, किसी राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए नहीं और 27 दलों का विपक्षी गठबंधन बरकरार है तथा यह साथ मिलकर लड़ेगा। बिहार में महागठबंधन के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन से नाता तोड़ कर नीतीश कुमार नीत जनता दल (यूनाइटेड) हाल ही में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गया। इस तरह अब विपक्षी गठबंधन में 27 दल रह गए हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इंडिया गठबंधन आम चुनाव के लिए है और पश्चिम बंगाल या महाराष्ट्र या किसी अन्य राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए नहीं। रमेश ने कहा कि हालांकि, महाराष्ट्र में कांग्रेस, (शरद पवार नीत) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)



और शिवसेना (यूबीटी) के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा, जबकि अन्य राज्यों के चुनावों में इंडिया के साझेदारों के बीच कोई गठजोड़ नहीं होगा। उन्होंने बीरभूम जिले के रामपुरहाट में संवाददाता सम्मेलन में कहा, लोकसभा चुनावों के लिए, 27 दलों का इंडिया गठबंधन है और यह साथ मिलकर लड़ेगा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा को शिकस्त देने के लिए इंडिया गठबंधन बनाया गया है। उन्होंने दावा किया कि देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। इसलिए इनकी रक्षा करने के लिए भाजपा को शिकस्त देना जरूरी है।

**टीएमसी के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत जारी है : राहुल**

बहरामपुर (पश्चिम बंगाल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के साथ लोकसभा चुनाव के लिए सीट-बंटवारे की व्यवस्था पर चर्चा कर रही है और मुद्दे का समाधान निकल जाएगा। गांधी ने गुरुवार रात पश्चिम बंगाल में पार्टी के डिजिटल मीडिया योद्धाओं के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की।

### सपा-कांग्रेस ने सीट बंटवारे को अंतिम रूप दिया : राम गोपाल



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस और अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली उनकी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सपा जल्द ही और प्रत्याशी घोषित करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ जा सकती है, यादव ने कहा कि दोनों पार्टियां पहले ही एक समझौते पर पहुंच चुकी हैं। यादव ने कहा, "हमने 16 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। हम कुछ दिनों में और सीटें घोषित करेंगे। कांग्रेस और सपा उत्तर प्रदेश में अंतिम समझौते पर पहुंच गए हैं। दिया कि आगामी चुनाव संविधान को बचाने" के बारे में होंगे। उन्होंने कहा, "यह एक महत्वपूर्ण चुनाव है। यह संविधान को बचाने का चुनाव है। इसमें और देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, चुनाव जमीनी स्तर पर लड़ा जाता है। अगर समय पर उम्मीदवार तय हो जाएंगे तो उन्हें भाजपा के खिलाफ मजबूत लड़ाई लड़ने का समय मिलेगा।

## फिलिस्तीनी पत्रकार को केरल मीडिया अकादमी पुरस्कार

**कोच्चि।** अल जजीरा समाचार चैनल के गाजा ब्यूरो के प्रमुख वाएल



अल-दहदौह को केरल मीडिया अकादमी (केएमए) के मीडियापर्सन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए चुना गया है। दहदौह ने गाजा पर इजराइली हमले में अपनी पत्नी और दो बच्चों को गंवाने के बावजूद युद्धग्रस्त क्षेत्र से रिपोर्टिंग जारी रखी थी। केएमए ने कहा कि पुरस्कार में एक लाख रुपये, एक प्रशस्ति पत्र और एक मूर्ति शामिल है और इसे मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन प्रदान करेंगे। केएमए के अध्यक्ष आरएस बाबू ने कहा कि कतर के एक अस्पताल में इलाज करा रहे दहदौह ने केरल के पुरस्कार को एक अमूल्य सम्मान बताया। इसमें कहा गया है कि खोजी पत्रकारों के एक संघ और मीडिया पत्रिकाओं के संपादकों की एक समिति की सिफारिशों के बाद दहदौह का चयन किया गया। इजराइल द्वारा गाजा पर की गई बमबारी में फलस्तीनी पत्रकार की पत्नी, दो बच्चों और एक पोते की मौत हो गई थी।

# भाजपा और आप के विरोध प्रदर्शन से मध्य दिल्ली जाम



नई दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान आप समर्थकों को रोकते पुलिसकर्मी। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ हरियाणा से दिल्ली में प्रवेश करने वाले 27 आप कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

भ्रष्टाचार और चंडीगढ़ में हुए महापौर पद के चुनाव में गड़बड़ी को लेकर भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर एक-दूसरे से कुछ सौ मीटर दूरी पर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़कों पर बड़े पैमाने पर बैरिकेड लगा दिए गए और पुलिसकर्मियों की बड़ी संख्या में तैनाती की गई। इस दौरान मध्य दिल्ली में जाम लग गया।

आप ने भाजपा मुख्यालय के सामने चंडीगढ़ के महापौर चुनाव में धोखाधड़ी' के खिलाफ जबकि भाजपा ने अरविंद केजरीवाल सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एक-दूसरे के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन की योजना बनाई थी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हरियाणा से सिंघू सीमा होते हुए दिल्ली में प्रवेश करने वाले आम आदमी पार्टी के कम से कम 27 कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने रोक लिया। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि अगर भाजपा चंडीगढ़ महापौर के चुनाव में धांधली कर सकती है, तो वह विस और लोस चुनावों में किसी भी हद तक जा सकती है। इधर, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल सरकार भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई है।

# कोर्ट ने अंग प्रत्यारोपण की याचिका पर केंद्र और राज्यों से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ याचिका में पंजीकृत मेडिकल संस्थानों को प्रत्यारोपण की अनुमति देने की मांग की गई

उच्चतम न्यायालय ने मानव अंगों एवं उत्तकों को शरीर से निकालने, भंडारण और प्रत्यारोपण की अनुमति केवल पंजीकृत मेडिकल संस्थानों को देने के संबंध में निर्देश जारी करने का अनुरोध करने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर केंद्र, स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशालय (डीजीएचएस) और राज्यों से शुक्रवार को जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह की दलील पर गौर किया। सिंह ने दलील दी कि यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि सरकारी या अर्द्ध-सरकारी मेडिकल संस्थान मानव अंगों एवं उत्तकों का प्रतिरोपण करने के लिए अवश्य ही राष्ट्रीय अंग एवं उत्तक प्रतिरोपण संगठन में पंजीकृत होने चाहिए।

वरिष्ठ वकील ने कहा कि अंगदान करने वाले जीवित व्यक्ति भारत में कई वर्षों से किडनी (प्रतिरोपण) के प्राथमिक स्रोत रहे हैं और प्रणाली में सुधार कर इस प्रवृत्ति को बदलने की जरूरत है। सिंह ने अंगदान और प्रतिरोपण पर चंडीगढ़ स्थित स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ वाई. के. चावला की अध्यक्षता वाले कार्यबल की रिपोर्ट में की गई सिफारिशें लागू करने के लिए भी निर्देश देने का अनुरोध किया।

मध्यप्रदेश के संगठन 'गवेषणाः मानवोत्थान पर्यावरण एवं स्वास्थ्य जागरुकता समिति' द्वारा दायर जनहित याचिका में केंद्र और डीजीएचएस के अलावा राष्ट्रीय अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण संगठन तथा सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया गया है। अधिवक्ता वरूण ठाकुर के मार्फत दायर याचिका में यह निर्देश देने का अनुरोध किया है कि सरकारी या अर्द्ध-सरकारी मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों को मानव अंग प्रत्यारोपण (संशोधन) अधि.,2011 की धारा 14 और 14-ए के तहत जरूरतों को पूरा करने का निर्देश दिया जाए।

## सीबीआई ने सिसोदिया की जमानत याचिका का किया विरोध

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आबकारी नीति घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसौदिया की ओर से दायर दो अर्जियों का शुक्रवार को विरोध किया, जिनमें जमानत और हिरासत में पैरोल की मांग की गई थी। सीबीआई ने मनीष सिसोदिया द्वारा दायर अर्जियों के जवाब में विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल के समक्ष दलीलें दीं और उन्हें खारिज करने की मांग की। विशेष न्यायाधीश ने कहा, नियमित जमानत की अर्जी के साथ-साथ आरोपी मनीष सिसोदिया की ओर से दायर हिरासत पैरोल की मांग वाली अन्य अर्जी पर आज सीबीआई की ओर से एक जवाब दाखिल किया गया है। जैसा कि अनुरोध किया गया और संयुक्त रूप से इस पर सहमति व्यक्त की गई, आरोपी के उपरोक्त आवेदन पर अब पांच फरवरी को अपराह्न दो बजे बहस होगी।

# बंबई उच्च न्यायालय ने खारिज की कंगना रनौत की याचिका

मुंबई, एजेंसी

▸▸ गीतकार जावेद अख्तर ने अभिनेत्री पर दायर किया है मानहानि का मामला

बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को अभिनेत्री कंगना रनौत की उस याचिका को खारिज कर दी जिसमें उन्होंने गीतकार जावेद अख्तर द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत में कार्रवाई पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति पीडी नाइक की एकल पीठ ने कहा कि अख्तर द्वारा दायर शिकायत पर सुनवाई पहले ही शुरू हो चुकी है। इसलिए रनौत की ओर से मांगी गई राहत इस स्तर पर नहीं दी जा सकती है।



कंगना रनौत ने पिछले महीने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर 2020 में दायर अख्तर की आपराधिक मानहानि शिकायत पर रोक लगाने की मांग की थी। साथ ही अनुरोध किया था कि मामले की सुनवाई उनके द्वारा अख्तर के खिलाफ की गई शिकायत के साथ की जाए। उच्च न्यायालय ने कंगना रनौत की अर्जी खारिज करते हुए कहा कि अख्तर की शिकायत पर सुनवाई पहले ही शुरू हो चुकी है। याचिकाकर्ता (रनौत) ने देर से ही सही इस आवेदन को प्राथमिकता दी है।

अख्तर की शिकायत समय की दृष्टि से पहली है और प्रक्रिया (नोटिस) जारी की गई है। तथ्यों पर गौर करते हुए कोई राहत नहीं दी जा सकती। अख्तर द्वारा रानौत के खिलाफ दायर मानहानि मामले की सुनवाई अंधेरी में मजिस्ट्रेट अदालत के सामने चल रही है जबकि सत्र अदालत ने गीतकार के खिलाफ उनकी शिकायत पर रोक लगा दी है।

## डाकघरों में बिना दावे के 25,480 करोड़ रुपये जमा

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को राज्यसभा को सूचित किया कि देश के डाकघरों के विभिन्न खातों में बिना दावे के 25,480 करोड़ रुपये जमा हैं और वह संबंधित परिवारों से संपर्क कर उन्हें राशि लौटाने के लिए प्रयास कर रही है। संचार राज्य मंत्री देवू सिंह चौहान ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डाकघर खातों में बिना दावे के 25,480 करोड़ रुपये की राशि जमा है।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में डाक विभाग ने पहल की है और ऐसे लोगों के परिवारों से संपर्क कर उन्हें उनकी राशि देने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल मार्च में ऐसे खातों से 1,240 करोड़ रुपये वापस किए गए जबकि दिसंबर में 1319 करोड़ रुपये परिजनों को लौटायी गयी। चौहान ने कहा कि डाक खातों में 1.43 लाख करोड़ रुपये जमा हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार हर पांच किलोमीटर पर और दुर्गम क्षेत्रों में तीन किलोमीटर की दूरी पर लोगों को डाक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास के तहत करीब 5,700 नए डाकघर खोले गए हैं और 5000 नए डाकघर खोले जाने हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान देश में 634 डाकघरों को बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि ग्रामीण डाक सेवकों को सरकारी कर्मियों की तरह सभी सुविधाएं मिलती हैं।

# नक्सलियों ने मिक्सिंग मशीन ट्रैक्टर-टैंकर में लगाई आग

नारायणपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी

▸▸ छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले की घटना, तलाशी अभियान जारी

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में इस्तेमाल की जा रही मिक्सिंग मशीन, पानी टैंकर और एक ट्रैक्टर में आग लगा दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुरुषनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत झारावाही और जीवलापदर गांवों के बीच गुरुवार शाम को हुई इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हथियारबंद नक्सलियों के एक समूह ने राज्य की राजधानी से 300 किलोमीटर से अधिक दूर स्थित सड़क निर्माण स्थल पर धावा बोल दिया और श्रमिकों को काम बंद करने की धमकी दी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके बाद नक्सलियों ने पानी टैंकर के साथ एक मिक्सिंग मशीन और एक ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। शुक्रवार सुबह एक पुलिस दल को घटनास्थल पर भेजा गया और नक्सलियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सात जिलों वाले बस्तर डिवीजन में नक्सली अक्सर सुरक्षा बलों पर हमले करके, वाहनों और मशीन को नुकसान पहुंचाकर सड़क निर्माण को बाधित करने की कोशिश करते हैं।

राज्य के सुकमा जिले के टेकलगुडेम गांव के पास नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में मंगलवार को सीआरपीएफ के तीन जवान शहीद हो गए और 15 अन्य घायल हो गए। बृहस्पतिवार को दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए विस्फोट में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया।

## उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को उच्चतम न्यायालय का नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वकील के रूप में नामांकन के लिए अधिक शुल्क को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को उप्र बार काउंसिल को नोटिस जारी किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बार को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत बनारस हिंदू विवि के विधि संकाय के एक विधि स्नातक की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने अदालत को बताया कि उसे एक दिन के भीतर अपने आवेदन के त्वरित निस्तारण के लिए नामांकन शुल्क 16,665 रुपये और अतिरिक्त 5,000 रुपये का भुगतान करना होगा। पीठ के पूछने पर याचिकाकर्ता ने जवाब दिया कि अधिवक्ता अधिनियम के अनुसार 750 रुपये का शुल्क लिया जाना चाहिए।

# कांग्रेस को 40 सीट मिलना मुश्किल : ममता

कोलकाता, एजेंसी

▸▸ टीएमसी प्रमुख ने कांग्रेस को हिंदी भाषी राज्यों में जीत की दी चुनौती

▸▸ भारत जोड़ो न्याय यात्रा की भी आलोचना की

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तीखा हमला करते हुए शुक्रवार को कांग्रेस को हिंदी भाषी राज्यों में भाजपा से मुकाबला करने की चुनौती दी और कहा कि उन्हें संदेह है कि क्या सबसे पुरानी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 40 सीट भी हासिल कर पाएगी। बनर्जी ने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की भी आलोचना की, जो राज्य के छह जिलों से होकर गुजरी। उन्होंने इसकी तुलना राज्य में आए प्रवासी पक्षियों के लिए हज फोटो खींचने के अवसर से की।

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने कहा कि मैंने प्रस्ताव दिया कि कांग्रेस 300 सीट पर चुनाव लड़े (देश भर में जहां भाजपा मुख्य विपक्ष है), लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान देने से इनकार कर दिया। अब, वे मुस्लिम मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए राज्य में आए हैं। मुझे संदेह है कि



कोलकाता : ममता बनर्जी के धरने के दौरान टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा। ● एजेंसी

यदि वे 300 सीट पर चुनाव लड़ते हैं, तो क्या वे 40 सीट भी जीत पाएंगे।'' केंद्र से राज्य के बकाया भुगतान की मांग को लेकर कोलकाता में एक धरने के दौरान बनर्जी ने दोहराया कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन करने की इच्छुक थी, लेकिन उसने उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

उन्होंने कहा, हम गठबंधन के लिए तैयार थे, उन्हें दो सीट की पेशकश की थी जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। अब उन्हें सभी 42 सीट पर अकेले चुनाव लड़ने दें। तब से, हमारे बीच कोई बातचीत नहीं हुई है। बनर्जी ने कांग्रेस को उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने की चुनौती दी।

## आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, मोर्टार और पिस्तौल जब्त

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और तीन गोले, एक पिस्तौल के साथ 51 मिमी का एक मोर्टार जब्त किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट के सांगला इलाके में पुलिस और राष्ट्रीय राइफल्स के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का पता चला। अधिकारियों ने कहा कि हथियार एक बैग में पैक पाए गए और उन पर जंग लग गई थी, जिससे पता चलता है कि आतंकवादियों ने कई वर्षों से इस ठिकाने का इस्तेमाल नहीं किया था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह एक पुराना ठिकाना है जिसका इस्तेमाल करीब दो दशक पहले इलाके में सक्रिय आतंकवादियों ने किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

षडेव तु गुणा : पुंसा न हातव्या : कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति : ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।


## संपादकीय

# अशांत हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र अशांत हो गया है, पश्चिम एशिया में युद्ध की गूंज भारत के आसपास के जल क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही है जिसमें व्यापारिक जहाजों पर हमलों में वृद्धि और जहाजों के अपहरण का प्रयास भी शामिल है। माना जा रहा है कि गाजा में इजराइल के सैन्य हमलों के जवाब में मालवाहक जहाजों पर हमले किए जा रहे हैं। समुद्री डकैती, गाजा युद्ध और बढ़ती चीनी शक्ति नौसेना की क्षमताओं को बढ़ा रही है। भारत को अपने भू-राजनीतिक हितों की रक्षा करने और चीन की बढ़ती आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए अपनी नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता है। ध्यान रहे हूती विद्रोहियों द्वारा निशाना बनाए गए जहाजों की सहायता करने या छोटे जहाजों के अपहरण को रोकने के लिए भारतीय नौसेना को बार-बार बुलाया गया है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि भारतीय नौसेना की इकाइयां जिबूती, अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्वी तट में तैनात की जा रहीं हैं। पिछले दिनों नौसेना के जहाज सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डकैती के खिलाफ एक और सफल अभियान को अंजाम दिया है। भारतीय नौसेना ने मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी और उसके चालक दल को सोमालियाई समुद्री लुटेरों से बचाया है। इससे पहले भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछुआरों को बचाया था।

समुद्री डाकुओं ने ईरानी जहाज का अपहरण कर लिया था। अब समय आ गया है कि भारत अपनी नौसैनिक क्षमताओं में बढ़ोतरी के साथ व्यापारिक बेड़े के निर्माण की आवश्यकता पर बारीकी से विचार करे। इसके लिए उन्नत प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता तक पहुंच हासिल करने के लिए जहाज निर्माण के बुनियादी ढांचे और साझेदारी को बढ़ाने की आवश्यकता होगी। हालांकि भारत विदेशी सहयोगियों की मदद से समुद्री विमान और वाहक हासिल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास वर्तमान में 132 युद्धपोत, 143 विमान और 130 हेलीकॉप्टर हैं। देश ने अब 2 लाख करोड़ रुपये के 68 युद्धपोतों और जहाजों का ऑर्डर दिया है। आने वाले वर्षों में, भारत को स्वदेशी रूप से तैयार किए गए नौसैनिक उपकरणों में से आठ कार्वेट, नौ पनडुब्बियां और पांच सर्वेक्षण जहाज भी हासिल करने की बात कही जा रही है। भारत निर्माण की धीमी गति, पुराने जहाजों के तेजी से सेवामुक्त होने और बजट की कमी से भी त्रस्त है। क्षेत्रीय जल क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच चीन की ताकत का बढ़ना तय है। ऐसे में समुद्री क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों से पार पाने के लिए भारत को अपने विदेशी भागीदारों से मजबूत समर्थन की आवश्यकता होगी।

# रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िज़ी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां जरूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ।

वाल्मीकि-विरचित रामायण में अनुस्यूत श्रीराम के उदात्त चरित्र तथा उनके द्वारा पारिवारिक-सामाजिक मर्यादाओं के पालन हेतु कठोरतम कष्ट उठाने का यह काव्यमय आख्यान धर्म, जाति, भाषा तथा क्षेत्र की सीमाओं को तोड़ कर भारत ही नहीं, एशिया के कोने-कोने में लोकप्रिय हो गया। मंगोलिया से लेकर चीन व जापान होते हुए कंबोडिया, थाईलैंड (बैंकाक), इंडोनेशिया तथा मलयेशिया तक कोई ऐसा देश नहीं, जहां इस महाकाव्य की कथाएं संबंधित देश की संस्कृति, लोककथाओं एवं इतिहास का अविच्छिन्न अंग बनकर पुष्पित-पल्लवित न हुई हों। अन्याय के विरुद्ध श्रीराम का संघर्ष, निर्बल वर्गों से उनकी आत्मीयता तथा नैतिक आदर्शों के लिए बड़ा से बड़ा त्याग करने की उनकी तत्परता ने उन्हें भारत ही नहीं, पूरे एशिया का अद्वितीय लोकनायक बना दिया। भारत एवं एशिया के मनीषी कवियों ने विगत दो हजार वर्षों के अंतराल में अपनी-अपनी भाषा में रामकथा लिखी। फ़ादर कामिल बुल्के के आकलन के अनुसार केवल भारत में पाठांतर सहित 300 रामाख्यान उपलब्ध हैं। संभवतः इसी के मद्देनज़र तुलसीदास जी को कहना पड़ा था- नानाभांति राम अवतारा। रामायन सत कोटि अपारा॥/कलप भेद हरिचरित सुहाए। भाँति अनेक मुनीसन्ह गाये॥ (रामचरितमानस, बालकांड, 32: 3-4)

वस्तुतः बौद्ध और जैन मत के प्रचारकों के सम्मुख रामकथा एवं सीता व राम के उदात्त चरित्र की व्यापक लोकप्रियता एक गंभीर चुनौती बनकर उपस्थित हुई। इसका प्रत्याख्यान लगभग असंभव था। इसकी काट में बौद्धों और जैनों ने रामकथा को चित्र-विचित्र आख्यानों से संवलित कर श्रीराम के चरित्र का बौद्धीकरण / जैनीकरण कर दिया और उन्हें बौद्ध / जैन महानायक के रूप में प्रस्तुत किया।

बौद्धों द्वारा जातक-कथाओं के भंडार में 'दशरथ जातक' नाम से रामकथा का एक विचित्र और अधूरा पाठ रच दिया गया (अनुमानतः तीसरी-चौथी शताब्दी)। इसके अनुसार वाराणसी के राजा दशरथ के सोलह हज़ार रानियां थीं। बड़ी रानी से उन्हें 'राम पंडित' और 'लक्खनकुमार' नाम के दो पुत्र और 'सीता देवी' नाम की एक पुत्री प्राप्त हुई। पहली रानी के देहांत के बाद दूसरी रानी से 'भरत'

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया।

जैसी कि अपेक्षा थी, दशरथ जातक में गढ़ लिया गया कि वस्तुतः गौतम बुद्ध ही राम हैं, यशोधरा ही सीता हैं, दशरथ शुद्धोदन हैं और भरत हैं बुद्ध के शिष्य आनन्द। दो अन्य बौद्ध जातक कथाओं- 'अनामकं जातकं' और 'दशरथ कथानकं' में भी राम को बोधिसत्व के रूप में प्रस्तुत किया गया।

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया। इसमें शाक्यमुनि के घर आए एक साधु ने उनकी पत्नी का अपहरण कर लिया। वह साधु वस्तुतः एक राक्षस था। इसके बाद इसमें जटायु की कथा और राम की वानरों के साथ मैत्री स्थापित करने से मिलती-जुलती कथाएं आती हैं।

एक दूसरे जापानी रामायण में श्रवणकुमार की कथा का अनुकरण करते हुए सेमू नाम का चरित्र गढ़ा गया। कैरा देश के राजा का बाण लगने से सेमू की मृत्यु हो जाती है। उसके अंधे माता-पिता इंद्र से प्रार्थना करते हैं कि यदि उनका पुत्र बुद्ध, धम्म और संघ के अनुसार आचरण करता रहा हो तो वह पुनर्जीवित हो जाए! इंद्र उसे जीवित कर देते हैं, माता पिता की आंखें भी ठीक हो जाती हैं। वे कैरा देश के राजा को सीख देते हैं कि भविष्य में शिकार के रूप में वे कभी हिंसा न करें!

जैनों द्वारा रची गई रामकथाएं कम दिलचस्प नहीं हैं। श्वेतांबर विमलसूरि के 'पद्मचरित' और दिगंबर गुणभद्र के 'उत्तर पुराण' में राम, लक्ष्मण, यहां तक कि रावण भी जैन धर्मानुयायी हैं। जैनियों ने राम का नाम 'पद्म' रखा है। राम (पद्म) चूँकि अहिंसक हैं, रावण को मारने का दायित्व लक्ष्मण उठाते हैं जिसके फलस्वरूप उन्हें नर्क जाना पड़ता है।

उड़िया रामायण के लेखक बलरामदास तो राम, लक्ष्मण, सीता को वनवास के दौरान जगन्नाथ-सुभद्रा-बलराम के सामने ला खड़ा करते हैं। कथा में राम-सीता वगैरह की लंका से वापसी के समय पुष्पक विमान से उड़िया तीर्थों का भी दर्शन करा देते हैं। इस रामायण में यह भी उल्लेख है कि राम की वानरी सेना में कोणार्क के भी बंदर गए थे। उड़िया रामायण के सोलहवीं शती के आरम्भ में, रामचरितमानस की रचना (1574-76) से पहले लिखे जाने का संकेत मिलता है।

कृत्तिवास-कृत बंगला रामायण के अनुसार राम के बाणों से विक्षुब्ध होकर रावण ने दुर्गा का स्मरण किया। देवी रावण को गोद में लेकर बैठ गईं। यह देखकर राम ने युद्ध बंद कर दिया और बिल्व वृक्ष के नीचे बैठकर देवी की आराधना में लग गए। पूजा हेतु हनुमान द्वारा लाए गये 108 नीलकमलों में से देवी ने एक कमल चुरा लिया। राम उस कमल के स्थान पर अपने कमल-रूपी नेत्र को बाण से निकाल कर चढ़ाने चले। इस पर देवी ने प्रसन्न होकर उन्हें विजय का वरदान दिया।

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की प्रसिद्ध लंबी कविता 'राम की शक्तिपूजा' का कथ्य कृत्तिवास रामायण के उपरोक्त प्रसंग पर ही आधारित है। सर्वविदित है कि निराला के रचनात्मक जीवन का शुरुआती दौर बंगाल में बीता था।

बौद्धों और जैनियों द्वारा रामकथा के मूल स्वरूप में बदलाव का तो निहित उद्देश्य था, किंतु कालिदास के समय (भारतीय मत-पहली शताब्दी ई.पू. तथा पाश्चात्य मत चौथी-पांचवी शताब्दी) के पहले से सक्रिय नारी और शूद्र-विरोधी प्रक्षेपकों ने वाल्मीकीय रामायण में सातवां काण्ड (उत्तरकांड) जोड़ दिया था। ऐसा प्रतीत होता है, श्रीराम के चरित्र को लांछित करने के उद्देश्य से ही उत्तरकांड में सीता-निर्वासन और शंबूक वध के प्रसंग जोड़े गए। इन प्रसंगो को इतनी स्वीकृति मिली कि ये भारत के समुद्री व्यापारियों के माध्यम से कंबोडिया पहुंच गए और वहां की रामकथा 'रामकेर्ति' में सम्मिलित हो गये।

तुलसी के रामचरितमानस में श्रीराम द्वारा निषादराज गुह को गले लगाने, शबरी के जूठे बेर खाने, वन्यजातियों के प्रति सद्भाव रखने तथा वानर-भालुओं की मित्रता एवं सहयोग से दक्षिण और मध्य भारत में अन्यायी एवं निरंकुश रावण के वर्चस्व को समाप्त करते हैं। किंतु तुलसीदास का युगांतरकारी योगदान वाल्मीकीय रामायण के अपने गहन अध्ययन से उत्तरकांड (और बालकांड के भी) आधारहीन प्रक्षिप्त को प्रक्षिप्त के रूप में पहचानने और अपने रामचरितमानस को इससे मुक्त करने में निहित है। उन्होंने वाल्मीकीय रामायण के (प्रक्षिप्त) उत्तरकाण्ड से कोई प्रसंग नहीं लिया और उसका अधिकांश ज्ञान-भक्ति निरूपण को समर्पित कर दिया। इस तरह उन्होंने युगानुरूप ज्ञान (दर्शन) द्वारा मोक्षप्राप्ति के विचार के ऊपर सर्वसुलभ भक्ति मार्ग को प्रतिष्ठित किया और पराजय बोध के अंधकार में डूबे हिंदू-समाज को आध्यात्मिक समानता एवं रामभक्ति का सुलभ साधन प्रदानकर उसमें नवीन आशा का संचार किया।

भारतीय इतिहास, संस्कृति और समाज को तुलसीदास का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान इसमें निहित था कि उन्होंने वाल्मीकि रामायण की रचना के बाद से अनेकानेक कवियों द्वारा रामकथा के साथ किए गए अनर्गल प्रयोगों और निहित स्वार्थ वश उसमें किए गए प्रक्षेपों को दरकिनार कर अपनी वस्तुपरक संत-दृष्टि, असाधारण विद्वत्ता तथा अपूर्व काव्यमेधा से श्रीरामचरितमानस-जैसा अद्भुत महाकाव्य दिया जो अवधी की क्षेत्रीय बोली में होने के बावजूद उत्तर भारत का सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रंथ साबित हुआ। आज हमारे बीच राम की लोकनायक और महामानव की जो छवि विद्यमान है वह मुख्यतः तुलसी की और उसमें भी उनके हर दृष्टि से उत्कृष्ट प्रबंध काव्य रामचरितमानस की देन है।

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िज़ी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां ज़रूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ। रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य ने इन मज़दूरों की भावी पीढ़ियों को भारत और भारतीयता में दीक्षित किया। आज वे कई अर्थों में भारत-निवासियों से अधिक भारतीय हैं।

## प्रसंगवश

# भ्रष्टाचार तेरे रूप अनेक

मैं किसी बड़े राजनेता के भ्रष्टाचार की नहीं अपितु निचले स्तर के राजकीय कर्मचारियों के नैतिक पतन की एक कहानी सुना रहा हूं। 25 जनवरी को बलिया जनपद के मनियर इंटर कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुए सामूहिक विवाह में 568 जोड़ों का विवाह हुआ था।

सामाजिक समरसता एवं सर्वधर्म समभाव बढ़ाने हेतु गरीब कन्याओं, विधवाओं, तलाकशुदा, परित्यक्ताओं के विवाह हेतु उप्र में यह योजना लागू की गई है जिसमें राज्य सरकार प्रत्येक जोड़े के विवाह पर 51000 रुपए खर्च करती है जिसमें से 35000 रुपए जीवनयापन हेतु उस कन्या के खाते में 10000 रुपए उसको उपहार आदि देने में तथा 6000 रुपए उसके विवाह के आयोजन पर खर्च किए जाने का प्रावधान है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

इस सामूहिक विवाह के आयोजन में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर जांच के आदेश दिए गए। जांच में पहले केवल दो गांव के 25 लाभार्थियों का सत्यापन किया गया है जिसमें से 8 लाभार्थी अपात्र पाए गए। अपात्रों में कुछ की शादी पहले ही हो चुकी थी तथा कुछ अभी भी अविवाहित हैं। नवीनतम जानकारी के अनुसार कुल 245 जोड़े अपात्र पाए गए और एक करोड़ पचीस लाख रुपए का गबन हुआ। इस प्रकरण में एडीओ समाज कल्याण व अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर एडीओ को निलंबित कर दिया गया है।

यह उस योजना का हाल है जिसे गरीबों के हित में लागू किए जाने की बात जोर-शोर से कही जाती है। यह एक योजना के एक आयोजन का किस्सा है, समाज के हित में चल रही न जाने कितनी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहीं हैं और करदाताओं का धन बर्बाद हो रहा है। पुनः इतने बड़े आयोजन का धन मात्र एक एडीओ हजम कर गया,यह स्वीकार्य नहीं है। इसमें और भी मगरमच्छ शामिल रहे होंगे जिनका भी चेहरा बेनकाब होना चाहिए। इस समारोह के पर्यवेक्षण अधिकारियों पर भी शिथिल पर्यवेक्षण के लिए दंडात्मक कार्यवाही अपेक्षित है। प्रदेश सरकार धार्मिक पुनरुद्धार के साथ-साथ यदि अपने सेवकों के ऐसे कृत्यों पर भी ध्यान दे तो ऐसे घोटालों में अवश्य कमी आएगी एवं गरीब पात्रों को उनका वाजिब धन मिला करेगा।

# दो नोबेल विजेताओं की दास्तां



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। उन पर विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है।

दो बांग्लाभाषी हैं। दोनों नोबेल विजेता। महान अर्थशास्त्री हैं। एक पड़ोसी गणराज्य बांग्लादेशी। दूसरे पश्चिम बंगाल के। ढाका और कोलकाता के ये दोनों अपनी सरकारों से सताए हुए हैं, मगर अमर्त्य सेन कांग्रेसी सरकार के बहुत बड़े लाभार्थी रहे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चहेते भी। आजकल उनके दिन बिगड़े हैं। उधर प्रो. मोहम्मद यूनुस राजनीतिक कारणों से प्रधानमंत्री बेगम शेख हसीना से पीड़ित किए गए।

पहले इस बांग्लादेशी की चर्चा कर लें। पश्चिम देशों में 85 वर्षीय प्रो. यूनुस को ग्रामीण बैंकों की श्रृंखला बनाने के कारण "गरीबों का बैंक" कहते हैं,मगर आवामी लीग की प्रधानमंत्री हसीना उन्हें "निर्धनों का रक्त-पिपासु" बताती हैं। उन्हें दुश्मन मानती हैं। शेख हसीना को इस नवउदारवादी अर्थनीति से घृणा थी। शेख हसीना की सरकार ने ग्रामीण बैंक और यूनुस के खिलाफ अभियान चलाया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट किया : "उनकी हरकतें 2007 में श्री यूनुस की उस घोषणा का प्रतिशोध प्रतीत होती हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सार्वजनिक पद की तलाश करेंगे, भले ही वह अपनी योजनाओं पर कभी अमल नहीं कर सके"। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार यूनुस के खिलाफ उनके फैसले में एक अन्य कारक ने योगदान दिया : नोबेल शांति पुरस्कार। हसीना ने सोचा था कि नॉर्वेजियन नोबेल शांति पुरस्कार समिति उन्हें 1997 में शांति संधि,चटगांव हिल ट्रैक्ट्स (सीएचटी) पर हस्ताक्षर करने के लिए पुरस्कार में देगी। अटॉर्नी जनरल महबूबे आलम ने 9 मार्च को सरकार का रुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा : "प्रधानमंत्री शेख हसीना को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए था।" उन्होंने नोबेल समिति के विवेक को चुनौती दी।

प्रो. यूनुस की ईमानदारी साबित हो गई जब 11 जनवरी 2007 को सेना जनरल मोईन यू अहमद ने तख्तापलट किया। इस बीच खालिदा जिया का कार्यकाल समाप्त होने के बाद देश का चौथा मुख्य सलाहकार बनने का उनका अनुरोध प्रो. यूनुस ने ठुकरा दिया था। हालांकि यूनुस ने इस पद के लिए जनरल फखरुद्दीन अहमद को चुनने का सुझाव दिया। फखरुद्दीन ने 11 जनवरी 2007 को पदभार संभाला और अपने पहले ही दिन यह स्पष्ट कर दिया कि उनका इरादा न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की व्यवस्था करना है,बल्कि भ्रष्टाचार को साफ करना भी है। खालिदा और हसीना ने जहां फखरुद्दीन की आलोचना की और दावा किया कि भ्रष्टाचार को साफ करना उनका काम नहीं है। वहीं यूनुस ने संतोष व्यक्त किया। इस वैश्विक स्तर के अर्थशास्त्री को तंग करने में प्रधानमंत्री हसीना ने ग्रामीण बैंक के पद से उन्हें हटा दिया। हालांकि बैंक के नौ निदेशकों ने लाखों कर्जदारों और बाइस हजार कार्मिकों ने प्रो. यूनुस का समर्थन किया था। नब्बे लाख उधारकर्ताओं ने भी उनका साथ दिया था। फिर भी गरीबों के मसीहा कहलाने वाले प्रो. यूनुस पर सत्तालोलुप प्रधानमंत्री के अवांछनीय हमले होते रहे। अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। मामला बड़ा मामूली है। उन पर रविंद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है। सेन इसे अपनी जमीन बताते हैं,जो उन्हें उपहार में मिली थी। इसी बीच प्रो. सेन ने ऐलान कर डाला कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भारत के श्रेष्ठतम प्रधानमंत्री बनने लायक हैं। बस ममता दीदी ने जवाब में कहा यदि विश्वविद्यालय ने जमीन वापस ली तो मुख्यमंत्री वीरभूम जिले के शांति निकेतन में धरने पर बैठ जाएंगी। अर्थात् इस केंद्र सरकार द्वारा संचालित शिक्षा केंद्र में राज्य पुलिस को तैनात कर देंगी। भारतीय सेना बनाम बंगाल पुलिस का मुठभेड़ तय है। अमर्त्य सेन अकूत संपत्ति के स्वामी हैं। फिर भी सवा एकड़ जमीन के मालिकाना हक से सटे हुए हैं। वे भारत रत्न भी पा चुके हैं। उन्हें कांग्रेसी प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह ने ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय का प्रथम चांसलर नामित किया था तो प्रो. सेन ने ऐवज में सरदार मनमोहन सिंह की दोनों बेटी डॉ. उपिंदर कौर तथा उनकी सहेली डॉ. नवजोत लहरी को नालंदा विश्वविद्यालय में नियुक्त कर डाला था।

भूतपूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित करने का सपना देखा और बिहार सरकार को दिखाया। राज्य सरकार ने हामी भरी तो वे पहले विजिटर भी बने। अमर्त्य सेन को भी विश्वविद्यालय के साथ जोड़ा गया। हालांकि सेन के कुछ विवादास्पद निर्णय के विरोध में तत्कालीन राष्ट्रपति कलाम ने उस विश्वविद्यालय से खुद को अलग कर लिया था।

## सोशल फोरम

# डिग्रीधारी हैं पर शिक्षित नहीं

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है।

विज्ञान में कट्टरता के लिए जगह नहीं होती। हर वैज्ञानिक अपनी यात्रा यहां से शुरू करता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है। ऐसा नहीं कि विज्ञान के गुण सिर्फ विज्ञान की दुनिया के लोगों के लिए हैं,आम लोगों के लिए नहीं। किसी भी शिक्षा का अर्थ है कि विज्ञान को साथ लेकर चलना, क्योंकि जो सचमुच शिक्षित हैं, वह जानता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है और जो मालूम नहीं है उसे जानना है। दुर्भाग्यवश आज के अधिकांश शिक्षितों में अहंकार और स्वार्थ ज्यादा है। इसलिए कूपमंडूकता भी ज्यादा है। वे वस्तुतः डिग्रीधारी और हुनरमंद हैं, शिक्षित नहीं।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है। लोग मोबाइल चलाने में,तकनीकी बुद्धिवाद में आगे हैं,लेकिन जीवन में बुद्धिपरकता का न्यूनतम उपयोग करते हैं। क्योंकि वे वस्तुतः डिग्रीधारी अशिक्षित हैं। देखा जा सकता है कि विज्ञान ने एक समय कई रहस्यों से पर्दा हटाया था। उदाहरण के तौर पर सांप के काटने या किसी बीमारी पर अब आदमी झाड़-फूंक की जगह डॉक्टर के पास जाना चाहता है। वह सूर्यग्रहण को राहु का ग्रास न मानकर एक प्राकृतिक लीला के रूप में देखता है और भयभीत होने की जगह आनंद उठाता है।

कई अपशकुनों और वर्जनाओं की अब परवाह नहीं की जाती। सेक्स के मामलों में पकड़े जाने के कारण बाबाओं से इधर कुछ मोहभंग हुआ है। कई चमत्कारों से पर्दा उठा है। फिर भी समाज में अंधविश्वास, तंत्र-मंत्र, ग्रह-शांति, धर्मवेशधारी भविष्य वक्ताओं पर विश्वास और दबंग बाबाओं-महंतों का आज पहले से ज्यादा प्रभाव है।

–फेसबुक वॉल से

# द्वंद्व और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का, व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है,जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है।

द्वंद्व का रूप किसी भी प्रकार का हो। अंतर्द्वंद्व हो,वर्ग संघर्ष हो,जाति संघर्ष हो अथवा दो सेनाओं के बीच युद्ध हो। वे सुर और असुर हों या मालिक-मजदूर हों अथवा शासित और शासक के बीच का द्वंद्व हो। ये समस्त द्वंद्व अपने मूल रूप में स्वार्थ के द्वंद्व हैं। अहंता और ममता के द्वंद्व हैं। व्यक्ति और वर्ग स्वार्थ के द्वंद्व हैं। समष्टि हित उनका समायोजन करता है। इसीलिए संघर्ष जीवन का पूरा सच नहीं है। संघर्ष पूरा सच होता तो समाज बनता ही नहीं। जंगल ही रह जाता। जैसे मूल से शाखा-प्रशाखा फैलती हैं,वैसे ही व्यक्ति स्वार्थ और समष्टि हित का द्वंद्व,समायोजन विभिन्न देश काल में विभिन्न रूप ले लेता है।

एक व्यक्ति स्वार्थ का दूसरे व्यक्ति स्वार्थ से द्वंद्व होता है और यह एक परिवार में भी होता है और मोहल्ले में भी हो जाता है। समष्टि हित उसका समायोजन करता है। समायोजन न हो तो परिवार परिवार नहीं रह सकता, मोहल्ला मोहल्ला नहीं रह सकता। इसी प्रकार राष्ट्र संघर्ष और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया का परिणाम है। एक व्यक्ति स्वार्थ का एक समूह से भी द्वंद्व होता है फिर एक समूह का दूसरे समूह से भी हित टकराता है,तब दो समूहों का भी द्वंद्व होता है। यहां भी व्यक्ति स्वार्थ एक समूह में संगठित है। इसलिए हम संगठित स्वार्थ को हित कह देते हैं,हालांकि वह किसी न किसी के विरुद्ध है। संगठन की ताकत आंतरिक समायोजन में है। इसी बात को हम दो राजनैतिक दलों के बीच संघर्ष में देख सकते हैं। वहां भी संगठित व्यक्ति स्वार्थ हैं,भले ही वे उसे समष्टि हित का आवरण देते हैं। समष्टि हित का भाव और विचार होगा तो संघर्ष हो ही नहीं सकता। कल नूरवाला में एक दल का नारा लिखा हुआ था-हम सत्ता के लिए नहीं सेवा के लिए हैं। अब यह सरासर झूठ है,सेवा में भला संघर्ष क्यों होगा? यहां सेवा को सत्ता के आवरण के रूप में बतलाया गया था कि हम तो अच्छे हैं।

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है,जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है। यूएनओ समष्टि हित का प्रतीक है,लेकिन अब वह प्रतीक मात्र ही है। ऐसा न होता तो रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और गाजा का युद्ध इतने समय तक चल ही नहीं सकता था। समष्टि हित व्यापक होता है,मनुष्य मात्र के हित का साधक। मनुष्य का हित समस्त प्राणियों के हित से जुड़ा है,समस्त प्राणियों का हित पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। संघर्ष है तो वह किसी न किसी के विरोध में है,जबकि समष्टि का अभीष्ट सर्वहित है। यह वह भाव है,जिसे करुणा कहते हैं। विश्व के व्यापक दर्शन या विचार परंपरा उसी भाव का विस्तार है। उसी भाव का चिंतन है। बुद्ध,महावीर,ईसा और गांधी उसी भाव और विचार के प्रतीक हैं।

# राष्ट्रीय सुरक्षा में मृदुल कूटनीति की भूमिका

मृदुल कूटनीति (सॉफ्ट कूटनीति) ऐसी विधा है जिससे राष्ट्र अपने नीतियों, कार्यक्रमों, कार्यों, प्रभाव और प्रकृति के आधार पर वैश्विक अनुसमर्थन और वैश्विक विधिक शक्ति अर्जित करते है। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विज्ञान में सॉफ्ट कूटनीति इतनी उपादेयता है कि इसके द्वारा शक्ति संतुलन (तराजू की स्थिति बराबर हो) को स्थापित किया जाता है। यह किसी राष्ट्र को सैनिक शक्ति,धमकी,राजनीतिक दबाव एवं व्यापारिक प्रतिबंध का प्रयोग किए बिना उसके राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करती है एवं राष्ट्रीय हितों को प्राप्त करने में प्रबल सहयोगी की भूमिका में होती है।



डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

राजनीतिक शब्दावली में कहा जा सकता है कि राष्ट्र की मृदुल कूटनीति राष्ट्रीय हितों के पूर्ति करने में सहयोगी होती है। मृदुल कूटनीति में वे सभी उपाय और गतिविधियां संयोजित हैं,जो देश की सीमाओं और असैनिक समाज/नागरिक समाज को सुरक्षित करता है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और संबंधों में मृदुल कूटनीति की लोकप्रियता बढ़ी है। मृदुल कूटनीति का आशय किसी देश द्वारा बाध्यता या भुगतान के स्थान पर अपने प्रति आकर्षण/ सम्मोहन के द्वारा इच्छित वस्तु को प्राप्त करने के राजनीतिक कौशल से है। मृदुल कूटनीति की केंद्रीय भूमिका अपने प्रति दूसरे राष्ट्र आकर्षण है जिससे दूसरे राष्ट्र प्रभावित होकर राष्ट्र (देश) का अनुसरण करते हैं और राजनीतिक नेतृत्व की बातों का सम्मान और गंभीरता से उसकी राय को की कद्र करते हैं। मृदुल कूटनीति संसाधनों के समुचित अनुप्रयोग करने की राजनयिक कला और शासकीय व्यवहार है। भारत एक प्राचीन संस्कृति है जिसकी गहरी जड़ें इतिहास में हैं। भारत की ऐतिहासिक प्राचीन सभ्यता मानवीय सभ्यता के विकास में गंभीर भूमिका प्रदान करती है। भारत में एक लंबी सांस्कृतिक परंपरा है,जो शांति,अहिंसा,सहनशीलता, सौहार्द,धैर्य, विभिन्न संस्कृतियों के बीच सद्भावना,भौतिक और आध्यात्मिक समृद्धि में संतुलित आयाम, व्यक्ति और प्रकृति के बीच संतुलन के आदर्शों, मूल्यों और परंपराओं पर जोर देती है। अहिंसा भारत के स्वतंत्रता संघर्ष/संग्राम का मुख्य साधन रहा है। गांधीजी स्वतंत्रता जैसे साध्य को प्राप्त करने में अहिंसा रूपी साधन का प्रबल प्रयुक्तधर्मी थे। गांधीजी वैश्विक इतिहास में प्रतिष्ठित जन नेताओं में से एक है।

लोकतंत्र,लोकतांत्रिक संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्य के सफलता में भारत की मृदुल कूटनीति की उपादेयता महत्वपूर्ण है। भारत वैश्विक स्तर का सबसे बृहद लोकतंत्र है और वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र की मातृका/जननी है। भारत विकासशील देशों को लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करता है और कई देशों के लिए एक आदर्श प्रतिरूप प्रस्तुत किया है और कर रहा है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि भारत की मृदुल कूटनीति के द्वारा एक विकसित राष्ट्र बनाना है तथा भारत में सामाजिक, आर्थिक,राजनीतिक एवं पर्यावरण समस्या का निवारण और सुशासन को बढ़ावा देना है। इसलिए मृदुल कूटनीति की अभूतपूर्व प्रासंगिकता है।

# कोर्ट परिसर में हत्यारोपी पर तमंचे से फायर, अफरातफरी

## वकीलों ने आरोपी को तमंचा समेत दबोचा, पुलिस के सुपुर्द किया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार :** पिता की हत्या का प्रतिशोध लेने के लिए युवक ने न्यायालय परिसर में ही तारीख पर आए हत्यारोपी के ऊपर तमंचे से फायर झोंक दिया, जिससे वह बाल-बाल बच गया। कोर्ट परिसर में गोली चलने से वकीलों और वादकारियों में अफरा-तफरी मच गई। वकीलों ने तमंचा लेकर भाग रहे आरोपी को दबोच लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है और कोर्ट परिसर में भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है।

शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय के पास बने पुस्तकालय की तरफ से एक युवक ने कोर्ट में तारीख पर आए हत्यारोपी ग्राम भगतगाढ़ा निवासी चंदन यादव पुत्र कृपाल सिंह के ऊपर 315 बोर के तमंचे से फायर कर दिया। फायर के दौरान चंदन जमीन पर लेट गया और गोली सामने दीवार में जा धंसी। गोली चलने से कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया और अधिवक्ता अपने कक्षों से बाहर निकल आए। वकीलों ने गोली चलाने वाले आदेश यादव पुत्र पिंटू निवासी कटरा को तमंचा समेत पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। उसके पास से एक जीवित कारतूस और एक खोखा भी मिला है।

### पिता की हत्या का बदला लेना चाहता था आदेश

कोर्ट परिसर में तमंचे से फायर करने वाला आरोपी आदेश यादव अपने पिता पिंटू यादव की हत्या का बदला लेना चाहता था। पुलिस के मुताबिक 24 मई 2023 को सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटरा निवासी पिंटू यादव और ग्राम भगतगाढ़ा निवासी कृपाल सिंह के बीच झगड़ा हो गया था। इस घटना में मारपीट व फायरिंग हुई, जिसमें पिटाई से पिंटू की मौत हो गई थी। आदेश ने कृपाल सिंह के चारों बेटों शेखर, कल्लू, मुल्लू और चंदन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इनमें तीन को जमानत मिल गई है, जबकि मुल्लू जिला कारागार में बंद है। इसी मामले में चंदन तारीख पर आया था तो आदेश ने बदला लेने के लिए घात लगाकर तमंचे से फायर कर दिया।

### वकीलों और पुलिस में हुई नोकझोंक

हमलावर आदेश यादव को पकड़ने के बाद वकीलों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। मौके पर जब सीओ सिटी पहुंचे तो वकीलों ने उन्हें खरीखोटी सुनाई। बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवांक बाजपेयी ने कहा कि 25 जनवरी को उन्होंने न्यायालय परिसर में सुरक्षा को लेकर एसपी को ज्ञापन दिया था, लेकिन उन्होंने कोई सुनवाई नहीं की। वकीलों ने चेंबर परिसर में और गेट पर पुलिस बल तैनात करने की मांग की। इससे पहले वकीलों की पुलिस से काफी नोकझोंक हुई थी।

# राज्यपाल ने तल्ख अंदाज में विपक्ष को दिखाया आइना

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने तल्ख अंदाज में विधानसभा में नारेबाजी कर रहे समाजवादी पार्टी और रालोद के विधायकों को आईना दिखाया। राज्यपाल गो बैक-गो बैक नारेबाजी कर रहे विधायकों से राज्यपाल ने कहा कि कौन चला जाएगा यह तो बाद में पता चलेगा।राज्यपाल ने कहा कि 7 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश बीमारु राज्य हुआ करता था। सात वर्ष की सरकार के शासन में यूपी केंद्र सरकार की 47 योजनाओं में देश में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने सपा विधायकों से कहा कि आप लोग यहां नारेबाजी करते रह गए ये ( भाजपा सरकार ) लोग आपसे ऊपर निकल गए। विधानसभा की कार्य संचालन नियमावली 2023 लागू होने के बाद दूसरे ही सत्र में नियमावली का जमकर उल्लंघन हुआ। सपा के सदस्यों ने वेल में आकर प्रदर्शन किया। बैनर और तख्तियां लेकर सदन में पहुंचे। वहीं अधिकारी दीर्घा में बैठे शासन व पुलिस के आला अधिकारी अभिभाषण के दौरान मोबाइल फोन पर बात करते रहे।

# विधानसभा परिसर में सपा विधायकों ने किया प्रदर्शन



विधानसभा भवन परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते सपा विधायक। ● अमृत विचार

संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सपा विधायकों ने जनसमस्याओं की अनदेखी पर जताया आक्रोश

**अमृत विचार :** सपा के विधान सभा और विधान परिषद सदस्यों ने शुक्रवार को विधान मण्डल सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा भवन परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते हुए धरना दिया।

सपा विधायकों ने अपने हाथ में सरकार विरोधी नारों के पोस्टर और बैनर लेकर जन समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार की उदासीनता पर आक्रोश जताया।सपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ते भ्रष्टाचार, बिगड़ी कानून व्यवस्था, किसानों की समस्याओं और भर्तियों में धांधली को लेकर नारेबाजी की और सभी को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए जातीय जनगणना कराने की मांग की।

## सार-संक्षेप

### गन्ने की घटतौली पर दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी के निर्देश के बाद प्रमुख सचिव गन्ना विकास वीना कुमारी ने गन्ने की घटतौली करने वाले दोषी कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। प्रमुख सचिव ने गन्ना किसानों को बकाये का त्वरित भुगतान के भी निर्देश दिये हैं। प्रमुख सचिव शुक्रवार को गन्ना किसान संस्थान में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि गन्ने की खेती में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस के उपयोग को बढ़ावा दिया जाय जिससे प्रदेश के गन्ना किसानों को संभावित कीट हमलों का पूर्वानुमान, फसलों के स्वास्थ्य की निगरानी, मौसम पूर्वानुमान, पेड़ी प्रबंधन, उचित जल संचरण, सिंचाई में स्वचालन तकनीक, ड्रोन, मिट्टी के नमूने, डेटा विश्लेषण और फसल रोपण समेत विभिन्न कार्यों में तकनीकी सहायता से गन्ना किसानों को बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके।

### 11 बिजली अभियंताओं को मिली प्रोन्नति

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के 11 बिजली अभियंताओं को शुक्रवार को प्रोन्नत कर दिया गया। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन की ओर से आदेश जारी हुए। आदेश के तहत मुख्य अभियंता-स्तर दो के दो अधिकारियों अनुराग अग्रवाल व धीरज सिन्हा को मुख्य अभियंता-स्तर एक पर प्रोन्नत किया गया है। अनुराग अग्रवाल अभी तक मुख्य अभियंता रेस्पो के पद पर तैनात थे, अब इन्हें शक्ति भवन मुख्यालय में तैनाती दी गई है। धीरज सिन्हा को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में ही रखा गया है। दो अधीक्षण अभियंताओं आकर्षक नाथ गुप्ता व अनुराग माथुर को मुख्य अभियंता स्तर-दो पर प्रोन्नति दी गई है। ऊर्जा मंत्री से सम्बद्ध आकर्षक नाथ गुप्ता को वर्तमान तैनाती पर ही रखा गया है, जबकि अनुराग माथुर को वाणिज्य-चार शक्ति भवन विस्तार से कॉरपोरेशन मुख्यालय में तैनात किया गया है। इसी तरह, सात अधिशासी अभियंताओं को अधीक्षण अभियंता पद पर प्रोन्नत किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने ऊर्जा निगमों में समयबद्ध तरीके से अभियंताओं के प्रमोशन के लिए शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है।

### आग तापते समय झुलसीं उपमुख्यमंत्री की बुआ



**उन्नाव, अमृत विचार :** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की बुआ शुक्रवार को आग तापते समय अचानक झुलस गईं। उन्हें झुलसा देख परिजनों ने पहले कस्बे के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां से उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार अब उनकी हालत में सुधार है। प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की 100 वर्षीय बुआ विद्यावती फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के मोहल्ला इंद्रा नगर में अपने परिवार के साथ रहती हैं। शुक्रवार को सर्दी के चलते वह अपने घर में आग ताप रही थीं। तभी अचानक उनके कपड़ों ने आग पकड़ ली। वहां मौजूद उनकी छोटी बहू यह देखकर दौड़ी और परिजनों की मदद से आग बुझाई। इसके बाद उन्हें कस्बा स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया।

### आबादी क्षेत्र में आंसू गैस का गोला गिरने से हड़कंप

**आगरा,अमृत विचार :**जनपद के अछनेरा कस्बे में कोतवाली के पास उस समय हड़कंप मच गया जब एक टियर गैस का गोला अचानक आबादी के बीचों-बीच आकर गिरा। गोला गिरते ही मोहल्ले में गैस फैल गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने टियर गैस का गोला अपने कब्जे में ले लिया । इस मामले में अछनेरा पुलिस अब जानकारी जुटा रही है कि आखिर यह गोला कहां से आया और इसे यहां किसने फेंका । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दिन दहाड़े मां-बेटा व चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, लखनऊ/ मलिहाबाद

▸▸ वारदात के बाद गांव में पुलिस तैनात, हत्यारोपी पिता-पुत्र की तलाश में दबिश

**अमृत विचार :** मलिहाबाद का मोहम्मदनगर शुक्रवार दोपहर करीब 3.30 बजे गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। जमीन के विवाद में लल्लन खां व उसके बेटे फराज ने फरहीन (40) और उसके बेटे हंजला खान (20) और चचेरे भाई मुनीर खां उर्फ ताज (50) की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी होने पर फरहीन के पति फरीद को हार्ट अटैक पड़ गया। देर शाम को पुलिस ने थार चालक अशरफ को गिरफ्तार कर लिया है। गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है और हत्यारोपी पिता-पुत्र की तलाश में दबिश दी जा रही है।

मोहम्मदनगर में फरीद परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी फरहीन और बेटा हंजला है। उनका जमीन को लेकर भाई लल्लन खां के साथ काफी दिनों से विवाद है। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे लल्लन खां अपने बेटे फराज के साथ थार पर सवार होकर फरीद के घर पहुंचा और कहासुनी शुरू कर दी। सिटी स्टेशन के पास रहने वाला फरीद का चचेरा साला मुनीर उर्फ ताज भी वहां मौजूद था।

कहासुनी बढ़ने पर लल्लन ने लाइसेंसी रायफल से फायरिंग की। मुनीर ने बीच बचाव करने का प्रयास किया। इस बीच मुनीर को गोली लग गई और वह लहूलुहान होकर गिर गया। वहीं फराज ने रायफल से घर के अंदर मौजूद फरहीन और उसके बेटे हंजला को गोली मार दी। हंजला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि फरहीन और मुनीर को परिजन सीएचसी लेकर गए। जहां दोनों की मौत हो गई।

# 14 को प्रदेश में प्रवेश करेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**लखनऊ, अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निकल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 फरवरी को प्रदेश में प्रवेश करेगी। प्रदेश कांग्रेस यात्रा के स्वागत की तैयारी में जुट गई है।न्याय यात्रा प्रदेश के चंदौली जिले से प्रवेश करेगी। फिर पूर्वी उत्तर प्रदेश में वाराणसी, भदोही, प्रयागराज व प्रतापगढ़ में प्रवेश करेगी। राजधानी पहुंचने से पहले यात्रा अमेठी व रायबरेली होते हुए सीतापुर, लखीमपुर-खीरी, शाहजहांपुर, बरेली व रामपुर तक जाएगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यह मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, बुलंदशहर, अलीगढ, हाथरस और आगरा से गुजरेगी। यात्रा सोनभद्र, मिर्जापुर, कौशांबी, चित्रकूट, फतेहपुर, उन्नाव, हरदोई, फर्रुखाबाद, बदायूं पश्चिम में कासगंज, एटा, फिरोजाबाद और इटावा से होकर गुजरेगी।

# धर्मांतरण कानून के प्रावधानों का पालन किए बिना अंतर्धार्मिक विवाह अवैध: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंतर्धार्मिक विवाह के मामले में कहा कि उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 8 और 9 के प्रावधानों का पालन किए बिना जो विवाह किया गया हो, उसे वैध नहीं माना जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की एकल पीठ ने निकिता नजराना और अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने आगे कहा कि उक्त अधिनियम की धारा 1(3) के अनुसार 2021 के अधिनियम के लागू होने के बाद यानी 27 नवंबर 2020 के बाद कोई भी अंतर धार्मिक विवाह होता है तो पक्षकारों को अधिनियम की उक्त धारा 8 और 9 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। अधिनियम की धारा 8 में बताया गया है कि जो



व्यक्ति अपने धर्म को परिवर्तित करना चाहता है उसे जिला मजिस्ट्रेट या अपर जिला मजिस्ट्रेट को कम से कम 60 दिन पहले इस संबंध में एक घोषणा पत्र देना होगा कि धर्मांतरण का निर्णय उसका अपना है। वह किसी दबाव में या कार्य नहीं कर रहा है जबकि उक्त अधिनियम की धारा 9 धर्मांतरण के बाद की घोषणा से संबंधित है। दरअसल एक अंतर्धार्मिक जोड़े द्वारा संरक्षण याचिका कोर्ट में दाखिल की गई, जिसमें लड़की पहले मुस्लिम धर्म से थी और वर्ष 2017 में उसने हिंदू धर्म अपना लिया और लड़का हिंदू धर्म से है। इसके बाद दोनों ने इसी वर्ष 2 जनवरी 2024 को शादी कर ली। याची के अधिवक्ता का तर्क है कि लड़की का धर्मांतरण प्रमाण पत्र 2017 में जारी किया गया था, जब उक्त अधिनियम अस्तित्व में नहीं था। अतः इस अधिनियम के प्रावधान वर्तमान मामले में लागू नहीं होते हैं। हालांकि कोर्ट ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि याचीगण का विवाह अधिनियम के अस्तित्व में आने के बाद हुआ है। अतः याचियों को अधिनियम के प्रावधानों का पालन करना चाहिए था।


## वर्ग पहेली-331

**बाएं से दाएं**

2. जिसे तोड़ा-फोड़ा न जा सके, अखंड, अटूट।
6. 1. (पुराण) वाजश्रवा ऋषि का पुत्र जिसने मृत्युदेव से ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया था 2. आग, अग्नि।
8. कोई चीज़ दांत से खींच-खींचकर या लगभग नोंचकर खाना, चिचोड़ना

**ऊपर से नीचे**

1. 1. हलका स्पर्श, संपर्क 2. कोमल अनुभूति।
3. पिता, बाप।
4. पुश्तैनी, पैतृक, अच्छे कुल या वंश का।
5. 1. बार-बार पलक गिराना 2. आंखों को खोलना और बंद करना, पलकें उठाना और गिराना।
7. 1. एक प्रकार की बेल जिसमें सेम जैसी फलियां लगती हैं, कौंछ 2. उक्त बेल का फली जिसको छूने से खुजली होती है।



### वर्ग पहेली - 330 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ल | ह | ल | हा | | 2 रो |
| भ | | | | | ज़ा |
| नी | | 3 जो | | 4 जा | |
| | 5 म | हा | भा | ग | |
| 6 ग | ग | री | | र | |
| | रि | | | ण | |
| | 7 बी | ए | ड | | |

# श्रीराम मंदिर के रूप में हुई राष्ट्र मंदिर की स्थापना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विधानसभा में बजट सत्र से पूर्व राष्ट्रगान के दौरान सावधान की मुद्रा में मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ, वित मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य मंत्री। ● अमृत विचार

▸▸ राज्यपाल ने बजट सत्र के पहले दिन विधानमंडल के दोनों सदनों को किया संबोधित

**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश विधान मंडल के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि पारदर्शी व जवाबदेह शासन के साथ ईमानदार व संवेदनशील प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की विशेष तौर पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में वर्ष 2024 अविस्मरणीय स्मृति के रूप में दर्ज हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की शुरुआत में विधानमंडल के सभी सदस्यों और प्रदेश वासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और संपन्नता की कामना की। उन्होंने किसान हितों के प्रति सरकार की संकल्पबद्धता व्यक्त करते हुए हाल ही में गन्ना मूल्यों में की गई वृद्धि पर भी चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर का आकार देने के लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय अवस्थापना तथा सामाजिक अवस्थापना सहित अर्थव्यवस्था के प्रत्येक पहलू को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियों तथा सुशासन के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश आज देश में निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के तौर पर उभरा है। प्रदेश बेहतर राजकोषीय प्रबन्धन से रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित हुआ है।

राज्यपाल ने अयोध्या में रामभक्तों की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए प्रदेश सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि अवस्थापना विकास के अनेक उपयोगी कार्य सम्पन्न कराए गये हैं। आज अयोध्या जल-थल-नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी से संपन्न हो रही है। लगभग 31 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं यहां गतिमान हैं।

# राज्यपाल का अभिभाषण झूठ का पुलिंदा: अजय राय

**लखनऊ, अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने राज्यपाल के अभिभाषण पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अभिभाषण झूठ का पुलिंदा है। किसानों के हितों की बात करने वाली योगी सरकार के शासन में आज भी 5000 करोड़ से अधिक रुपये गन्ना किसानों का बकाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को बिजली फ्री में देने का वादा किया गया, पर आज हालात यह हैं कि सख्ती के साथ उनसे पूरा बिल वसूला जा रहा है। राज्यपाल अपने अभिभाषण में महिला सुरक्षा के मामले में सरकार की पीठ थपथपा रही हैं, जबकि सच ये है की वर्ष 2022 में प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 65,743 मामले दर्ज हुए।

## सुडोकू-48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 9 | | 1 | | | |
| 9 | | 3 | | 2 | | | 5 | |
| | | | | 7 | | 3 | | |
| 5 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 4 | | | | | | 1 |
| | | 2 | | | 6 | | | 5 |
| | | | | 6 | | | | 9 |
| | 1 | | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | 1 | |

### सुडोकू - 47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-अष्टमी 17 .20 तक तत्पश्चात नवमी।

## आज का पंचांग




**मुहूर्त**-अभिजित-11 .58-12 .42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-06 .51-07 .35, 07 .35-08 .19 तक।

**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-विशाखा पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** — आज घर वालों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से बहुत ज्यादा प्रसन्न रहेंगे। सुख और विलासिता का भरपूर लाभ उठाने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में मनोनुकूल परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृष** — आज आपको पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। व्यवसाय में आप अतिरिक्त निवेश करने का विचार बनाएंगे। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। ई-कॉमर्स से जुड़े लोगों की अत्यधिक व्यस्तता रहने वाली है।

**मिथुन** — आज कारोबार की बिगड़ती स्थितियों को अपनी बुद्धिमत्ता से संभाल लेंगे। दोस्तों के साथ किसी योजना पर चर्चा करेंगे। संतान को लेकर आपको गर्व का अनुभव होगा। आपका चित्त काफी प्रसन्न रहेगा। प्रेम संबंधों में नवीनता और ताजगी का एहसास होगा।

**कर्क** — आज नवीन परियोजना पर त्वरित कार्यान्वयन कर सकते हैं। पुराना ऋण आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। आपको आलस्य से आपको बचना चाहिए। कारोबार में व्यस्तता बढ़ने वाली है।

**सिंह** — आज का दिन भोग विलास में बीतेगा। सोशल मीडिया पर आप काफी सक्रिय रहेंगे। लाभदायक सौदे मिलने के योग बन रहे हैं। सरकारी कार्यों की बाधा दूर होगी। नए संपर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — आज व्यापार में आप काफी ध्यान देंगे। घरेलू काम-काज में आप काफी रुचि लेंगे। निवेश लाभकारी सिद्ध होंगे। अपने हितों को लेकर काफी जागरूक रहेंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपको अपनी माता का ध्यान रखना चाहिए।

**तुला** — आज कामकाज की स्थितियों को दोबारा संवारने का प्रयास करेंगे। इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आयात-निर्यात से जुड़े कारोबार में लाभ मिलेगा। करियर में वृद्धि देखने को मिलेगी।

**वृश्चिक** — आज दान-धर्म के कार्यों से पीछे न हटें। किसी को धन उधार न दें। जॉब को लेकर कुछ चिंता बढ़ेगी। मानसिक रूप से आपको मजबूत रहना चाहिए। जमा पूंजी को लेकर अनिश्चितता बढ़ेगी। आपको बॉस से उलझने से बचना चाहिए।

**धनु** — आज प्रेमी जन आपके बहुत निकट आ सकता है। भावुक होकर निर्णय न लें। आप धार्मिक गतिविधियों में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी पर भी सीधे-सीधे विश्वास करना ठीक नहीं होगा।

**मकर** — आज जॉब को लेकर तनाव दूर होने की संभावना है। नया व्यापार शुरू करने के दिन काफी अच्छा है। मैनेजमेंट से जुड़े कार्यों में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। स्वादिष्ट पकवानों का भरपूर आनंद लेंगे।

**कुंभ** — आज धार्मिक यात्राओं में जाने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। अधिकारियों के साथ आपको व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। माता-पिता की सेहत का विशेष ख्याल रखना होगा। जॉब में अतिरिक्त कार्य का दबाव हो सकता है।

**मीन** — आज आपको स्वाध्याय करने में अपना समय व्यतीत करना चाहिए। प्रेमी के प्रति अत्यधिक भावुक होना दुख का कारण बन सकता है। परिवार के लोगों के व्यवहार से निराश हो सकते हैं। आप धन को लेकर परेशान हो सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
जागृति — सुबह : 10 .00
सीता और गीता — रात : 07 .00

**SONY MAX**
अतरंगी रे — सुबह : 10 .22
अफवाह — रात : 07 .00

**SONY PIX**
कैप्टन फिलिप्स — सुबह : 09 .42
एस्केप रूम — रात : 09 .00

**ZEE CINEMA**
एनेमी — सुबह : 10 .30
जीरो — रात : 07 .30

**colors CINEPLEX**
गहराइयां — दोपहर : 01 .04
धनवान — रात : 07 .32

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी रात को आसमान की तरफ देखते हुए बोली वो कौन सी चीज है, जिसे तुम हर दिन देख तो सकते हो, लेकि न तोड़ नहीं सकते?
पति- छोड़ो न में नहीं बताऊंगा।
पत्नी- बताओ न प्लीज...
पति- रहने दे
पत्नी-बताओ न !
पति- तेरा मुंह।

पप्पू ने एक राह चलती लड़की से कहा आपने पहचाना मुझे?
लड़की- नहीं, आप कौन हैं?
पप्पू- मैं वही हूं, जिसे आपने कल भी नहीं पहचाना था।

# घूमने नहीं... अच्छा टेनिस खेलने आए हैं : जीशान अली

## इस्लामाबाद में पाकिस्तानी मीडिया के अटपटे सवालों पर बोले भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान दौरे पर गई भारत के डेविस कप टीम के कप्तान जीशान अली से शुक्रवार को पाकिस्तानी मीडिया ने कई अटपटे सवाल पूछे। जब उनसे पाकिस्तान में शॉपिंग और सैर-सपाटा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया कि वे यहां टेनिस खेलने आए हैं न कि घूमने।

दरअसल करीब 60 साल बाद भारतीय टीम डेविड कप खेलने के लिए पाकिस्तान गई। भारतीय टीम अब तक अपने होटल से बाहर कड़ी सुरक्षा में सिर्फ इस्लामाबाद खेल परिसर में अभ्यास के लिए ही गई है। शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में जीशान अली पाकिस्तानी मीडिया से मुखातिब हुए तो उनसे शॉपिंग के बारे में पूछे गया इस पर उन्होंने जब दिया कि हम कहीं बाहर नहीं गए हैं, उम्मीद है कि कुछ समय के लिए बाहर जाने की व्यवस्था की जा सकती है। भारतीय कोच एवं कप्तान की भूमिका निभा रहे जीशान अली ने कहा कि खेल के लिहाज से हमारा यहां आना इस क्षेत्र में टेनिस के लिए बहुत अच्छा होगा। अगर अधिक बच्चे इस खेल को अपनाएंगे तो इससे टेनिस को फायदा होगा और यही हमारा मुख्य इरादा है।



### पीटीएफ के हस्तक्षेप पर बदला सवालों का रुख

जीशान को तब और आश्चर्य हुआ जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि पाकिस्तान में सुरक्षा कोई मुद्दा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम को 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए यहां आना है। उनसे यह भी पूछा गया कि दोनों देशों के बीच सभी खेलों में द्विपक्षीय शृंखलाएं क्यों नहीं होती हैं। पाकिस्तानी पत्रकार अपनी धरती पर भारतीय टीम को देखने के लिए काफी उत्साहित थे, क्योंकि उनमें से कई पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए भारत दौरे पर नहीं जा सके थे। इस पर पीटीएफ के एक अधिकारी को हस्तक्षेप करना पड़ा और मीडियाकर्मियों से अपने सवालों को केवल डेविस कप मुकाबले तक सीमित रखने के लिए कहा गया।

### टीम के मन में बाहर न जा पाने की निराशा नहीं

जीशान ने कहा कि भारतीय टेनिस महासंघ की सुरक्षा चिंताओं के बीच यहां जो आतिथ्य सत्कार मिला वह शानदार है। खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने भी यही भावना व्यक्त की, इससे भांबरी भी सहमत थे। रामकुमार शनिवार को ऐसाम-उल-हक कुरेशी से भिड़ेंगे। जीशान ने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं तो भी निराश नहीं होंगे क्योंकि वह और उनकी टीम यहां घूमने के लिए नहीं बल्कि देश के लिए अपना काम करने आए है। पाकिस्तान आने का फैसला भारत सरकार को लेना होता है। हमारा काम टेनिस खेलना है।

# नेपाल को हराकर भारत सेमीफाइनल में

**ब्लूमफोंटेन, एजेंसी**

सचिन दास और और कप्तान उदय सहारन की शतकीय पारी के बाद सौमी पांडे की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने शुक्रवार को अंडर-19 विश्वकप के सुपर सिक्स मुकाबले में नेपाल को 132 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

**सचिन और उदय ने खेली शतकीय पारी सौमी पांडे ने झटके 4 विकेट**


298 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की दीपक बोहरा और अर्जुन कुमाल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी की। दीपक 22 और अर्जुन 26 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान देव खनाल सर्वाधिक 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे, इसके बाद आकाश चांद 18, दुर्गेश गुप्ता 29 रन ने हार के अंतर को कम करने का प्रयास किया। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका और पूरी टीम नौ विकेट पर 165 रन ही बना सकी। भारत की ओर से सौमी पांडे ने 4 विकेट लिए। अर्शीन कुलकर्णी को दो विकेट मिले। राज लिंबानी, आराध्य शुक्ला और मुरुगन अभिषेक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### उदय और सचिन के बीच हुई रिकॉर्ड 215 रन की साझेदारी



टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत की शुरुआत अच्छा नहीं रही। पांचवें ओवर में आदर्श सिंह 21 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आए प्रियांशु मोलिया भी 19 रन पर रनआउट हो गए। 14वें ओवर में अर्शीन कुलकर्णी 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 3 विकेट गिरने के बाद कप्तान उदय सहारन और सचिन दास ने चौथे विकेट के लिए 215 रन की साझेदारी की। उदय ने 107 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 100 रन बनाए। सचिन ने 101 गेंदों में 11 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 116 रनों की पारी खेली। मुशीर खान ने नाबाद नौ बनाए। भारतीय टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 297 रनों का स्कोर खड़ा किया।

## डब्ल्यूपीजीटी में हिताशी ने खत्म किया खिताबी सूखा



**कोलकाता, एजेंसी।** शानदार लय में चल रही हिताशी बख्शी ने एक अंडर 69 के कार्ड के साथ शुक्रवार को हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के तीसरे चारण को जीतकर 22 महीने के खिताबी सूखे को खत्म किया। हिताशी ने 2022 में तीन खिताब जीते थे लेकिन 2023 में वह एक भी सफलता हासिल नहीं कर सकी। हालांकि इस दौरान वह काफी समय तक चोटिल भी थी। उन्होंने अंतिम दौर में दो बर्डी के मुकाबले एक बोगी की जिससे उनका कुल स्कोर दो अंडर 208 रहा। हिताशी के अलावा केवल जैस्मिन शेखर ही इस दौर में 69 का कार्ड खेल सकी। वह कुल दो ओवर 212 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही। अनन्या गर्ग तीसरे जबकि रिद्धिमा दिलावड़ी चौथे स्थान पर रही।

# यशस्वी के नाबाद 179, भारत ने बनाए 336 रन

## आज भारत की स्कोर 500 तक पहुंचाने पर होगी नजर ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को दबाव में ला सके

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल की नाबाद 179 रन की पारी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन 6 विकेट के नुकसान पर 336 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल का यह दूसरा टेस्ट शतक है। 10 टेस्ट पारी में उनके नाम दो शतक और दो अर्धशतक हो गए हैं।

यशस्वी ने पिछले साल कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट पदार्पण करते हुए 171 रन बनाए थे। वहीं अन्य भारतीय बल्लेबाज मुफीद परिस्थितियों का फायदा नहीं उठा सके। स्टंप तक आर अश्विन पांच रन बनाकर दूसरे छोर पर यशस्वी जायसवाल का साथ निभा रहे थे। पहला अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट मैच खेल रहे इंग्लैंड के शोएब बशीर और रेहान अहमद ने 2-2 विकेट झटके, जबकि पदार्पण कर रहे रजत पाटीदार 72 गेंद में 32 रन बनाकर लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर बोल्ड हो गए।

5 मैच की शृंखला में 0-1 से पिछड़ रही भारतीय टीम दूसरे दिन इस स्कोर को कम से कम 500 रन तक पहुंचाना चाहेगी ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को ऐसी पिच पर दबाव में ला सके जिस पर तीसरे दिन से उछाल आने की उम्मीद है।



**6** विकेट गिर चुके हैं भारत के दूसरे टेस्ट मैच की पारी में पहले दिन

**2-2** विकेट झटके इंग्लैंड के बशीर और रेहान ने

### यशस्वी ने दूसरे सत्र में बदला पारी का रुख

यशस्वी जायसवाल ने दूसरे सत्र में आकर्षक स्ट्रोक्स खेलकर पारी का रुख ही बदल दिया, जिसमें भारत ने 32 ओवर में 122 रन जुटाए। श्रेयस अय्यर 59 गेंद में 27 रन बनाकर दोपहर के सत्र में आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। जायसवाल की पारी की सबसे खास बात उनकी सहजता से मैदानी और हवा में शॉट लगाना रही। टॉम हार्टले पर लांग आन में छक्का लगाकर अपने शतक तक पहुंचने से उनका बेखौफ रवैया साफ दिखाई दिया। जायसवाल ने अपनी पारी के शुरू में स्पिनरों के खिलाफ काफी कट शॉट खेले लेकिन दूसरे सत्र में उन्होंने ड्राइव और उठाकर लगाये गये शॉट से रन बनाए।

### टॉम हार्टले के एक ओवर में जड़े तीन चौके

यशस्वी जायसवाल ने पहले दिन टॉ हार्टले को निशाना बनाया और 45वें ओवर में उनकी गेंदों पर लगातार तीन चौके जमाए। उन्होंने जो रूट की गेंद पर भी शानदार छक्का जड़कर अपने हौसले जाहिर कर दिए। जायसवाल ने अय्यर के साथ 90 रन की भागीदारी निभाई लेकिन अय्यर एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में असफल रहे। हार्टले की गेंद को कट करने का प्रयास में अय्यर स्टंप के पीछे बेन फोक्स को कैच दे बैठे। उनके आउट होने के बाद रजत पाटीदार उतरे और वह वह 27 रन के निजी स्कोर पर हार्टले का शिकार बने। भारत ने सपाट पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। रोहित और यशस्वी जायसवाल ने धीमी शुरुआत की। पहले 16 ओवर में सिर्फ 40 रन बने। रोहित 18वें ओवर में आफ स्पिनर बशीर की गेंद पर ओली पोप को कैच दे बैठे। गिल को एंडरसन ने दूसरे स्पैल में विकेट के पीछे लपकवाया।

## खेल डायरी

### मुक्केबाजी: अमित, इशनीत व सचिन सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज अमित कुमार (63.5 किग्रा) और इशमीत सिंह (75 किग्रा) ने जीत दर्ज करते हुए स्पेन के ला नुसिया में खेले जा रहे बॉक्साम अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सचिन कुमार (80 किग्रा) गुरुवार को स्पेन के पाब्लो कॉय बर्नाल से वॉकओवर मिलने के बाद अंतिम चार चरण में पहुंच गए हैं। अमित ने मेक्सिको के मिगुएल एंजेल मार्टिनेज पर 3-2 के विभाजित फैसले में जीत हासिल की, जबकि प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज लाइट वेल्टरवेट वर्ग में पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। अब अमित का सामना सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के रूसलान अब्दुलाएव से होगा। इशमीत ने क्वार्टरफाइनल में स्थानीय मुक्केबाज डिडाक लोपेज गोमेज को 4-1 से मात देकर अंतिम चार में जगह बनाई, जिसमें उनकी भिड़ंत पोलैंड के मिचाल जारलिंस्की से होगी। हालांकि बिलाल मोहम्मद, दीक्षयंत दहिया और रूबल सिंध ढांडा का क्वार्टरफाइनल में मिली हार के बाद सफर खत्म हो गया।

### मर्सडीज छोड़कर फेरारी से जुड़ेंगे लुईस हैमिल्टन

**लंदन।** लुईस हैमिल्टन ने मर्सडीज छोड़कर फेरारी में जाने का फैसला लेकर मोटर स्पोर्टस जगत को हैरान कर दिया है। हैमिल्टन ने अगस्त के आखिर में मर्सडीज के साथ करार दो साल के लिए बढ़ाया था लेकिन नए करार में उन्होंने रिलीज का प्रावधान रखा था, जिससे वह 2025 में फेरारी से जुड़ सकेंगे। उनकी टीम ने कहा कि इस टीम के साथ 11 साल बेहतरीन रहे हैं। उन्हें इस पर गर्व है। वह जब 13 साल के थे, तभी से मर्सडीज उनके जीवन का हिस्सा है। वह यहीं बड़े हुए और इसे छोड़ने का फैसला काफी कठिन था लेकिन उनके लिए यह जरूरी था। वह नई चुनौती लेकर काफी रोमांचित हैं। हैमिल्टन ने सात में से छह फार्मूला वन खिताब मर्सडीज के साथ जीते हैं।



### भारत ने सैफ अंडर-19 में भूटान को हराया

**फुटबॉल**

**ढाका।** पूजा के चार गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में भूटान को 10-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पूजा ने मैच के 31वें, 58वां, 59वां और स्टॉपेज समय (90 चार मिनट) में गोल किए, जबकि शिवानी देवी (आठवां, 19वां और 36वां) भी गोल की हैट्रिक लगाने में सफल रही। भारत के लिए स्ट्राइकर सुलंजना राउल (53वें), मेनका लॉरेम्बम (61वें) और अरीना देवी (73वें) गोल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रही। गोलकीपर अनिका देवी और अरीना ने शुक्रवार को अपना जूनियर अंतर्राष्ट्रीय में पदार्पण किया। भारत अपना अगला मैच रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

### तुर्की महिला कप फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर महिला टीम 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में तुर्की महिला कप में भाग लेगी। भारत के अलावा एस्टोनिया, कोसोवो और हांगकांग की टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट का हिस्सा है। टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम एक-दूसरे से एक बार भिड़ेगी और राउंड-रॉबिन चरण के अंत में तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा। भारत अपने अभियान का आगाज 21 फरवरी को एस्टोनिया के खिलाफ करेगा।

### ड्रैग फ्लिकर की कमी महिला हॉकी के लिए चिंताजनक

**भुवनेश्वर।** मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम की पेनल्टी को गोल में बदलने की खराब दर की असली वजह टीम में ड्रैग फ्लिक खिलाड़ियों की कमी है। देश में प्रतिभा विकास कार्यक्रमों में इस पर जोर दिए जाने की जरूरत है। पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की नाकामी भारतीय महिला टीम के लिए पिछले कुछ समय से परेशानी का सबब बना हुआ है। इसके कारण टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई। शॉपमैन ने चीन के खिलाफ भारत के एफआईएच प्रो लीग मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि शीर्ष 10 में किसी अन्य देश को देखें तो उनके पास 5 से 6 ड्रैग फ्लिकर हैं, जबकि हमारे पास ऐसा नहीं हैं। शॉपमैन ने कहा कि ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में टीम की विफलता से वह आहत है।

# आर्यन-करन के शतक से यूपी का स्कोर 319

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार :** ग्रीनपार्क स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप के लिए शुक्रवार से शुरू हुए चार दिवसीय मुकाबले में यूपी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए असम के खिलाफ पहले दिन 80 ओवर में दो विकेट खोकर 319 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

यूपी के विकेट कीपर आर्यन जुयाल और करन शर्मा ने शानदार शतक जड़े। आर्यन 234 गेंद पर 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 162 रन बनाकर नाबाद हैं तो करन भी 108 रन बनाकर उनके साथ क्रीज पर डटे हैं। हालांकि आर्यन के साथ ओपनिंग करने उतरे समर्थ सिंह शून्य पर एलबीडब्ल्यू हो गए, जबकि प्रिंस यादव 46 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू हुए। 79 रन पर दो विकेट गिरने के बाद आर्यन और करन ने असम के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। असम के गेंदबाज मुख्तार हुसैन और एम दत्ता को एक-एक विकेट मिला। अन्य कोई गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका।

**ग्रीनपार्क में असम के खिलाफ रणजी ट्राफी मैच का पहला दिन**



### भुवनेश्वर कुमार को टीम में नहीं मिली जगह

यूपी टीम में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को जगह नहीं मिली। प्रियम गर्ग और कार्तिक त्यागी जैसे स्टार खिलाड़ी भी टीम में नहीं थे, जबकि असम टीम में रियान पराग को स्थान नहीं मिला। अंक तालिका के लिहाज से यूपी टीम पांचवें तो असम की टीम आखिरी पायदान पर है। यूपी की टीम ने पिछले मैच में कप्तान नितीश राणा के शतक और बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन से मुंबई को हराया था।

# अस्मिता चालिहा थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में

**बैंकॉक, एजेंसी।** भारत की अस्मिता चालिहा ने शुक्रवार को इंडोनेशिया की ईस्टर नुरूमी वार्डोयो को हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मिथुन मंजूनाथ, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद के हारने के बाद चालिहा ही टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय बची हैं। उन्होंने मुकाबले में वार्डोयो को 21-14, 19-21, 21-13 से पराजित किया। अब वह सेमीफाइनल में चौथी वरीय थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग और चीनी ताइपे की वेन चि सु के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। त्रिशा और गायत्री की जोड़ी को इंडोनेशिया की फेब्रियाना द्वीपुजी कुसुमा और अमालिया काहाया प्राटिवी से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल में मंजूनाथ को क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड के मार्क कालिजोऊ से 19-2, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।



**बैडमिंटन**

# भारत ए ने इंग्लैंड लायन्स को पहली पारी में 199 पर समेटा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** तेज गेंदबाज आकाश दीप के चार और यश दयाल के दो विकेट की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायन्स पर तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को मैच में शानदार वापसी की।

**आकाशदीप ने 4 और यश दयाल ने 2 विकेट लेकर मैच में भारत की कराई शानदार वापसी**

इंग्लैंड लायन्स की पहली पारी को 199 रन पर समेटने के बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट पर 148 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 141 रन की हो गई।

भारत की दूसरी पारी में तिलक वर्मा (46) दिन की आखिरी गेंद पर आउट होकर अर्धशतक से चूक गए, जबकि साई सुदर्शन 54 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। भारत की पहली पारी 192 रन पर सिमटी थी, इसके बाद इंग्लैंड ने पहले दिन एक विकेट पर 98 रन बनाकर अपना दबदबा बनाया था लेकिन शुक्रवार को भारतीय गेंदबाजों का दिन रहा। जहां आकाश और दयाल ने आपस में 7 विकेट साझा किए।



# बॉलीवुड हलचल

## मानव स्वभाव की उलझी भावनाओं का प्रतीक है कैकेयी

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित शो श्रीमद् रामायाण में कैकेयी का किरदार निभाकर शिल्पा सकलानी बेहद रोमांचित है। इसमें शिल्पा सकलानी ने रानी कैकेयी की भूमिका निभायी है, जो अपनी सुंदरता, बुद्धिमत्ता और राजनीतिक कौशल के लिए जानी जाती हैं। शिल्पा सकलानी ने कहा कि रानी कैकेयी एक दुर्जेय किरदार है। वह एक ऐसी रानी हैं जो अपने पति से प्रेम करती हैं लेकिन वह मंथरा द्वारा पैदा की जा रही असुरक्षाओं से नहीं लड़ पाती और ऐसा विकल्प चुनती हैं जो उनके परिवार को तोड़ देता है। कैकेयी मानव स्वभाव की उलझी हुई भावनाओं का प्रतीक है और दर्शाती हैं कि दूसरों के उद्देश्यों के लिए असुरक्षाओं का उपयोग कैसे किया जा सकता है, और यह रामायण की सबसे बड़ी शिक्षाओं में से एक है। योद्धा, राजनयिक और सबसे पसंदीदा रानी, कैकेयी एक नकारात्मक किरदार के अलावा भी बहुत कुछ है।



### अक्षय कुमार का डीपफेक वीडियो हुआ वायरल



साल 2023 के नवंबर में अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। यह पहला मामला था जब किसी अभिनेत्री का डीपफेक वीडियो बनाया गया मगर इसके बाद आलिया भट्ट, काजोल, कटरीना कैफ, नोरा फतेही भी डीपफेक के शिकार हुए। उनके वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए। अब अभिनेता अक्षय कुमार डीपफेक के शिकार हुए हैं। डीपफेक वीडियो में उनकी आवाज और चेहरे का इस्तेमाल करके एक गेमिंग एप का प्रचार प्रसार कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार की ओर से डीपफेक वीडियो सामने आने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। इस वीडियो के सोर्स की जांच की जा रही है।

## देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है आर्टिकल 370 का गाना दुआ


अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फिल्म आर्टिकल 370 का पहला गाना दुआ रिलीज किया गया है। इस गाने को जुबिन नौटियाल और शाश्वत सचदेव ने स्वरबद्ध किया है। शाश्वत ने ही गाने का म्यूजिक तैयार किया है। गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं, जबकि फीमेल वॉइस प्रियांशी नायडू ने दी है। यामी गौतम ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार गाना सुना तो बेहद भावुक हो गई थी। गाने के बोल इतने दमदार हैं कि वह दिल को छू जाते हैं। साथ ही इसे गाने को कश्मीर के बहुत ही खूबसूरत इलाकों में शूट किया गया है, जो इसे और भी प्रभावी बनाता है। यह उन सभी लोगों के लिए समर्पित है जो निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करते हैं।

निर्देशक आदित्य सुहास जांभले ने कहा कि हम हमेशा से एक ऐसा एंथम बनाना चाहते थे जो देश की भावनाओं से जुड़ा हो। हम चाहते थे कि यह एक ऐसा एहसास हो, जो कभी नहीं बदलता, चाहे चीजें कैसे भी विकसित हों। मुझे लगता है कि शाश्वत यह काम बहुत ही खूबसूरती से करने में सक्षम हैं। भारत के बारे में यह गाना बनाने के पीछे हमारी सोच यह थी कि हम सभी तथ्य को छुएं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे देश ने क्या झेला है, लेकिन पूरा देश आज भी एकजुट है। यह गाना उसी के लिए हमारी ओर से है। दुआ हमारी ओर से भारतीयों और उनकी अमर भावना को दिया गया ट्रिब्यूट है। जुबिन नौटियाल ने कहा कि इस गाने में इतनी ताकत है कि प्रत्येक भारतीय के गहरे इमोशन को उजागर करेगा, जैसे कि मुझमें था। दिल को छू जाने वाले इस गाने के बोल और मधुर संगीत गाने में एक रूहानी क्वालिटी लेकर आते हैं। यह गाना सभी संगीत प्रेमियों के लिए है। इसके अलावा राष्ट्र के लिए गाना मेरे दिल में खास जगह रखता है। यह गाना निश्चित रूप से देश के प्रति हमारे साझा प्रेम में एकता और गर्व की भावना जगाएगा।




## प्यार, धोखा और राजनीति की कहानी है हीरामंडी

बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की आने वाली वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। हीरामंडी में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी का फर्स्ट लुक रिलीज करते हुए नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि निर्माता संजय लीला भंसाली की हीरामंडी वेब सीरीज वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, हीरामंडी कोठों में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।




### ढैन टेनेन गाने से कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली : शाहिद कपूर

शाहिद कपूर ने बताया कि ढैन टेनेन गाने से उन्हें फिल्म कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली। एक रियलटी शो में शाहिद कपूर ने बताया कि कमीने करने से पहले, जब वी मेट पूरी की थी और फिल्म के क्षेत्र को लेकर उलझन में था। यह भारत में अब तक पेश की गई चीजों से अलग थी, इसलिए यकीन नहीं था कि इसे कैसे देखा जाए। उन्हें याद है कि वे विशाल के ऑफिस में कॉस्टयूम और अन्य चीजों पर चर्चा कर रहे थे जब उन्होंने हेडफोन देकर यह गाना सुनने के लिए कहा। तभी पहली बार ढैन टेनेन सुना और इससे समझ में आया कि उन्हें फिल्म में क्या करना है। विशाल और इस गाने की वजह से वह गुड्डू की भूमिका निभा सके।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333, 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# महिलाओं को डरा रहा सर्वाइकल कैंसर



सर्वाइकल कैंसर ऐसी बीमारी जो आधुनिक महिलाओं में भय का कारण बनी हुई है। अच्छा खानपान, बेहतर दिनचर्या और व्यायाम से कोसों दूर भागदौड़ भरी जिंदगी जी रहीं ज्यादातर भारतीय महिलाएं इस बीमारी की चपेट में हैं। अनियमित दिनचर्या की वजह से महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। आइए जानते हैं कैसे कर सकते हैं सर्वाइकल कैंसर से बचाव।

## क्या होता है सर्वाइकल कैंसर

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर वह कैंसर है जो गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं में शुरू होता है। गर्भाशय ग्रीवा गर्भाशय को योनि से जोड़ती है। सर्वाइकल कैंसर आमतौर पर समय के साथ धीरे-धीरे विकसित होता है। गर्भाशय ग्रीवा में कैंसर होने से पहले, गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाएं 'डिसप्लेसिया' नामक परिवर्तनों से गुजरती हैं, जिसमें गर्भाशय ग्रीवा के ऊतकों में असामान्य कोशिकाएं दिखाई देने लगती हैं। ऐसे में समय के साथ यदि इसका इलाज नहीं किया गया तो असामान्य कोशिकाएं कैंसर कोशिकाएं बन सकती हैं और बढ़ने लगती हैं। साथ ही गर्भाशय ग्रीवा और आसपास के क्षेत्रों में अधिक गहराई तक फैल जाती हैं।

- 2020 में अनुमानित 604,000 नए मामलों और 342,000 मौतों के साथ सर्वाइकल वैश्विक स्तर पर महिलाओं में चौथा सबसे आम कैंसर है।
- सर्वाइकल कैंसर की सर्वाधिक घटनाएं और मृत्यु दर की उच्चतम दर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में है, जोकि चिंताजनक है।
- यदि प्रारंभिक चरण में निदान किया जाए और तुरंत इलाज किया जाए तो सर्वाइकल कैंसर को ठीक किया जा सकता है।
- दुनिया भर के देश सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन में तेजी लाने के लिए काम कर रहे हैं, बावजूद इसके यह एक बड़ी समस्या बनी हुई है।

## सर्वाइकल कैंसर के लक्षण

- पानी जैसा या खूनी योनि स्राव
- योनि स्राव में दुर्गंध आना
- यौन संबंध के बाद योनि से रक्तस्राव
- मासिक धर्म के बीच में रक्तस्राव
- लंबे समय और भारी मासिक धर्म
- पैरों में सूजन
- पेल्विक हिस्से, लेग्स और बेक पेन



## बचाव और रोकथाम

- रेगुलर स्क्रीनिंग
- सेफ सेक्स
- वजन कंट्रोल करें
- तनाव कम करें
- हेल्दी डाइट
- नो स्मोकिंग
- सीमित अल्कोहल

प्रस्तुति : विनय सैनी/प्रदीप यादव

# पूंछ समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज

▸▸ वैज्ञानिकों ने खोजा पूंछ वाले तारे का रहस्य, ग्रह के साथ पिंडों को जन्म दे रहा बीटा पिक्टोरिस तारा

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** वैज्ञानिकों ने तारों की दुनिया में एक ऐसे तारे की असलियत का पता लगाया है, जिसकी बिल्ली की तरह पूंछ निकल आई थी। इसका रहस्य समझने के लिए स्पेन के वैज्ञानिकों ने पूंछ की वास्तविकता का खुलासा किया है। इस तारे नाम बीटा पिक्टोरिस है, ग्रहों के साथ पिंडों को जन्म दे रहा है।

किसी तारे का आकार लंबवत कैसे हो सकता है , वह भी इस तरह का, जिसका पिछला हिस्सा किसी बिल्ली के पूंछ के समान हो। जिस कारण यह तारा वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। वैज्ञानिकों ने इसका रहस्य जानने के लिए अध्ययन शुरू किया। जमीन स्थित अनेक दूरबीनों से इसे देखा गया और अंत मे अंतरीक्ष में स्थित दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप से इसकी वास्तविकता को समझना चाहा तो चौकाने वाली जानकारी निकलकर सामने आई। खोजकर्ता स्पेन स्थित एस्ट्रोबायोलॉजी सेंटर के वैज्ञानिक इसाबेल रेबोलिडो के मुताबिक यह रहस्यमय तारा खगोलविदों को रोमांचित करते आया है। यह पृथ्वी का नजदीकी तारा है। अध्ययन के बाद पता चला कि इस तारे में ग्रह बनाने वाले मलबे की एक घेरने वाली डिस्क है और इसकी घुमावदार पूंछ धूल का बड़ा हिस्सा है। जिसकी लंबाई लगभग 16 अरब किमी तक फैली हुई है। इस पूंछ का निर्माण किसी धूमकेतु, क्षुद्रग्रह या ग्रह की टक्कर के कारण बनी होगी। गहन अध्ययन के बाद यह समझ आया कि वास्तव में बीटा पिक्टोरिस एक आश्चर्यजनक तारा प्रणाली है। 1984 में यह धूल और मलबे की चमकदार डिस्क से घिरा खोजा गया पहला तारा बन गया। खास बात यह है कि तारे की मलबे वाली डिस्क में नए ग्रह बन रहे हैं।



बीटा पिक्टोरिस तारा प्रणाली का चित्र।

### असामान्य विशेषता का हुआ खुलासा: नासा

इस खोज को लेकर नासा ने कहा है कि वेब स्पेस टेलीस्कोप ने बीटा पिक्टोरिस मलबे डिस्क की एक असामान्य और अप्रत्याशित विशेषता का खुलासा किया है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल फरवरी 2024 अंक में प्रकाशन के लिए इस नई खोज को स्वीकार किया है। उम्मीद है कि वेब भविष्य में भी इस तरह की खोज से वैज्ञानिकों को सहयोग करता रहेगा।

## एक नजर

### केन्या की राजधानी में गैस लीकेज के बाद भीषण विस्फोट, 2 की मौत

**नैरोबी।** केन्या की राजधानी नैरोबी में गैस लीकेज के कारण लगी आग से बड़ा हादसा हुआ है। आग लगने के बाद हुए विस्फोट से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई और 165 लोग घायल बताए जा रहे हैं। नैरोबी स्थित एक गैस रीफिलिंग कंपनी की इमारत में आग आधी रात को लगी थी। सरकार के प्रवक्ता इसहाक मावौरा ने कहा कि यह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

### बेल्जियम में किसानों का प्रदर्शन जर्मनी में एयरपोर्ट पर हड़ताल



**ब्रुसेल्स/बर्लिन।** बेल्जियम में किसानों ने यूरोपियन यूनियन के मुख्यालय का मार्ग ट्रैक्टरों से अवरुद्ध कर दिया। इसी दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प होने के कारण हालात बेकाबू हो गए। वहीं, जर्मनी में वेतन से जुड़े विवाद के कारण सभी बड़े एयरपोर्ट के सुरक्षा कर्मचारी एक दिन की हड़ताल पर गए। इससे बड़े पैमाने पर उड़ानें रद करनी पड़ीं और सैकड़ों। यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

### अमेरिका में भारतवंशी छात्र श्रेयस रेड्डी की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। एक सप्ताह के भीतर इस तरह का तीसरा मामला सामने आया है। हालांकि, छात्र की मृत्यु की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्र की पहचान श्रेयस रेड्डी के रूप में हुई है और वह लिंडर स्कूल ऑफ बिजनेस में पढ़ाई कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बीच न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने गुरुवार को कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल घटना में किसी भी तरह का संदेह की संभावना नहीं दिखाई दे रही है।

### अमेरिका में विमान हादसा, घरों में लगी आग, कई लोगों की मौत

**क्लियरवॉटर।** फ्लोरिडा मोबाइल होम पार्क में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार को इस विमान हादसे में एक सवार शख्स और एक घर में कई लोगों की मौत हो गई। सिंगल-इंजन बीचक्राफ्ट बोनान्जा वी35 के पायलट ने शाम लगभग 7 बजे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ देर पहले समस्या की सूचना दी। अधिकारियों ने कहा, क्लियरवॉटर फायर चीफ स्कॉट एहलर्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विमान एक घर के ऊपर जा गिरा, जिससे तीन घरों में आग लग गई। हालांकि, आग पर तुरंत काबू पा लिया गया है। एहलर ने कहा, मारे गए लोगों की संख्या का पता नहीं है, लेकिन विमान में सवार एक शख्स और एक घर में कई लोग मारे गए।

## पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले कई शहरों में विस्फोट, 1 की मौत, कई घायल

# बम धमाकों से दहला बलूचिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले हुई हिंसा के कारण चिंता का माहौल है। चुनाव की तैयारियों में लगे अधिकारी बलूचिस्तान प्रांत में 10 बम धमाकों और ग्रेनेड हमलों से एक व्यक्ति की मौत हुई है। मीडिया के अनुसार, आम चुनावों से पहले बलूचिस्तान में बम विस्फोट और गोलीबारी सहित कई हमले हुए हैं, जिससे कई लोग हताहत हुए हैं और संपत्ति को नुकसान हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में बम विस्फोट की घटना सामने आई है, जिसमें सब्जाल रोड पर पुलिस चौकी के पास एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

धमाका करने वाले असामाजिक तत्वों ने कई पुलिस स्टेशनों और उपायुक्त कार्यालयों को निशाना बनाया। इसमें एक पुलिस अधिकारी, जेल वार्डन सहित छह लोगों के घायल होने की सूचना है। गुरुवार को हुए धमाकों में एक शख्स की मौत होने की भी सूचना है। क्वेटा के सीनियर पुलिस अधीक्षक (एसएसपी ऑपरेशंस) जवाद तारिक ने बताया कि क्वेटा के स्पिनी इलाके में चीन-पाकिस्तान आर्थिक सहयोग सड़क पर धमाका हुआ। प्रांतीय राजधानी के कई इलाकों में धमाकों की आवाज सुनी गई। एसएसपी जवाद तारिक ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने बलूचिस्तान के अलग-अलग जगहों पर धमाके किए। धमाकों की चपेट में आने से एक सहायक सब इंस्पेक्टर गुलाम रजा समेत कई लोग घायल हो गए। हमलावरों ने शालकोट पुलिस स्टेशन पर हथगोला फेंका। कैंपस में बम फटने के बाद थाने की इमारत और पार्किंग में खड़े कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।



### बड़ी संख्या में मतदान करें लोग: इमरान



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जेल में बंद हैं। उन्होंने आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले पीटीआई समर्थकों और पाकिस्तान की आवाम से कहा है कि उन्हें बड़ी संख्या में मतदान में हिस्सा लेकर चुनाव को सफल बनाना चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री ने दावा किया कि वे अमेरिकी दबाव को बेअसर साबित करने में सफल रहे। इमरान के मुताबिक पाकिस्तान में होने वाले आम चुनाव में जनता की भागीदारी 'वोट के हथियार' के रूप में सामने आएगी। उन्होंने कहा कि अगर उनकी जगह कोई दूसरा प्रधानमंत्री होता तो पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में अमेरिकी हस्तक्षेप को रोकने में सफल नहीं हो पाता।

### 90 हजार पोलिंग बूथों पर होगा मतदान

पाकिस्तान में आठ फरवरी को मतदान के दौरान संसद और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए जनप्रतिनिधियों का चुनाव होगा। देशभर में स्थानीय लोग अपने प्रतिनिधियों को चुनने के लिए 90,600 से अधिक पोलिंग बूथ पर वोट डालेंगे। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के मुताबिक देश के लगभग 128 मिलियन मतदाताओं के लिए 90675 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इन स्टेशनों पर 2,76,402 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। अगर आयोग कानून का पालन करने में सफल होता, तो देशभर में लगभग 1,07,000 और मतदान केंद्रों की स्थापना होती। प्रत्येक में चार मतदान केंद्र भी होते। हालांकि, अब आठ फरवरी को मतदान 4.28 लाख मतदान केंद्रों की बजाय 2.76 लाख केंद्रों पर ही होंगे।

## पूनम का शव कहां है किसी को जानकारी नहीं, निधन पर संशय



**मुंबई।** अपने बयानों से 2011 में चर्चा में आने वालीं अभिनेत्री-मॉडल पूनम पांडे की 32 साल की उम्र में सर्वाइकल कैंसर से मौत की खबर पर संशय बना हुआ है। अभिनेत्री की प्रचार टीम ने शुक्रवार को उनके निधन की सूचना दी, लेकिन उनकी मौत कब हुई, कहां हुई इस बारे में जानकारी नहीं दी गई।

पांडे अपने इस बयान से चर्चा में आई थीं कि अगर भारत 2011 का क्रिकेट विश्व कप जीतेगा, तो वह अपने कपड़े उतार देंगी। कई वेबसाइट को खंगालने और पूनम पांडे को जानने वाले लोगों से संपर्क करने के बावजूद उनके निधन के बारे में पुष्टि नहीं हो पाई। पांडे की प्रचार टीम से जुड़ीं पारुल ने कहा, पांडे का सर्वाइकल कैंसर के कारण कल रात निधन हो गया। चावला ने कहा कि उन्हें निधन के बारे में तब पता चला, जब पांडे की बहन ने उन्हें फोन किया। हालांकि, पांडे उत्तर प्रदेश के किस शहर से थीं या उनके परिवार के विवरण के बारे में चावला नहीं बता पाईं।

# चीनी सैनिकों से अकेले निपटने को मजबूर चरवाहे: जयराम

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ उन्होंने कहा लद्दाख में चीनी सैनिको से हुई तीखी कहासुनी

हाल ही में लद्दाख के चुशुल सेक्टर में भारतीय चरवाहों और चीनी सैनिकों के बीच हुई तीखी कहासुनी का एक वीडियो वायरल हो गया था। उसके बाद इस मामले में तूल पकड़ लिया। सोशल मीडिया में भारतीय चरवाहों की खूब वाहवाही हुई।

वहीं अब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव (संचार) एवं संसद सदस्य जयराम रमेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कई सवाल पूंछे हैं। क्या लद्दाख में भारत की जमीन पर हमारे चरवाहे, चीनी सैनिकों से अकेले निपटने को मजबूर हैं। जयराम रमेश ने पूंछा, क्या उन्हें (भारतीय चरवाहे), चीनी उत्पीड़न से बचाने के लिए कोई प्रयास किया गया है या वे आईटीबीपी के समर्थन के बिना खुद ही अपना बचाव करने को मजबूर हैं, जैसा कि वायरल वीडियो में दिख रहा है।

संसद सदस्य जयराम रमेश के मुताबिक, चुशुल सेक्टर में भारतीय चरवाहों को चरागाहों तक जाने से रोकने और उन्हें परेशान करते हुए चीन के सैनिक 'पीएलए' का एक वीडियो सामने आया था। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने बेहद हल्की प्रतिक्रिया दी है। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है, लेकिन मोदी सरकार से यही उम्मीद की जा सकती है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कथित तौर पर कहा है कि दोनों पक्ष पारंपरिक चरागाह क्षेत्रों से अवगत हैं और गतिरोध की किसी भी घटना से मौजूदा तंत्र के तहत निपटा जाता है। बतौर रमेश, यदि हम मौजूदा तंत्र की बात करें, तो हमने देखा है कि कैसे मोदी सरकार 18 दौर की सैन्य वार्ता के बावजूद, पिछले चार वर्षों से पूर्वी लद्दाख में हमारे सैनिकों और चरवाहों को 2,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तक जाने में रुकावट डाल रहे चीनियों को रोकने में विफल रही है। यह मामला सिर्फ विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के ही अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। सीमा प्रबंधन, केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

## महापौर चुनाव : पार्षद की याचिका पर तत्काल सुनवाई करेगा शीर्ष कोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चंडीगढ़ महापौर चुनाव से जुड़े मामले पर तत्काल सुनवाई की मांग वाली आम आदमी पार्टी के पार्षद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट गौर करने को सहमत हो गया।

याचिका में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने चंडीगढ़ के महापौर चुनाव फिर से कराने के पार्टी के आग्रह पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। महापौर पद के उम्मीदवार पार्षद कुलदीप कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इस मामले का जिक्र प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के सामने किया। पीठ ने कहा कि हम इसे सूचीबद्ध करेंगे और इस पर गौर करेंगे।

# खालिस्तानी आतंकी निज्जर के दोस्त के घर में हुई फायरिंग

ओटावा, एजेंसी

▸▸ कनाडा पुलिस ने कहा-घर में रात भर हुई गोलीबारी, मामले की जांच में जुटी है टीम

कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की हत्या के मामले में पुलिस जांच में जुटी है। वहीं अब कनाडा में निज्जर के दोस्त के घर पर गोलीबारी हुई है। पुलिस ने कहा है कि दक्षिण सरे के एक घर में रात भर फायरिंग हुई है।

पुलिस के अनुसार, गोलीबारी को लेकर जांच जारी है। वहीं, स्थानीय समुदाय के सदस्यों का कहना है कि यह घर हाल ही में मारे गए खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के दोस्त सिमरनजीत सिंह का है। ब्रिटिश कोलंबिया गुरुद्वारा परिषद के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह घर सिमरनजीत सिंह का है, जो निज्जर का दोस्त था, जिसकी जून में सरे में हत्या हो गई थी। इस हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद पैदा हो गया था। पुलिस ने कहा कि अधिकारी इलाके के पड़ोसियों और गवाहों से बात कर रहे हैं और गोलीबारी के बारे में और अधिक जानने के लिए सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा कर रहे हैं। हालांकि, इस गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ है।

स्थानीय मीडिया ने कहा इलाके में गोलियों से भारी मात्रा में क्षतिग्रस्त हुई एक कार मिली है, साथ ही घर में गोली लगने के कई निशान भी मिले हैं। बी.सी. गुरुद्वारा परिषद के प्रवक्ता मोनिंदर सिंह ने कहा कि समुदाय के सदस्यों का मानना है कि निज्जर के साथ संबंध होने के चलते वहां गोलीबारी हुई है। सितंबर में निज्जर की हत्या के बाद काफी बवाल हुआ था।

## वाहनों ने ओढ़ी बर्फ की चादर...







**शिमला :** मनाली और लाहुल स्पीति में बर्फबारी होते ही सोलंग नाला की प्रसिद्ध स्की ढलानों पर रौनक लौट आई है। हिमपात का दौर शुरू है, वहीं शिमला में वाहनों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली। सोलंग नाला में शक्रवार सुबह तक लगभग दो फुट बर्फ जम गई। पर्यटक भी सकी का आनंद उठाने के लिए सोलन नाला पहुंचे रहे हैं। लाहौल स्पीति में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मियों ने मार्ग पर जमी बर्फ को हटाकर यातायात के लिए खोल दिया है। बता दें, पहाड़ी हिस्सों में लंबे समय के बाद बर्फबारी का दौर शुरू हुआ है। ● एजेंसी

## सैनिकों की वापसी का मुद्दा भारत-मालदीव के बीच दूसरे कोर ग्रुप की हुई बैठक

**नई दिल्ली।** मालदीव के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत इस द्वीपीय देश में तीन विमानन प्लेटफॉर्म में अपने सैन्यकर्मियों को बदलेगा और इस प्रक्रिया का पहला चरण 10 मार्च तक पूरा किया जाएगा। मालदीव के विदेश मंत्रालय का यह बयान इस विवादास्पद मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच दूसरे दौर की बैठक के कुछ घंटे बाद आया।

शुक्रवार को दोनों देशों के दूसरे कोर समूह की बैठक दिल्ली में संपन्न हुई, जिसमें मुख्य रूप से मालदीव से भारतीय सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने के मुद्दे पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष मालदीव में भारतीय विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन जारी रखने के लिए कुछ परस्पर स्वीकार्य समाधान पर सहमत हुए। कॉप-28 शिखर सम्मेलन से इतर पीएम नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच हुई बैठक के बाद दोनों पक्षों ने कोर समूह गठित करने का निर्णय लिया था। पिछले महीने मुइज्जू ने भारत को 15 मार्च तक अपने सैन्य कर्मियों को उनके देश से वापस बुलाने कहा था।

# चुनाव में पिछड़ीं निक्की हेली बाइडन-ट्रंप को बताया खड़ूस

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ निक्की हेली ने अपने प्रचार अभियान में कहा- डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन गुस्सैल बुजुर्ग



अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दावेदार भारतीय मूल की निक्की हेली ने रिपब्लिकन पार्टी में अपने प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन की बढ़ती उम्र पर निशाना साधा है। निक्की हेली साउथ कैरोलिना में प्रचार में जुटी हैं, जहां 24 फरवरी को प्राइमरी चुनाव होंगे।

साउथ कैरोलिना, निक्की हेली का गढ़ है और वहीं से वे गवर्नर रही हैं। यही वजह है कि वह साउथ कैरोलिना में जोर-शोर से अपना चुनाव अभियान चला रही हैं।

निक्की हेली ने अपने प्रचार अभियान में डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन को गुस्सैल बुजुर्ग बताया है। हेली ने सोशल मीडिया पर भी एक तस्वीर साझा कर दोनों नेताओं की बढ़ती उम्र को निशाना बनाया है। जो बाइडन 81 साल के हैं और डोनाल्ड ट्रंप 77 साल के। हेली की प्रचार अभियान टीम ने बयान जारी कहा है कि ट्रंप कहते हैं कि वह 20 साल पहले जितने तेज थे, उससे ज्यादा अब दिमागी तौर पर तेज हैं, लेकिन अगर ऐसा है तो वे हेली से डिबेट क्यों नहीं कर रहे? इसकी वजह साफ है कि बुजुर्ग नेता मुश्किल सवालों के जवाब नहीं देना चाहते। निक्की हेली, साउथ कैरोलिना में ट्रंप से 26 पॉइंट पीछे चल रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी हेली, ट्रंप से 54 पॉइंट पीछे हैं।

## बहुभाषी भारत एक जीवंत परंपरा की थीम पर होगा विश्व पुस्तक मेला

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** पुस्तक प्रेमियों का महाकुंभ दिल्ली के प्रगति मैदान में 10 फरवरी से शुरू होने जा रहा है विश्व पुस्तक मेला का अतिथि देश सऊदी अरब होगा और मेले की थीम बहुभाषी भारत एक जीवित परंपरा रखी गई है।

हर वर्ष के बाद इस वर्ष भी नेशनल बुक ट्रस्ट प्रगति मैदान में विश्व पुस्तक मेला का आयोजन 10 से 18 फरवरी तक करने जा रहा है लेकिन इस बात मिले का स्वरूप काफी बड़ा कर दिया गया है करीब 45 हजार स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में सैकड़ो बुक स्टॉल लगाए जाएंगे। जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू के अलावा क्षेत्रीय एवं विदेशी भाषाओं के लेखकों की पुस्तकें भी बिक्री के लिए रखी जाएंगी। पुस्तक मेला में सऊदी अरब के कई लेखकों और साहित्यकारों को विशेष रूप से बुलाया गया है।

## सुनवाई | मेटा के सीईओ जुकरबर्ग ने सांसदों से कहा- हम अपने प्लेटफॉर्म को ज्यादा सुरक्षित बनाने की कर रहे कोशिश

# शोषित बच्चों के अभिभावकों से मार्क ने मांगी माफी

वाशिंगटन, एजेंसी

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने उन अभिभावकों से माफी मांगी है, जिन्होंने दावा किया था कि इंस्टाग्राम और फेसबुक ने उनके बच्चों को आत्महत्या के लिए उकसाया या फिर मानसिक या शारीरिक शोषण का जरिया बनी।

अमेरिकी संसद में इस मुद्दे पर हो रही सुनवाई में सांसदों ने जुकरबर्ग और अन्य सोशल मीडिया सीईओ से उनके प्लेटफॉर्म की सुरक्षा के बारे में सवाल पूंछे थे। जुकरबर्ग ने कहा, 'आप सभी जिन चीजों से गुजरे हैं, उसके लिए मुझे खेद है। यह भयानक है। वास्तव में किसी को इस हालात से नहीं गुजरना चाहिए जो आपके परिवारों ने झेली है।' सुनवाई के दौरान माता-पिता अपने बच्चों की तस्वीरें लेकर मौजूद थे। इस सुनवाई में मेटा के जुकरबर्ग के अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की लिंडा याकारिनो, टिकटोंक के शाऊ जी चीयू, स्नैप के इवान स्पेजेल और डिस्कोर्ड के जैशन सिट्रोन मौजूद थे। सुनवाई के दौरान जुकरबर्ग ने सांसदों से कहा- हम अपने प्लेटफॉर्म को ज्यादा सुरक्षित बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए 40 हजार पेशेवरों की नियुक्ति की है, जो फेसबुक और इंस्टाग्राम को ज्यादा सुरक्षित प्लेटफॉर्म बनाने में लगे हुए हैं। अमेरिका के 40 राज्यों ने मेटा को कठघरे में खड़ा किया था।



### 13 साल से कम उम्र के बच्चों को करना होगा बैन



सांसद कानून के जरिए सोशल मीडिया पर लगाम लगाना चाहते हैं। उनमें से एक कोसा (किड्स ऑनलाइन सेफ्टी एक्ट) है। इसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ऐसे एलगोरिद्म पर लगाम लगाना है, जो बच्चों को एंग्जाइटी और डिप्रेशन में ला देता हो। दूसरा इन कंपनियों को 13 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से पूरी तरह बैन करना होगा। अमेरिकी सांसद रिचर्ड ब्लूमेंथाल ने कहा- मार्क पाखंड कर रहे हैं।

### नहीं दिखेंगे आत्महत्या और इटिंग डिस्ऑर्डर जैसे पोस्ट

फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अब अजनबी किशोरों को सीधे मैसेज नहीं कर सकेंगे। 16 साल से कम उम्र के किशोर जिस ग्रुप में जुड़े हुए हैं या फॉलो करते हैं, उसी में मैसेज किए जा सकेंगे या ग्रुप चैट कर सकेंगे। जो पोस्ट आत्महत्या, खुद को नुकसान पहुंचाने या इटिंग डिस्ऑर्डर पर होंगे, नहीं दिखेंगे।

## यासीन मलिक को इलाज के लिए दिल्ली हाईकोर्ट ने दी अनुमति

**नई दिल्ली।** आतंकी यासीन मलिक ने हृदय और गुर्दे की बीमारियों के लिए उचित चिकित्सा उपचार के लिए एम्स ले जाने की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने अनुमति दे दी है।

सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार ने याचिका का विरोध किया। केंद्र सरकार ने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एम्स के चिकित्सकों ने जब मलिक को डायग्नोस करने की कोशिश की तो उसने इससे इनकार कर दिया। केंद्र ने कहा कि उम्र कैद की सजा काट रहे मलिक एक बेहद खतरनाक कैदी है और उसे इलाज जेल के अंदर ही मिलना चाहिए। केंद्र का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई 14 फरवरी तक के लिए स्थगित की। साथ ही मलिक की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता से कहा कि वे अपने मुवक्किल से निर्देश लें कि वह अपनी पसंद के डॉक्टर से इलाज चाहता है या एम्स के डाक्टरों से।